फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 209 प्रभात जयपुर, बुधवार 1 मार्च , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

ARBIT



A Work Of Art — Shamsher for me was similar to a matinee idol, its impact and presence can never fade.

PHYSICS: "Nothing" Doesn't Exist

LIFESTYLE: Transform Your Outdoor Space — There is no better time to enjoy your garden than the summer months



*जब आप अपने दोस्तों के साथ होते हैं तब कई बार आप अपना अनुभव यह कहकर साझा करना चाहते हैं, ''अरे वाह जरा उधर देखो।'' हाल ही में एक शोध से पता चला है कि चिम्पैंज़ी भी ऐसा करते हैं। अब तक यही माना जाता था कि यह व्यवहार सिर्फ इंसानों में होता है, पर, वैज्ञानिकों ने हाल ही में एक अवयस्क मादा चिम्पैंज़ी को अपनी मां को एक पत्ती दिखाते हुए देखा, मानो वो मां से कह रही हो, ''देखो पत्ती कितनी अच्छी है।'' अपने शोध में वैज्ञानिकों ने इसे ''डिक्लरेटिव रैफरैन्शियल जैस्चरिंग'' की संज्ञा दी है। जिसका अर्थ है, बिना किसी उद्देश्य के कोई चीज दिखाना, सिर्फ इसलिए कि, दूसरा उसे देख ले। उन्होंने यह घटना युगांडा के किबाले नैशनल पार्क की एनगोबो चिम्प कम्युनिटी में देखी थी। शोध की सहलेखक केटी स्लोकोम्ब, जो यू.के. की युनिवर्सिटी ऑफ यॉर्क में मनोविज्ञान की प्रोफेसर हैं, ने कहा ''महत्वपूर्ण बात यह है कि, चिम्पैंज़ी की बेटी, जिसका नाम फिओना है, अपनी मां से ऐसा कुछ नहीं चाहती थी कि वह पत्ती का कुछ करे, वह तो बस उसे पत्ती दिखाना चाहती थी, मानो कह रही हो, ''देखो-देखो यह कितनी अच्छी है, है ना?'' यह बिल्कुल इंसानी व्यवहार जैसा है। हम सोचते थे कि, यह सिर्फ इंसानों में ही मिलता है।'' चिम्पैंज़ी एक दूसरे को ''ग्रूम'' करते समय पेड़ों से पत्तियां तोड़ते हैं। आम धारणा है कि, एक दूसरे के शरीर से परजीवी कीट निकालते समय वो पत्ती का इस्तेमाल पैट्रीडिश (लैब में काम आने वाली कांच की कटोरी) की तरह करते हैं और उसमें कीट इकट्ठे करके उनका निरीक्षण करते हैं। स्लोकोम्ब ने कहा, जब फिओना अपनी मां को पत्ती दिखा रही थी तब उसकी मां की इसमें कोई दिलचस्पी नहीं थी, उसने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया, पर फिओना लगातार अपनी मां को पत्ती दिखाने की कोशिश करती रही और जब उसकी मां ने पत्ती की तरफ देख लिया, तब फिओना संतुष्ट नजर आई। यह शोध जंगल में या किसी भी अन्य जानवर में इस तरह के व्यवहार का पहला प्रमाण है। जो दिखाता है कि, चिम्पैंज़ी और शायद अन्य एप्स यह समझते हैं कि, दूसरे लोग भी वैसे ही जानकारी एकत्र करते हैं जैसे वो स्वयं करते हैं तथा इस जानकारी को वो साझा करना चाहते हैं।*

# 15 साल पुराने केस में लालू यादव व उनके परिवार के खिलाफ सम्मन जारी

## सी.बी.आई. ने एक बार 2021 में केस बंद करने का फैसला कर लिया था, क्योंकि ठोस व पुख्ता सबूत नहीं मिल रहे थे

- पर, गत अक्टूबर माह में सी.बी.आई. ने अचानक सक्रियता दिखाते हुए, एक नयी चार्जशीट पेश की, दिल्ली के कोर्ट में तथा न्यायालय ने लालू यादव, राबड़ी देवी सहित उनके परिवार के 14 सदस्यों को 15 मार्च को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होने के लिये सम्मन जारी किये।
- मामला 2004-2009 के अंतराल का है, जब लालू यादव रेल मंत्री थे।
- उन पर आरोप लगाया गया है कि, उन्होंने व उनके परिवार ने रेलवे के मुम्बई, जबलपुर, कोलकाता, जयपुर व हाजीपुर ज़ोन में कई आवेदकों से उपहार के रूप में जमीन प्राप्त कर ग्रुप डी की नियुक्तियाँ प्रदान कीं।
- इसके अलावा, इस प्रकरण में लालू यादव के परिवार ने पटना में 1,05,292 वर्ग फुट भूमि प्राप्त की। सी.बी.आई. ने दावा किया है कि, उसके पास इसके सबूत हैं।
- इस समय, जब लालू यादव की पार्टी भाजपा के खिलाफ महागठबंधन बनाकर, 2024 के लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है, सी.बी.आई. का अचानक सक्रिय होना सामान्य बात नहीं लग रही।

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 फरवरी। एक असामान्य संयोग के अन्तर्गत, सी.बी.आई., आर.जे.डी. प्रमुख लालू यादव और उनके परिवार के खिलाफ नये सिरे से हरकत मे आ गई है। सी.बी.आई. इस काम में ऐसे समय जुटी है, जब बिहार की महागठबंधन सरकार में शामिल सात मित्र दल अगले साल होने वाले संसदीय चुनावों में भाजपा को हराने की रणनीतियाँ बना रहे हैं।

सी.बी.आई. द्वारा ''लैंड फॉर जॉब्स'' घोटाले में आर.जे.डी. के इस शीर्ष परिवार के खिलाफ पेश की गई नई चार्ज शीट के बाद, दिल्ली की एक अदालत ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद तथा राबड़ी देवी एवं मीसा भारती सहित उनके 14 परिजनों के खिलाफ सम्मन जारी कर दिये हैं। दिल्ली के राउज़ अवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज गीतांजलि गोयल ने आरोपियों के खिलाफ सम्मन जारी करके, उनसे 15 मार्च को अदालत में उपस्थित होने के लिये कहा है। पिछले वर्ष अक्टूबर में पेश की गई एक चार्ज शीट में, सी.बी.आई. ने आरोप लगाया था कि लालू प्रसाद 2004 से 2009 के बीच जब रेल मंत्री थे, तो रेलवे में नौकरी पाने के इच्छुक लोगों ने लालू प्रसाद तथा उनके परिजनों के उपहार में जमीन के विभिन्न पार्सल दिये थे।

प्रसंगवश बता दें कि ठोस साक्ष्यों के अभाव में, सी.बी.आई. ने 2021 में प्रसाद तथा उनके परिजनों के खिलाफ अपना यह केस बंद कर दिया था लेकिन इस जाँच एजेंसी ने गत वर्ष अक्टूबर में इस प्रकरण को फिर से खोल लिया। इस केस को फिर से खोले जाने से पहले, सी.बी.आई. ने गत वर्ष जुलाई में प्रसाद के मुख्य सहायक मोला यादव को गिरफ्तार कर लिया था। मोला यादव प्रसाद के रेल-मंत्रित्वकाल में उनके ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी हुआ करते थे। अपनी एफ.आई.आर. में, सी.बी.आई. ने आरोप लगाया था कि बहुत से लोगों को रेलवे के विभिन्न ज़ोनों- मुम्बई, जबलपुर, कोलकाता, जयपुर तथा हाजीपुर में ग्रुप डी की नौकरियाँ दी गई थीं। इन नौकरियों के बदले में, नौकरी चाहने वालों ने कथित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

# पंजाब के राज्यपाल व मु.मंत्री की खूब ठनी वि.सभा सत्र के मुद्दे पर

## मु.मंत्री ने तीन मार्च से विधानसभा का सत्र आहूत करने के लिये राज्यपाल को पत्र लिखा

- राज्यपाल ने कहा कि, सत्र आहूत करने से पहले, वे कानूनी राय लेना चाहते हैं, अपमानजनक व आपत्तिजनक टिप्पणियों के बारे में, जो मु.मंत्री ने की हैं।
- मु.मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दर्ज की, इस मुद्दे पर।
- पर अन्ततोगत्वा सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करने की जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि सुनवायी के ठीक पहले राज्यपाल ने सत्र आहूत करने का निर्णय ले लिया।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 फरवरी। पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित के साथ चल रही खींचतान के बीच मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को सुप्रीम कोई का दरवाजा खटखटाया। खींचतान का कारण यह रहा कि राज्यपाल ने आगामी 3 मार्च को विधानसभा का बजट सत्र आहूत करने से इन्कार कर दिया था।

सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी चीफ जस्टिस डी.वाय. चन्द्रचूड़ और जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा की एक बैंच के समक्ष मान का प्रतिनिधित्व करते हुए उसे त्वरित सुनवाई के लिए बाध्य किया। हालांकि यह मुद्दा तब बेअसर हो गया जब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बैंच को बताया कि राज्यपाल सत्र की शुरूआत 3 मार्च से करने पर सहमत हो गए हैं।

सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने पंजाब सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए बैंच में इस मामले को मैंशन किया और इस पर त्वरित सुनवाई किए जाने की मांग की।

सिंघवी ने तर्क दिया कि राज्यपाल का कहना है कि, चूंकि मुख्यमंत्री ने असंदर्भित मसलों पर कुछ टिप्पणियां की है, इसलिए वे सत्र आहूत नहीं फरेंगे। शीर्ष अदालत ने इसके बाद मामले को मंगलवार को ही दोपहर 3:50 बजे सुनवाई के लिए नियत कर लिया। राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा लिखे गए ''अपमानजनक एवं स्पष्ट रूप से असंवैधानिक ट्वीट्स व पत्र'' पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 फरवरी। सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की उस याचिका पर विचार करने से इंकार कर दिया, जो दिल्ली सरकार के शराब घोटाले के सिलसिले में रविवार को

- सी.बी.आई. द्वारा की गई गिरफ्तारी के खिलाफ सिसोदिया ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को सुनने से मना कर दिया और कहा, पहले दिल्ली हाई कोर्ट जाइए।

सी.बी.आई. द्वारा की गई उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ दायर की गई थी। सर्वोच्च न्यायालय ने सिसोदिया से कहा कि वे जमानत के लिये उच्च न्यायालय जायें।

मुख्य न्यायाधीश डी.वाय. चन्द्रचूड़ इस केस की सुनवाई करना

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तेलंगाना के भाजपा नेताओं को दिल्ली बुलाया हाई कमान ने

## तेलंगाना के चुनाव की रणनीति व कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई

- बैठक बुलाने में इतनी तत्परता इसलिये दिखायी गयी, क्योंकि काफी चर्चा है कि, मु.मंत्री चन्द्रशेखर राव समय से पहले चुनाव करवाने की तैयारी कर रहे हैं।
- बहरहाल भाजपा को दक्षिण भारत में कर्नाटक के बाद, तेलंगाना से अच्छे नतीजों की आशा है चुनाव में।
- भाजपा की रणनीति के अनुसार पार्टी तेलंगाना में मु.मंत्री व उनके परिवार के वित्तीय घोटालों पर आक्रामक रूख रखेगी।
- जैसी कि चर्चा में है, मु.मंत्री की पुत्री कविता की कुछ भूमिका है, दिल्ली सरकार के ''लिकर काण्ड'' में।

-लक्ष्मण वेंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 फरवरी। भाजपा की तेलंगाना योजना की विस्तृत रूपरेखा के अनुसार भाजपा का सारा फोकस राज्य के भ्रष्टाचार व कुशासन पर हमले का रहेगा। मंगलवार तेलंगाना के स्थानीय नेताओं के बयानों तथा पार्टी के हैदराबाद के नेताओं तथा शीर्ष केन्द्रीय नेतृत्व- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा- की बैठक से यह बात उभर कर आई है। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव चुनाव निर्धारित समय से पहले करा सकते हैं। पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व ने तेलंगाना के पार्टी नेताओं से कहा है कि वे जमीनी स्थिति की गहन समीक्षा करें तथा विधानसभा चुनावों के लिये पार्टी की रणनीति तैयार करें।

मंगलवार को दिल्ली में हुई महत्वपूर्ण मीटिंग के लिये आवश्यक जानकारी देने वाले नेताओं में शामिल हैं- तेलंगाना के भाजपा अध्यक्ष बन्डी संजय, राज्य-प्रभारी तरुण चुग, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी.के. अरुणा, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल, निज़ामाबाद सांसद अरविन्द धरमपुरी, सुधाकर रेड्डी- तमिलनाडु के सह-प्रभारी, के. लक्ष्मण तथा केन्द्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी। मीटिंग में उभर कर आई एक बड़ी सर्वसम्मत राय यह थी कि पार्टी मुख्यमंत्री के परिवार को निशाना बनायेगी तथा उसे दिल्ली के शराब-घोटाले से जोड़ेगी, जिसमें के.सी.आर. की पुत्री का एक सहयोगी गिरफ्तार हो चुका है।

हैदराबाद में धीमे स्वरों में ऐसी चर्चा है कि कविता भी गिरफ्तार हो सकती है। इस चर्चा को फैलाने वाले भाजपा के छुटभइये पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हैं। सूत्रों ने कहा कि ई.डी. की चार्जशीट के अनुसार, कविता के नाम

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राजस्थान में नैटबंदी पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 फरवरी। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें मांग की गई है कि जयपुर व राजस्थान के अन्य जिलों में राजस्थान डायरैक्ट स्कूल

- राजस्थान में जयपुर व अन्य जिलों, जहां शिक्षक भर्ती परीक्षा हो रही है, में इन्टरनैट सेवा बंद किए जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में मांग की गई है कि, सुप्रीम कोर्ट इस बारे में गाइड लाइन्स बनाए।

टीचर रिक्रूटमैन्ट एग्ज़ाम में इंटरनैट सेवाओं को हाल ही निलम्बित किये जाने को लेकर इंटरनैट शट डाउन के व्यावहारिक क्रियान्वयन की गाइडलाइन्स को लागू किया जाए।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पाकिस्तान ने नगण्य प्रगति की, ''एंटी टैररिस्ट'' गतिविधियों को रोकने के प्रयास में

## अमेरिका के विदेश मंत्रालय को हर साल उन चुनिंदा देशों की, (जिनमें पाकिस्तान भी शामिल है) इस संदर्भ में किये गये प्रयासों के बारे में एक रिपोर्ट पेश करना अनिवार्य है

- 2021 में आतंकवाद की स्थिति पर पेश रिपोर्ट में अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि, पाकिस्तान ने लिखित में वादा किया था कि, बिना किसी विलम्ब के आतंकवादी संगठनों के ठिकानों व शिविरों को खत्म कर देगा। पर, इस वादे की पूर्ति की दिशा में नगण्य प्रगति हुई है।
- पाकिस्तान में वर्ष 2020 की तुलना में सन् 2021 में ज्यादा आतंकवादी घटनाएं हुईं।

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 फरवरी। पाकिस्तान द्वारा आतंकी संगठनों पर किए गए वायदे पर कोई खास प्रगति नही करने के लिए अमेरिका ने उसकी भर्त्सना की है। पाकिस्तान ने प्रतिज्ञा की थी कि वह अपने देश में मौजूद सभी आतंकवादी संगठनों का बिना किसी विलम्ब और भेदभाव के सफाया कर देगा। यह जानकारी यू.एस. ब्यूरो ऑफ काउन्टर टैररिज़्म की ''कंट्री रिपोर्ट्स ऑन टैररिज़्म 2021: पाकिस्तान'' में दी गई है।

अमेरिका के कानून के अनुसार विदेश मंत्री को प्रत्येक वर्ष 30 अप्रैल को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होती है, जिसमें आतंकवाद को लेकर उन देशों और ग्रुप्स की पूरी रिपोर्ट तैयार की जाती है, जिन्होंने विधान में तय मापदण्ड को पूरा किया है या नहीं।

पाकिस्तान में वर्ष 2020 की तुलना में वर्ष 2021 में आतंकवादी गतिविधियां अधिक रहीं, जिसमें हमलों और मृतकों का आंकड़ा काफी अधिक रहा। रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तान में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने में शामिल प्रमुख गुटों में तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टी.टी.पी.), बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बी.एल.ए. और आई.एस.आई.एस के शमिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान ने आतंकवाद का मुकाबला करने के अपने वर्ष 2015 के नैशनल एक्शन प्लान (एन.ए.पी.) की पुनर्समीक्षा की और इसे 20 पॉइन्ट प्लान से घटाकर ''14 की पॉइन्टस'' पर केन्द्रित कर दिया, लेकिन उसने प्रमुख पहलुओं पर बहुत ही कम प्रगति की है, खासतौर पर अपने इस प्रण पर कि वह सभी आतंकवादी संगठनों का बिना किसी विलम्ब और भेदभाव के सफाया कर देगा। रिपोर्ट में बताया गया है कि पाकिस्तान के बलूचिस्तान और सिंध प्रांतों में अलगाववादी उग्रवादी गुटों द्वारा विभिन्न चुनिंदा ठिकानों पर आतंकवादी हमले किए गए। आतंकवादियों ने इन हमलों में कई तरकीबों का इस्तेमाल किया, जिसमें

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'जम्मू को डोगरास्तान बनाया जाए'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 फरवरी। अंकित लव (39), जो स्व. भीम सिंह द्वारा

- पैंथर्स पार्टी के मुख्य संरक्षक अंकित लव ने मांग की है कि, जम्मू को डोगरास्तान के रूप में भारत का 29वां राज्य घोषित किया जाए।

बनाई गई जम्मू-कश्मीर नैशनल पैंथर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

जागृवी
सख्त मल (कब्ज) व पेट की परेशानियों का आयुर्वेदिक उपचार



www.jagraviherbal.com



## विचार बिन्दु

जिस प्रकार थोड़ी-सी वायु से आग भड़क उठती है, उसी प्रकार थोड़ी-सी मेहनत से किस्मत चमक उठती है। –अज्ञात

# सेवा क्षेत्र के बाद अब कल-कारखानों को बढ़ाने पर ध्यान देना होगा

इसमें कोई शक नहीं कि बावजूद कोविड महामारी के लॉकडाउन और फिर रूस-यूक्रेन युद्ध से उपजे अंतर्राष्ट्रीय झंझावातों से भारतीय अर्थव्यवस्था कई अन्य देशों के मुक़ाबले बेहतर तरीके से संभली रह सकी है। उसके शीघ्र ही पांच ट्रिलियन वाली अर्थव्यवस्था हो जाने की बात जब कही जाती है तो वह अब कपोल कल्पना नहीं लगती। अभी भारतीय अर्थव्यवस्था जिस मुकाम पर है वह सेवा क्षेत्र के बल-बूते पर है। लेकिन आगे ऊंची छलांग लगाने के लिए केवल सेवा क्षेत्र पर्याप्त नहीं है। इसके लिये देश में उत्पादन क्षेत्र (मेन्युफैक्चरिंग) का आधार बनना भी बहुत महत्वपूर्ण है जिसमें उद्यमियों की पहल जरूरी है। सरकार को उनकी पहल के लिए रास्ता आसान करना होगा। विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में कॉर्पोरेट जगत से दो टूक कहा कि वे अपनी इस जिम्मेवारी से भागें नहीं। ऐसे वित्तीय विशेषज्ञों से जयशंकर उचित ही सहमत नहीं हैं जो सेवाओं पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की पैरोकारी करते हैं।

वर्तमान में देश की असली शक्ति उसकी युवा आबादी है और उसके लिए रोजगार के साधनों के विस्तार की बड़ी प्राथमिकता किसी भी सरकार की होनी चाहिए ताकि ये युवा अर्थव्यवस्था में सक्रिय भागीदारी निभा सकें जिससे देश की संपत्ति बढ़े और उसमें उनका भी बराबरी का हिस्सा हो। मगर यह बात भी समझ में आनी जरूरी है कि सरकारी नौकरियां और सेवा क्षेत्र यह महत्वाकांक्षा पूरी नहीं कर सकते। सरकारी नौकरियों के प्रति आमजन के स्वाभाविक झुकाव का लंबा इतिहास रहा है। भ्रष्टाचार भी इसी तंत्र से जन्मता है। काम न करने की संस्कृति भी इसी तंत्र की देन है। यही तंत्र जनहित के नाम पर ऐसी बाधाएं खड़ी करता है जिनसे वे साधन आसानी से तैयार नहीं हो पाते जो हमारे यहां देश की युवा पीढ़ी के हाथों को काम देने की आवश्यकता पूरी कर सकें। रोजगार के लिये राज्य पर निर्भरता सामंती और ब्रितानवी उपनिवेश की देन है। सबको रोजगार राज्य खुद दे, यानी सबको सरकारी नौकरियां मिले, यह आकांक्षा भारतीय जनमानस में गहरे तक बैठी हुई है। पुरानी भारतीय अर्थव्यवस्था जो पहले कभी स्थानीय उत्पादों के आधार पर या कहें ग्रामीण कुटीर उद्योग पर टिकी थी वह इस कारण समाप्त हो गई क्योंकि उसे सरकारी नौकरी से बेहतर नहीं समझा गया।

छोटी-छोटी सामंती रियासतों के प्रभुत्व के चलते कोई अखिल भारतीय सत्ता का ऐसा तंत्र भी नहीं बन पाया जिसमें बड़े कारखाने हों, वृहद उत्पाद हो और जिसके वितरण का सुनिश्चित तंत्र और बाज़ार बन सके। वृहद उत्पादन का क्षेत्र सिर्फ कृषि का था जिस पर देश की अधिकतर आबादी निर्भर करती थी। अंग्रेजों के राज में सब जानते हैं कि देशी उत्पादन क्षेत्र को कभी तवज्जो नहीं दी गई। भारत से कच्चा माल बाहर जाता रहा और ब्रिटेन के कल-कारखाने फलते फूलते रहे, वहां के लोगों को रोजगार मिलता रहा और वे हिन्दुस्तानी लोगों की कीमत पर फलते-फूलते रहे। बड़े पैमाने पर बना माल वहां से यहां आता रहा। इसीलिए यह जुमला बना कि इस देश में सुई भी नहीं बनती थी। देशी उत्पादन की व्यवस्था के अभाव में दलाली का कारोबार ही परवान चढ़ता रहा, जो कुछ हाथों तक ही केंद्रित हो सकता था। मगर आज भी देश की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा सेवा क्षेत्र ही है। नये आंकड़े बताते हैं कि देश के सकल उत्पाद में कृषि क्षेत्र जो शीर्ष पर था उसकी जगह अब सेवा क्षेत्र ने ले ली है। वर्ष 2021 में कृषि की जीडीपी में भागीदारी 16.82 प्रतिशत रह गई। किन्तु उस पर देश की करीब 40 प्रतिशत आबादी अब भी अपनी आजीविका के लिए निर्भर करती है। यह अवहनीय है। इस आबादी को दूसरे क्षेत्र में काम करने योग्य बनाने की इस समय सबसे बड़ी जरूरत है। वह औद्योगिक उत्पादन का क्षेत्र ही हो सकता है जिसका योगदान अभी देश की जीडीपी में 26 प्रतिशत ही है।

**देश ऊंची छलांग लगाने के लिए तैयार है मगर गरीबी को समाप्त करने और चीन के सामने मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में उभरने के लिए उसे एक महान उत्पादक (मेन्युफैक्चरिंग) क्षमता हासिल करनी होगी। विश्व बैंक का अनुमान है कि 2021 में भारत में 14 या उससे कम उम्र के 360 मिलियन से अधिक बच्चे थे, चीन से 112 मिलियन अधिक। यह युवा आबादी हमारी ताकत है।**

पूरे आधुनिक इतिहास में औद्योगिक विकास विश्व राजनीति का महत्वपूर्ण चालक रहा है। औद्योगिक क्षेत्र में शुरुआती बढ़त ने ही ब्रिटेन को 19वीं सदी में दुनिया का नेता बनाया था। बाकी यूरोप और पश्चिमी शक्तियां भी इसी राह पर चलते हुए पूरी दुनिया पर हावी होने में कामयाब रहीं। इधर जापान की प्रारंभिक औद्योगिक सफलता ने उसे भी 19वीं शताब्दी के अंत तक एशिया की सबसे बड़ी शक्ति बना दिया था। हम जानते हैं कि उन्नीसवीं शताब्दी में पश्चिम का दुनिया पर वर्चस्व कल-कारखानों और रेलमार्गों से बढ़ा। अंग्रेजी काल में रेलमार्ग इसलिये बने कि यहां का कच्चा माल उनके कारखानों तक आसानी से और तेजी से पहुंच सके। पश्चिम का प्रभुत्व चीन के माओ त्से तुंग ने कल-कारखानों से ही तोड़ा। ताइवान और दक्षिण कोरिया भी अपने मेन्युफैक्चरिंग उद्योगों से ही अपनी धाक जमाए हुए हैं। इससे पहले जापान भी यह करके दिखा चुका है। आज़ादी के बाद हिंदुस्तान में कारखाने लगने लगे मगर राज्य के हस्तक्षेप ने भ्रष्टाचार का ऐसा सामंती तंत्र खड़ा कर दिया जिससे हम अब भी नहीं उबर पा रहे हैं। विश्व बाजार के लिए मेन्युफैक्चरिंग भारत का मजबूत पक्ष नहीं रहा है।

जर्जर बुनियादी ढांचे, महंगी और अविश्वसनीय बिजली, जटिल श्रम और भूमि कानून, और निराशाजनक नौकरशाही ने भारत को एशिया में औद्योगीकरण की दौड़ में पीछे बनाये रखा। इस दौड़ में जापान, दक्षिण कोरिया, ताईवान, सिंगापुर, वियतनाम और चीन सभी भारत से आगे निकल गए। भारतीय और चीनी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना के आंकड़े देखना दिलचस्प होगा। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 1980 में भारत का सकल घरेलू उत्पाद चीन का 64 प्रतिशत था। जब 2001 में चीन विश्व व्यापार संगठन में शामिल हुआ, तब तक भारत की अर्थव्यवस्था चीन की तुलना में केवल 28 प्रतिशत रह गई। 21वीं सदी में कई वर्षों के तीव्र विकास के बावजूद, 2021 तक भारत की अर्थव्यवस्था और भी पिछड़ गई और चीनी अर्थव्यवस्था के केवल 17 प्रतिशत के बराबर रह गई। दूसरी तरफ भारत ने आबादी में चीन के साथ बराबरी कर ली। भले ही अब भारत में एक विश्व स्तरीय आईटी उद्योग खड़ा हो गया है, मगर वह उस तरह के उद्यम के रूप में नहीं उभरा है जो एशिया और उसके बाहर आर्थिक क्षेत्र में भारत को चीन के मुकाबले मजबूत कर सके। यदि भारत की अर्थव्यवस्था ने पिछले 40 वर्षों में चीन जैसी गति बनाए रखी होती, तो वर्तमान में भारत का सकल घरेलू उत्पाद 2.73 ट्रिलियन डॉलर के बजाय 10 ट्रिलियन डॉलर का होता। मगर ऐसा हो न सका।

भारत में बड़ा औद्योगिक आधार नहीं बन सका और समाजवादी दौर में सरकारी नियंत्रण, वामपंथी श्रम संगठनों के दबाव में कल-कारखाने पनपने की जगह ढहते ही चले गये। लेकिन अब नये हालात में देश की अर्थव्यवस्था का राजनैतिक नेतृत्व करने वालों की वैचारिक प्रतिबद्धता खुले बाज़ार, निजीकरण और उद्योग जगत में सरकार के कम से कम दखल की रही है जिससे नियंत्रित मगर खुले बाज़ार की आगे की राह आसान होनी चाहिए। विश्व स्तर की सूचना प्रौद्योगिकी का विकास भारत की अब तक की महान आर्थिक उपलब्धि रही है।

भारत के तकनीकी क्षेत्र में उदय ने एक उभरते हुए भारतीय मध्यम वर्ग के विस्तार में मदद की है। मगर अकेला परिवर्तनकारी आईटी क्षेत्र का विकास ही पर्याप्त नहीं है। भारत को इससे अधिक की आवश्यकता है। उसे उत्पादन करने वाले कल-कारखानों तथा ढांचागत विकास के कामों पर ऊंची छलांग लगाने की जरूरत है जिसकी तरफ विदेश मंत्री इंगित कर रहे हैं।

देश ऊंची छलांग लगाने के लिए तैयार है मगर गरीबी को समाप्त करने और चीन के सामने मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में उभरने के लिए उसे एक महान उत्पादक (मेन्युफैक्चरिंग) क्षमता हासिल करनी होगी। विश्व बैंक का अनुमान है कि 2021 में भारत में 14 या उससे कम उम्र के 360 मिलियन से अधिक बच्चे थे, चीन से 112 मिलियन अधिक। यह युवा आबादी हमारी ताकत है। आईटी आधारित सेवा क्षेत्र युवाओं के केवल एक अंश को रोजगार प्रदान कर सकता है। उन करोड़ों भारतीय कामगारों श्रमिकों के लिए, जो अंग्रेजी नहीं बोलते हैं और गणित का सीमित कौशल रखते हैं, कल-कारखाने ही उन्हें अर्थव्यवस्था में सक्रिय भागीदार बना कर गरीबी से बाहर निकालने के साधन बन सकते हैं। बढ़ते सैन्य खर्च के साथ ही बड़े आकार की अर्थव्यवस्था बनाना भारतीयों के लिए संभव है। ऐसा भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन के खतरे से बचने के लिए भी जरूरी है। अगर भारत और चीन के बीच की आर्थिक खाई कम होने लगेगी, तो एशिया में शक्ति संतुलन भी बदलना शुरू हो जाएगा, और चीन को अपनी क्षेत्रीय और विश्व राजनीति के प्रति अपने दृष्टिकोण पर पुनर्विचार करने पर मजबूर होना पड़ सकता है। नई वैश्विक परिस्थितियों में चीनी महत्वाकांक्षाओं और शक्ति को नियंत्रण में रखने के लिए अमेरिका को भारत के साथ झक मार कर काम करना पड़ रहा है।

बड़ी तस्वीर यह भी है कि अमेरिका को बड़े होने के अपने परंपरागत अहंकार से निकल कर उसे भारत उसकी शर्तों पर स्वीकार करना पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय और घरेलू कारक ऐसे बन रहे हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था को ऊंची छलांग लगाने का अवसर मिल रहा है। हालात ऐसे बन रहे हैं कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्पादनकर्ता चीन पर अपनी निर्भरता कम करने पर विचार कर रहे हैं। सरकार को युवाओं की गुणवत्ता वाली कौशल शिक्षा पर ध्यान दे, कल-कारखानों को बढ़ावा दे और नियामक सुधारों के साथ राजमार्गों, रेलमार्गों और बंदरगाहों में निवेश को प्रोत्साहित करे तो भारत के प्रत्येक युवा के हाथ को काम मिलना संभव हो सकता है।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक**

# आज बिरज में होरी रे रसिया... बेजोड़ है ब्रज की होली



**प्रकाश चंद्र शर्मा**

दुनिया में होली सिर्फ एक दिन मनाई जाती है, लेकिन ब्रज में फाल्गुन आते ही हवा में अबीर, गुलाल उड़ने लगते हैं। चालीस दिनों तक चलने वाले ब्रज के होली महोत्सव का शंखनाद बसंत पंचमी से शुरू हो जाता है। वसंत पंचमी यानि सरस्वती पूजन के दिन भगवान श्रीकृष्ण अपने भक्तों संग वृंदावन में होली खेलते हैं। ब्रज में इस दिन मंदिरो में ठाकुरजी को गुलाल अर्पण कर भक्तों पर भी प्रसाद के रूप में गुलाल डाला जाता है। ब्रज में होली महोत्सव का आनंद लेने के लिए देश दुनिया के श्रद्धालु पहुंचने लगे हैं।

बसंत पंचमी के दिन से ही मथुरा-वृंदावन ब्रज मंडल में भव्य रंगोत्सव प्रारंभ हो जाता है। रंगोत्सव के तहत इस बार बरसाना में लट्ठमार होली 28 फरवरी को होने वाली है और वहीं, नंदगांव में ये लट्ठमार होली 1 मार्च को खेली जाएगी। देश विदेश में विख्यात ब्रज की होली में समाज गायन विशेष स्थान रखता है, जिसमें होली गीत और पदगायन की एक अनूठी परंपरा है। ब्रज में होली मनाने देश विदेश से लोग आते हैं। अगर आप भी ब्रज की होली के रंग में रंगना चाहते हैं तो ब्रज भूमि की ओर चले आए। हम आपको बता दे कि कृष्ण धाम की होली का पूरा कार्यक्रम इस प्रकार है।

रमणरेती आश्रम में फूलो और गुलाल की होली होती है। इसमें टेसूके फूलों और गुलाल से होली खेली जाती है। वास्तव में यह दृश्य बांकेबिहारी की भक्ति लीन कर देता है। रमणरेती आश्रम में होली का आयोजन 27 फरवरी से शुरू होगा। वही श्री द्वारिकाधीश और बिहारीजी मंदिर में होली 2 मार्च को होगी।

ये है ब्रज की होली के प्रमुख कार्यक्रम

– 27 फरवरी को नंदगांव में फाग आमंत्रण महोत्सव और बरसाना में लड्डू होली।

– बरसाना में 28 फरवरी को होगी लट्ठमार होली।

– नंदगांव में लट्ठमार होली 1 मार्च को होगी।

– श्रीकृष्ण जन्मभूमि और श्री द्वारिकाधीश और बिहारीजी मंदिर में होली 3 मार्च को होगी लट्ठमार होली।

– गोकुल में छड़ी मार होली 4 मार्च को खेली जाएगी।

मथुरा के बरसाना में लड्डू होली बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। यह बरसाना की लठ्ठमार होली से एक दिन पहले मनाई जाती है। 1 मार्च को नंदगांव में फाग आमंत्रण महोत्सव और बरसाना में लड्डू होली होगी। इस दिन नंदगांव के लोग बरसाना जाकर लठ्ठमार होली खेलते हैं। वहीं दशमी के दिन यानि अगले दिन बरसाने के ग्वाला नंदगांव लठ्ठमार होली खेलने के लिए आते हैं। इस बार बरसाना में 28 फरवरी को और नंदगांव में 1 मार्च को लट्ठमार होली होगी।

**श्रीकृष्ण जन्मस्थान मे होली**

रंगभरनी एकादशी के दिन श्रीकृष्ण जन्मस्थान द्वारकाधीश में होली मनाई जाती है। इस दिन ब्रज में देश विदेश से आए भक्तों के साथ पूरा मथुरा होली के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए एकत्रित होता है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि और श्री द्वारिकाधीश और बिहारीजी मंदिर में होली 3 मार्च को होगी।

**गोकुल में छड़ी मार हुरंगा होली**

भगवान श्रीकृष्ण जी के गांव गोकुल में खेली जाएगी। इसके बाद दाऊजी का हुरंगा होगा। दाऊ जी का हुरंगा दाऊजी मंदिर में आयोजित किया जाता है। दाऊजी का हुरंगा होली भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलदेव पर केंद्रित है।

होली की एक अलग ही उमंग और मस्ती होती है, जो अनायास ही लोगों के दिलों में गुदगुदी व रोमांच भर देती है। खेतों में गेहूं-चने की फसल पकने लगती है। जंगलों में महुए की गंध मादकता भर देती है। कहीं आम की मंजरियों की महक वातावरण को बासंती हवा के साथ उल्लास भरती है, तो कहीं पलाश दिल को हर लेता है। ऐसे में फागुन मास की निराली हवा में लोक-संस्कृति परंपरागत परिधानों में आंतरिक प्रेमानुभूति के सुसज्जित होकर चारों ओर मस्ती व भांग का आलम बिखेरती है जिससे लोग जिंदगी के दुख-दर्द भूलकर रंगों में डूब जाते हैं।

हमारे देश के गांव-गांव में ढोलक पर थाप पड़ने लगती है, झांझों की झंकार खनखना उठती है और लोकगीतों के स्वर समूचे वातावरण को मादक बना देते हैं। आज भी ब्रज की तरह गांवों व शहरों के नर-नारी व बालक-वृद्ध सभी एकत्रित होकर खाते-पीते व गाते हैं और मस्ती में नाचते हैं।



राधा-कृष्ण की रासस्थली सहित चौरासी कोस की ब्रजभूमि के अपने तेवर होते हैं जिसकी झलक गीतों में इस तरह फूट पड़ते को आतुर है, जहां युवक-युवतियों में पारंपरिक प्रेमाकंठ के उदय होने की प्राचीन पराकाष्ठा परिष्कृत रूप से कूक उठती है।

जो इस प्रकार है–

**आज विरज में होली रे रसिया,**
**होली रे रसिया बरजोरी रे रसिया,**
**कहूं बहुत कहूं थोरी रे रसिया,**
**आज विरज में होली रे रसिया।**

नटखट कृष्ण होली में अपनी ही चलाते हैं। गोपियों का रास्ता रोके खड़े होना उनकी फितरत है, तभी जी भरकर फाग खेलने की उन जैसी उच्छृखंलता कहीं देखने को नहीं मिलती। उनकी करामाती हरकतों से गोपियां समर्पित हो जाती हैं और वे अपनी बेवशी घूंघट काढ़ने की शर्म-हया को बरकरार रखे मनमोहन के चितवन को एक नजर देखने की हसरत लिए जतलाती हैं कि सच, मैं अपने भाई की सौगंध खाकर कहती हूं कि मैं तुम्हें देखने से रही। इसलिए उलाहना करते हुए कहती हैं कि–

**भावै तुम्हें सो करौ सोहि लालन,**
**पाव पडौ जनि घूंघट टारौ,**
**वीर की सौ तुम्हें देखि है कैसे,**
**अबीर तो आंख बचाय के डारौ।**

जब कभी होली खेलते हुए कान्हा कहीं छिप जाते हैं तब गोपियां व्याकुल हो उन्हें ढूंढती हैं। उनके लिए कृष्ण उस अमोल रत्न की तरह हैं, जो लाखों में एक होता है। वे कृष्ण के मन ही नहीं, अपितु अंगों की सहज संवेदनाओं से भी चिर-परिचित हैं तभी उनके अंग स्पर्श के अनुभव को तारण करते हुए उपमा देती हैं कि उनके अंग माखन की लुगदी से भी ज्यादा कोमल हैं–

**अपने प्रभु को हम ढूंढ लियो,**
**जैसे लाल अमोलक लाखन में,**
**प्रभु के अंग की नरमी है जिती,**
**नरमी नहीं ऐसी माखन में।**

वे कृष्ण को एक नजरभर के लिए भी अपने से अलग रखने की कल्पना नहीं करतीं। यदि वे नजरों के आगे नहीं होते तो उस बिछोह तक को वे अपने कुल की मर्यादा पानी में मिलाकर पीने का मोह नहीं त्यागतीं। जब कृष्ण दो-चार दिन नहीं मिलते तो उस बिछुड़न की दशा में उनको होश भी नहीं रहता कि कब उनकी आंखों से बरसने वाले आंसुओं से शरीर धुल गया है–

**मनमोहन सों बिछुरी जबसे,**
**तन आंसुन सौ नित धोबति है,**
**हरी जू प्रेम के फंद परी,**
**कुल की कुल लाजहि खोवती है।**

इस कारण सभी गोपियां मान-प्रतिष्ठा खोकर दुख उठाने के लिए सदैव तत्पर रहती हैं। उन्हें भोजन में रुचि नहीं है बशर्ते कृष्ण ब्रजभूमि त्यागने को न कहे। ब्रजभूमि से इतना अधिक गहरा लगाव हो गया है, जैसे आशा का संबंध शरीर से एकाकार हो जाता है–

**कहीं मान-प्रतिष्ठा मिले न मिले,**
**अपमान गले में बंधवाना पड़े,**
**अभिलाषा नहीं सुख की कुछ भी, दुख नित नवीन उठाना पड़े।**
**ब्रजभूमि के बाहर किंतु प्रभो,**
**हमको कभी भूल के न जाना पड़े, जल-भोजन की परवाह नहीं,**
**करके व्रत जीवन यूं ही बिताना पड़े।**

फाग की घनी अंधेरी रात में श्याम का रंग उसमें मेल खाता है। गोपी उन्हें रंगने को दौड़ती हैं किंतु वे पहले ही सतर्क हैं और गोपियां अपने मनोरथ सिद्ध किए बिना कृष्ण के हाथों अपने वस्त्र ओढ़नी तक लुटा आती हैं–

**फाग की रैनि अंधेरी गलि,**
**जामें मेल भयो सखि श्याम छलि को,**
**पकड़ बांह मेरी ओढ़नी छीनी।**
**गालन में मलि दयो रंग गुलाल को टीको,**
**आयो हाथ न कन्हैया गयो न भयो,**
**सखी हाय मनोरथ मेरे जीको।**

कृष्ण पर रीझीं गोपियां अनेक अवसर खो बैठती हैं, तो कई पाती भी हैं। इधर कृष्ण गोपी को अकेला पाकर उस पर अपना अधिकार जताते हैं तो उधर गोपियां कृष्ण को गलियों में रोक गालियां गाते हुए तालियां बजाती पिचकारी से रंग देती हैं–

**मैल में माई के गारी दई फिरि,**
**तारी दई ओ दई ओ दई पिचकारी,**
**त्यों पद्माकर मेलि मुढि इत,**
**पाई अकेली करी अधिकारी।**

फाग हो और बृजभान दुलारी न हो, ऐसा संभव नहीं। रंग, गुलाल व केसर लिए मधुवन में कृष्ण के मन विनोद हिलोर लेता है कि अब बृजभान ललि के साथ होली खेलने का आनंद रंग लाएगा। लेकिन आज के बदलते फैसन ने हमारी संस्कृति को ही बदलकर रख दिया है। जिसके कारण हम अपनी भारतीय संस्कृति से दूर चले जा रहे है।

**–प्रकाश चंद्र शर्मा,**
**स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक**

# बाबा श्याम के जयकारों से गूंजी खाटू नगरी

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। श्याम बाबा का वार्षिक लक्खी मेला अब अपने पूर्ण परवान पर है। मेले के सातवें दिन मंगलवार को बाबा श्याम के जयकारों की गूंज से खाटू नगरी गुंजायमान हो गई। श्याम भक्त श्याम बाबा की जय,

- **श्याम भक्त इस वार्षिक लक्खी मेले में 24 घंटे बाबा श्याम का दीदार कर रहे हैं**
- **रींगस से खाटू श्यामजी पदयात्रा मार्ग पर बाबा श्याम के भक्तों के लिए लगे भण्डारों में सेवा सुश्रुषा का अनूठा उदाहरण देखने को मिल रहा है**

खाटू नरेश की जय, हारे के सहारे की जय, तीन बाण धारी की जय, कलयुगी अवतार की जय, मेरा सर्वेश्वर मेरा श्याम के जयकारों के साथ बाबा श्याम के दर्शन करके मन्नत मांग रहे हैं ।

रींगस से खाटूश्यामजी पदयात्रा मार्ग पर बाबा श्याम के भक्तों के लिए पग पग पर लगे भण्डारों में सेवा सुश्रुषा का अनूठा उदाहरण देखने को मिल रहा है। रींगस रोड पर 17 किलोमीटर की दूरी नाचते गाते कब पूरी हो जाती है यह पता ही नहीं चलता। सिर्फ बाबा श्याम के दर्शन की ललक ही ललक दिखाई देती है। श्याम भक्त इस वार्षिक लक्खी मेले में 24 घंटे बाबा श्याम का दीदार कर रहे हैं। वहीं बाबा श्याम का अलौकिक श्रंगार प्रतिदिन किया जा रहा है। श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा की गई इस बार की दर्शन व्यवस्था के चलते आने वाले श्याम भक्तों को सुगमतापूर्वक दर्शन हो रहे हैं।



**श्याम बाबा का वार्षिक लक्खी मेला अब अपने पूर्ण परवान पर है। श्याम भक्त नाचते-गाते खाटू पहुंच रहे हैं।**

वार्षिक लक्खी मेले में हर वर्ष की भांति इण्डियन रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा बाबा श्याम के मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवार्थ नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प का विधिवत उद्घाटन उपखंड अधिकारी व मेला मजिस्ट्रेट प्रतिभा वर्मा, सहायक निदेशक राकेश कुमार लाटा व बीसीएमओ डॉ अश्विनी कुमार स्वामी ने फीता काटकर किया।

कैंप की जानकारी देते हुए मेला मजिस्ट्रेट प्रतिभा वर्मा ने कहा कि संपूर्ण मेला क्षेत्र में चिकित्सा विभाग द्वारा कैंप लगाए जा रहे हैं। वहीं इण्डियन रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा चिकित्सा कैंप का शुभारंभ मंदिर दर्शन निकास मार्ग पर किया गया है जिससे श्रद्धालुओं के पैरों में होने वाले छाले सहित अनेक छोटी-मोटी बीमारियों का उपचार किया जाएगा।

**रींगस संवाददाता के अनुसार** : प्राचीन श्याम मंदिर के इस बार हैलीकॉप्टर 11 बार चौखट पर हाजरी देकर परिक्रमा करेंगा। इसकी सभी व्यवस्थाए पूरी कर ली गई है। श्याम सेवक मानदास, विक्रम, सिंह, राहुल चौहान ने बताया कि इस बार मेले के दौरान श्याम मंदिर में जाने वाले सभी रास्तों को विद्युतिकृत लाइटों से जगमग किया गया है। श्याम दरबार की छटा स्वर्णजडित महल जैसी बनाई गई है। वहीं हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा होंगी। इस दौरान मंदिर में एकादशमी के दिन ही विशाल भजन संध्या तथा फागोत्सव होगा। इसमें बाबा की तरफ से अनेक प्रकार के इत्र, गुलाल, गुलाब आदि के फूलों की वर्षा होगी।

## राशिफल बुधवार 1 मार्च, 2023



**पंडित अनिल शर्मा**

फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष, दशमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2079, मृगशिरा नक्षत्र प्रातः 9:52 तक, प्रीति योग सांय 5:01 तक, तैतिल करण सांय 5:29 तक, चन्द्रमा आज मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-वृष, बुध-कुम्भ, गुरू-मीन, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से दिन 9:52 तक है। रवियोग सम्पूर्ण दिन-रात रहेगा। आज बुध पूर्व में रात्रि 8:25 पर होगा। आज नन्दगाँव होली और परशु दशमी है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:47 तक, शुभ 11:13 से 12:39 तक, चर 3:31 से 4:57 तक, लाभ 4:57 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:55, सूर्यास्त 6:13

**मेष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

**मिथुन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियों के कारण मन में असंतोष बना रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**तुला**
अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना हो सकता है।

**धनु**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।

**मकर**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

**मीन**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

# शहीदों की वीरांगनाओं को न्याय दे सरकार, वादों के अनुसार माँगें हों पूरी : किरोड़ी लाल

**जयपुर।** वीरांगनाओं का दर्द सुन भावुक हुए सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने सरकार से माँग की है कि पुलवामा आतंकी हमले के शहीदों की वीरांगनाओं और उनके परिजनों की लंबित माँगो को सरकार जल्द से जल्द पूरा करे। इस संबंध में सरकार ने त्वरित कार्रवाई नहीं की तो मजबूरन उन्हें सड़कों पर उतरने को मजबूर होना पड़ेगा।

डॉक्टर किरोड़ी मीणा मंगलवार को वीरांगनाओं ओर उनके परिजनों के साथ विधानसभा के गेट नंबर 6 पर पहुंचे। अचानक मीणा को देख पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। गेट से मीणा को हटाने के लिए पुलिस प्रशासन लगा। इस मौक़े पर पुलिस अधिकारी भरतलाल ने धक्का-मुक्की और वीरांगनाओं से अभद्रता की। इससे किरोड़ी लाल ग़ुस्से में आए ओर पुलिस प्रशासन और किरोड़ी में ज़बरदस्त बहस हुई। लगभग 2:15 बजे मीणा अपने समर्थकों के साथ पैदल ही अमर जवान ज्योति के लिए रवाना हो गए। जहां पुलिस और मीणा के समर्थकों में एक बार फिर बहस हो गई। इस दौरान मीणा के कुछ समर्थकों के कपड़े भी फट गए। इससे नाराज होकर मीणा ने पुलिस को जमकर खरी-खोटी सुनाई। शहीद स्मारक पर वीरांगनाओं के साथ पहुँच धरने पर बेठे। पुलिस आयुक्तालय में सरकार के प्रतिनिधि गृह राज्य मंत्री राजेन्द्र यादव के साथ डॉक्टर किरोड़ी लाल की वार्ता हुई, पर असफल रही।



पुलवामा आतंकी हमले में शहीदों की वीरांगनाओं की माँगों को लेकर सांसद किरोड़ी लाल मीणा विधानसभा के मुख्य द्वार पर धरने पर बैठ गये। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने वीरांगनाओं के साथ धक्का-मुक्की की। इससे मीणा नाराज होकर पुलिस से भिड़ गये।

धरने पर बेठे किरोड़ी लाल मीणा ने बताया कि 14 फरवरी 2019 की देश की सीमाओं की रक्षा करने हेतु सीआरपीएफ की एक टुकड़ी जम्मू से श्रीनगर जा रही थी। इस पर अचानक हुए आतंकी हमले में राजस्थान के पांच वीरजवान शहीद हुए थे। उस समय शहीदों के अंतिम संस्कार में राज्य सरकार के कुछ मंत्री दाह संस्कार में शामिल होकर शहीदों की वीरांगनाओं व परिजनों को हजारों लोगों की उपस्थिति में बड़े-बड़े आश्वासन दिये थे। आज चार वर्ष पूरे होने के बाद भी शहीदों के परिजनों से किये गये वादों को राज्य सरकार द्वारा पूरा नहीं किया गया। वीरांगनाएं दर-दर की ठोकरें खा रही हैं।

# वकीलों के न्यायिक बहिष्कार को लेकर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की मांग को लेकर बीते एक सप्ताह से अधिक समय से वकीलों की ओर से किए जा रहे न्यायिक बहिष्कार को लेकर बार कौंसिल ऑफ इंडिया सहित अन्य से दो मार्च तक जवाब मांगा है। एक्टिंग सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस विजय विश्नोई की खंडपीठ ने यह आदेश प्रकरण में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए।

- **हाईकोर्ट सहित अधीनस्थ अदालतों में वकीलों ने अपना न्यायिक बहिष्कार जारी रखा**

सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता एमएस सिंघवी और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव प्रहलाद शर्मा सहित अन्य वकील हाजिर हुए। महाधिवक्ता ने कहा कि हाईकोर्ट बार ने उन्हें पत्र लिखकर अदालत में पैरवी नहीं करने की बात कही है। इसके अलावा आज सुबह भी वकीलों ने उन्हें अदालत में नहीं जाने को कहा। वहीं जोधपुर में भी वकील पूरी तरह न्यायिक बहिष्कार कर रहे हैं। इसका विरोध करते हुए प्रहलाद शर्मा ने कहा कि महाधिवक्ता प्रदेश के अधिवक्ताओं की मुखिया की श्रेणी में आते हैं। ऐसे में उन्हें एसोसिएशन के समर्थन में आकर कोर्ट में पैरवी नहीं करनी चाहिए। इसके साथ ही वे अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार को प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की कह सकते हैं। जबकि उनकी ओर से अदालत में पेश होकर पैरवी की जा रही है। दूसरी ओर बार कौंसिल ऑफ राजस्थान की ओर से अधिवक्ता सीएल सैनी ने कहा कि गत 25 फरवरी को कौंसिल की बैठक बुलाई गई थी। जिसमें तय किया गया कि सभी बार संघों को न्यायिक बहिष्कार वापस लेने के लिए कहा जाएगा और एक्ट लागू कराने के लिए कमेटी गठित की जाएगी। अदालत के सामने यह भी तथ्य रखा गया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार वकील हड़ताल नहीं कर सकते हैं। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने बीसीआई व अन्य को मामले में जवाब पेश करने को कहा है।

वहीं दूसरी ओर हाईकोर्ट सहित अधीनस्थ अदालतों में वकीलों ने अपना न्यायिक बहिष्कार जारी रखा। इस दौरान अदालत परिसर में वकीलों ने सुंदरकांड के पाठ किए।

## राजेंद्र राठौड़ ने सदन में उठाया वकीलों की सुरक्षा का मुद्दा

**जयपुर,** (वि.सं.)। विधानसभा में शून्यकाल के दौरान स्थगन प्रस्ताव के जरिये उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने वकीलों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया।

राठौड़ ने कहा कि 10 दिन पहले मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र में वकील जुगराज चौहान की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड के विरोध में प्रदेश भर की 800 अदालतों में वकील हड़ताल पर हैं। इससे हजारों पक्षकार परेशान हो रहे हैं, जमानतें अटक गई हैं। इससे कई लोग जेलों में पड़े हैं। उन्होंने कहा कि जुगराज चौहान जैसे मामले कई बार हुए हैं। चार साल में दर्जनों बार ऐसे मामले हुए हैं, जब एक पक्षकार की पैरवी करने पर दूसरे पक्षकार ने वकील पर हमला किया। सरकार ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लाने का वादा किया था। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लाना पुरानी मांग है। जनघोषणा पत्र में वादा करने के अलावा बजट में भी इसकी घोषणा की जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि सरकार को इस मामले में तत्काल एक्शन लेना चाहिए। राजस्थान में तत्काल प्रभाव से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लाया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि वकीलों की सुरक्षा करना राज्य सरकार की ड्यूटी है।

# राजस्थान बेरोजगारी मामले में देश में दूसरे नंबर पर क्यों? : डॉ.सतीश पूनियां

**जयपुर,** (वि.सं.)। विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने बेरोजगारी से जुड़ा मुद्दा उठाया। उन्होंने पूछा कि प्रदेश बेरोजगारी मामले में देश में दूसरे नंबर पर क्यों है। इस पर युवा और खेल मंत्री अशोक चांदना ने कहा कि राजस्थान में बेरोजगारी भत्ता ज्यादा होने की वजह से बेरोजगारी के आंकड़े ज्यादा हुए हैं।

- **विधानसभा में पूछे गये प्रश्न पर मंत्री चांदना ने गोलमोल जवाब देते हुए कहा कि बेरोजगारी भत्ता ज्यादा होने की वजह से बेरोजगारी के आंकड़े ज्यादा**
- **'भत्ता बढ़ने से बड़ी संख्या में युवाओं ने आवेदन किये हैं, स्क्रूटनी के बाद ही पता लग पाता है कि वे बेरोजगार हैं या नहीं'**

उन्होंने कहा जब से बेरोजगारी भत्ता 3500 और फिर 4000 से 4500 प्रतिमाह किया। तब से चाहे बेरोजगार हैं या नहीं, बड़ी संख्या में युवाओं ने आवेदन किए हैं। स्क्रूटनी के बाद ही पता लग पाता है कि वे बेरोजगार हैं या नहीं। बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन बढ़ने का सबसे बड़ा कारण राजस्थान में बेरोजगारी भत्ता ज्यादा होना ही है।

चांदना ने सदन में बताया कि 21 फरवरी तक के रिकॉर्ड के अनुसार कुल 18 लाख 40 हजार 44 बेरोजगार रजिस्टर्ड हैं। इनमें पुरुषों की संख्या 11 लाख 22 हजार 090 और महिलाओं की संख्या 7 लाख 17 हजार 555 और अन्य 399 है। 21 फरवरी 2023 तक कुल 6 लाख 22 हजार 043 बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता दिया जा चुका है। इसमें से वर्तमान में 1,90,873 पात्र बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है। कुल लाभार्थी 6 लाख 90 हजार हैं। 10 लाख आठ हजार शिक्षित बेरोजगारों ने अप्लाई किया। इनमें से 2.65 लाख आवेदन अधूरे थे। 1.90 लाख को बेरोजगारी भत्ता चालू है।

## डॉ. पूनियां ने छात्रसंघ नेताओं से संवाद किया

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने 4 मार्च को प्रदेश के पेपर लीक मामलों को लेकर युवा मोर्चा की अगुवाई में होने वाले विशाल विधानसभा घेराव आंदोलन की तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेशभर के छात्रसंघ नेताओं के साथ संवाद किया। डॉ. पूनियां ने कहा कि, राजस्थान में कांग्रेस सरकार के साढ़े चार साल के कुशासन में बार-बार पेपर लीक के मामलों से युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है, जिससे पूरे प्रदेश का युवा अवसाद में है।

# केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए : राज्यवर्धन सिंह राठौड़

**जयपुर।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दोनों का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। मनीष सिसोदिया के इस्तीफे बाद बीजेपी अब आक्रामक हो गई है। भाजपा ने नैतिकता के आधार पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से भी इस्तीफे की मांग की है।

- **मनीष सिसोदिया के इस्तीफे के बाद अब बीजेपी ने दिल्ली सीएम केजरीवाल के इस्तीफे की मांग**

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि जो आरोप मनीष सिसोदिया के ऊपर लग रहे हैं। वह अरविंद केजरीवाल की जानकारी के बगैर नहीं हो सकते। केजरीवाल का नाम भी चार्जशीट में है उन्हें भी अपने पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देना चाहिए। राठौड़ ने कहा कि 9 महीने से जो मनीष सिसोदिया पर चार्ज लगा था। उसके बचाव में अरविंद केजरीवाल ने न जाने कितनी बात कही, लेकिन आज जनता के सामने सब कुछ आ चुका है। क्या चोरी करने का हौसला बढ़ाने की बात करते थे केजरीवाल। राठौड़ ने कहा कि चार्जशीट के अंदर केजरीवाल का भी नाम है। जो इस्तीफे मंजूर हुए हैं उससे काम नहीं चलने वाला। अरविंद केजरीवाल को भी अपना इस्तीफा देना चाहिए, क्योंकि सब काम उनके इशारे पर हो रहा है। 3000 करोड़ के राजस्व का नुकसान हुआ है।




# कोरसीना पटवारी को 15 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया

## नामान्तरण खोलने की एवज में 20 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांगी थी

**सांभरझील, (निसं)।** एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसआईडब्ल्यू इकाई जयपुर द्वारा कार्यवाही करते हुये राहुल स्वामी पटवारी, पटवार हल्का कोरसीना, तहसील सांभर, जिला जयपुर को परिवादी से 15 हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी (अतिरिक्त चार्ज महानिदेशक) ने बताया कि ए.सी.बी. की एस.आई. डब्ल्यू. इकाई, जयपुर को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि नामान्तकरण खोलने की एवज में राहुल स्वामी पटवारी, पटवार हल्का कोरसीना, तहसील सांभर, जिला जयपुर द्वारा 20 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरविजन में एसीबी एसआईडब्ल्यू इकाई, जयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ललित किशोर शर्मा के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया।



आरोपी पटवारी

आज उप अधीक्षक पुलिस चित्रगुप्त एवं पुलिस निरीक्षक मीना वर्मा द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुये राहुल स्वामी पुत्र लालचंद निवासी शीतला माता की गली, छोटा बाजार, सांभरलेक, जिला जयपुर हाल पटवारी, पटवार हल्का कोरसीना, तहसील सांभर, जिला जयपुर को परिवादी से 15 हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते हुये गिरफ्तार किया। एसीबी के महानिरीक्षक सवाई सिंह गोदारा के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है।

# सपोटरा में पटवारी छह हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**सपोटरा/करौली, (निसं)।** करौली भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टीम ने कार्यवाही करते हुए सपोटरा में एक पटवारी को 6 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। वहीं उसके आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाश जारी है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो करौली इकाई के उप अधीक्षक अमर सिंह ने बताया कि मंगलवार को एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर करौली इकाई द्वारा

- **भूमि का नामांतरण खोलने की एवज में 11 हजार रुपये रिश्वत राशि मांगी थी**

कार्यवाही करते हुए श्याम सिंह माली पटवारी पटवार हल्का अमरवाड़ तहसील सपोटरा को परिवादी से 6 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की करौली इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि भूमि का नामांतरण खोलने की एवज में श्याम सिंह माली पटवारी पटवार हल्का अमरवाड़ 11 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान कर रहा है जिस पर एसीबी भरतपुर के उपमहानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरविजन में एसीबी करौली इकाई के उपाधीक्षक अमर सिंह के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया जाकर मंगलवार को मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए श्याम सिंह माली पुत्र बहादुर सिंह माली निवासी करसौली पुलिस थाना हिण्डौन सदर हाल पटवारी हल्का अमरवाड़ को परिवादी से 6 हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते हुए गिरफ्तार किया गया है।



सपोटरा में रिश्वत लेते हुए पटवारी श्याम सिंह ( दाये से द्वितीय ) को गिरफ्तार किया।

उल्लेखनीय है कि आरोपी पटवारी द्वारा शिकायत से पूर्व में ही परिवादी से 4900 रुपये रिश्वत के रूप में वसूल कर लिए थे। एसीबी के महा निरीक्षक के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा। वहीं उसके आवास और ठिकानों पर तलाश जारी है।

# प्राचार्य एवं व्याख्याता पांच हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार



झालावाड़ ए.सी.बी. की टीम ने प्राचार्य और व्याख्याता को गिरफ्तार किया।

**झालावाड़, (निसं)।** झालावाड़ एसीबी द्वारा कार्यवाही करते हुये डॉ. गायत्री खण्डेलवाल प्राचार्या एवं मोहम्मद अजीज व्याख्याता हिंदी, डॉ. जाकिर हुसैन एम.एम.टी.टी. कॉलेज, झालावाड़ को परिवादी से 5 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी (अतिरिक्त चार्ज महानिदेशक) ने बताया कि ए.सी.बी. की झालावाड़ इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी कॉलेज में उपस्थिति पूरी दिखाने बोर्ड परीक्षा फार्म यूनिवर्सिटी भिजवाने व इंटरनशीप का लेटर जारी करने की एवज में डॉ. गायत्री खण्डेलवाल प्राचार्या एवं मोहम्मद अजीज व्याख्याता हिंदी, डॉ. जाकिर हुसैन

- **कॉलेज में उपस्थिति पूरी दिखाने, बोर्ड परीक्षा फार्म यूनिवर्सिटी भिजवाने व इंटरनशीप का लेटर जारी करने की एवज में रिश्वत मांगी**

एम.एम.टी.टी. कॉलेज, झालावाड द्वारा 10 हजार रुपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी, कोटा के पुलिस अधीक्षक आलोक श्रीवास्तव के सुपरवीजन तथा एसीबी की झालावाड़ इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भवानी शंकर मीणा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज रमेशचन्द्र आर्य पुलिस निरीक्षक मय टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये डॉ. गायत्री खण्डेलवाल पुत्री धनश्याम महाजन निवासी मामा भांजा चौराहा, लक्ष्मी मिष्टान्न भण्डार के सामने झालावाड हाल प्राचार्या डॉ. जाकिर हुसैन एम.एम.टी.टी. कॉलेज, झालावाड एवं मोहम्मद अजीज पुत्र मोहम्मद आजम पायगा मोहल्ला, झालावाड़ हाल व्याख्याता हिंदी, डॉ. जाकिर हुसैन एम.एम.टी.टी. कॉलेज, झालावाड़ को परिवादी से 5 हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

# बकाया राशि वसूलने गई टीम पर हमला

## तुलसीपुरा गांव में डिस्काम की टीम बकाया राशि वसूल करने गई थी

- **लोगों ने हमला कर तीन वाहन क्षतिग्रस्त कर दिए, कर्मचारी-अधिकारियों व पुलिसकर्मियों ने भागकर जान बचाई**
- **करीब 25 से 30 व्यक्तियों ने बिजली कर्मचारियों एवं पुलिस बल पर लाठियों एवं धारदार हथियारों से हमला किया था**

**करौली, (निसं)।** करौली के निकट तुलसीपुरा गांव में विद्युत उपभोक्ताओं से बकाया राशि वसूलने पहुंची टीम पर लोगों ने हमला कर दिया तीन वाहन क्षतिग्रस्त कर दिए। इस दौरान पुलिस तमाशबीन बनी रही।

जयपुर डिस्कॉम करौली के सहायक अभियंता मेधराम मीणा ने करौली सदर थाने पर रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि विद्युत निगम द्वारा चलाए जा रहे विद्युत बिल बकाया राजस्व वसूली के अभियान के तहत मंगलवार को दोपहर 12 बजे तुलसीपुरा में रमन सिंह पुत्र ज्ञान सिंह गुर्जर के 77 हजार रुपए बकाया पर पीडीसी चल रहे कृषि विद्युत कनेक्शन के थ्री फेज ट्रांसफार्मर एवं एक अवैध सिंगल 5 केवीए के ट्रांसफार्मर को उठाने पहुंचे थे। इन ट्रांसफार्मरों से संयुक्त रूप से रमन सिंह पुत्र ज्ञान सिंह एवं दयाराम पुत्र ज्ञान सिंह दोनों भाइयों द्वारा बिजली का उपयोग किया जा रहा था। कार्यवाही के दौरान करीब 45 तकनीकी कर्मचारियों, रिजर्व पुलिस बल के अलावा विद्युत चोरी निरोधक पुलिस थाना करौली के टीम इंचार्ज चरण सिंह के साथ पुलिस और होमगार्ड के जवानों के अलावा सदर थाना पुलिस जाब्ते के साथ एवं अधिशासी अभियंता बी.डी मीणा, कनिष्ठ अभियंता मासलपुर रामनिवास मीणा एवं कनिष्ठ अभियंता कुड़गांव शुभम गुप्ता एवं में स्वयं सरकारी वाहन मौके पर मौजूद थे।

मौके पर ट्रांसफार्मर उतारने की कार्यवाही करने पहुंचे थे उसी समय दयाराम एवं बहादुर, अतर सिंह पुत्र जगराम, धीर सिंह पुत्र ज्ञान सिंह, आजाद पुत्र जागरूप, बीकेस पुत्र अतर सिंह,भरोसी पुत्र गिर्राज, कल्ला पुत्र भरोसी, राजा राम पुत्र परमा,हर प्रसाद पुत्र परमा,रामनिवास पुत्र गब्बू,भगवान सिंह पुत्र रामजीलाल,राकेश पुत्र रामजीलाल सहित करीब 25 से 30 व्यक्तियों द्वारा एक राय होकर संयुक्त रूप से बिजली कर्मचारियों एवं पुलिस बल पर लाठियों एवं धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

उन्होंने बताया कि हमले में 3 सरकारी वाहनों व एफआरटी मासलपुर, एक लिफ्टर वाहन के अलावा एक अन्य वाहन के शीशे तोड़ दिए एवं दरवाजा तोड़कर वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया तथा बकाया राशि से संबंधित सरकारी दस्तावेजों को दयाराम एवं बहादुर द्वारा छीनकर फाड़ दिया। बिजली कर्मचारियों हुकम मीना, धीरज मीना को गेहूं की फसल में ले जाकर पटक-पटक कर लातों से मारपीट की गई एवं अन्य कर्मचारी, अधिकारियों ने व पुलिसकर्मियों द्वारा भागकर जान बचाई गई उन्होंने पुलिस को रिपोर्ट पेश कर सरकारी कर्मचारियों साथ मारपीट करने, सरकारी वाहनों को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त करने, सरकारी दस्तावेजों को छीनकर फाड़ने, राजकार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की।

# इलेक्ट्रिक इंजन का सफल ट्रायल

**सुजानगढ़, (निसं)।** उत्तर-पश्चिम रेलवे द्वारा मंगलवार को रतनगढ़ से सुजानगढ़ खंड तक इलेक्ट्रिक रेल इंजन का सफल ट्रायल किया गया। इससे पहले उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के पीसीईई राजेश मोहन के साथ जोधपुर एवं बीकानेर मंडल के रेलवे अधिकारियों ने सुजानगढ से रतनगढ तक रेलवे इलेक्ट्रफिकेशन कार्य का निरीक्षण किया। रतनगढ से सुजानगढ के बीच ट्रैक की लम्बाई 46.27 किमी है तथा टीकेएम 52.13 किमी है। सुजानगढ़ से डेगाना के बीच विद्युतीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद अगामी कुछ महीनों में इस ट्रैक पर विद्युत ट्रेन दौडती हुई नजर आएगी।

# सूदखोर से परेशान युवक ने बच्चों को जान से मारने की धमकी दी

**पावटा, (निसं)।** एक युवक ने एक सूदखोर से परेशान होकर अपने बच्चों को ट्रक के नीचे देकर जान से मारने का वीडियो वायरल किया है। वहीं युवक ने सोमवार शाम प्रागपुरा थाने में सूदखोर के खिलाफ एक शिकायत भी दी। जिस पर इस गंभीर घटना को देखते हुए घटना का खुलासा करने व सूदखोर मुल्जिम की गिरफ्तारी के लिए जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राजीव पचार द्वारा कोटपुतली अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक विद्याप्रकाश के निर्देशन व पुलिस उपाधीक्षक विराटनगर संजीव चौधरी के सुपरविजन प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन कर कार्यवाही करते हुए सूदखोर मुल्जिम सुरेश चंद पुत्र छीतर मल उम्र 38 साल निवासी बावडी तन खेलना को गिरफ्तार किया है।

मामले के अनुसार प्रागपुरा थाना क्षेत्र के पावटा जनाना हॉस्पिटल के पीछे

- **वीडियो वायरल किया, प्रागपुरा पुलिस ने सूदखोर को पकड़ा**

किराये पर रहने वाले एक 38 वर्षीय युवक ने बताया कि सूदखोर द्वारा दिये गए मूल की एवज में रकम का ब्याज लगाकर बहुत ज्यादा रकम देने की डिमांड कर रहा है। पैसे नहीं देने पर धमकी देने के साथ उसके साथ मारपीट व प्रताडित करता है। जिसके बाद पीड़ित युवक ने सूदखोर से परेशान होकर बच्चों को जान से मारने की धमकी भरा वीडियो वायरल किया था। जिस पर प्रागपुरा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सूदखोर मुल्जिम को गिरफ्तार किया।


# हादसे में तीन श्रद्धालु घायल

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़-हिसार एनएच 52 पर गोठया के पास एक ट्रक चालक के द्वारा ट्रक को तेजगति व लापरवाही से चलाकर रिटिज गाड़ी में सवार होकर हरियाणा के टोहाना से खाटू श्याम जा रहे तीन लोगों में से तीन लोगों घायल हो गये। थानाधिकारी सुभाष चन्द्र ने बताया कि सौरभ गोयल पुत्र ज्ञानचन्द जाति अठावाल उम्र 31 साल निवासी निवासी वार्ड नं 19 काली माता मंदिर के पीछे टोहाना जिला फतेहाबाद हरियाणा हाल श्रीनाथ हॉस्पिटल कस्बा राजगढ ने पर्चा बयान में बताया कि वह अपने गांव खाटू श्याम मदिर में धोक लगाने जा रहे थे, उसके साथ गाड़ी में सोरभ पुत्र ज्योति प्रसाद जाति अग्रवाल निवासी रोहतक रोड जींद हरियाणा व गौरव की माता विमला देवी पत्नी ज्योति प्रसाद व बेबी पत्नी गौरव गाड़ी में सवार थे तथा रिटिज गाड़ी चला रहा था। हादसे में गाड़ी में सवार सौरभ, विमला व बेबी के चोटे आई, जिनको अस्पताल में भर्ती कराया।

# 51 लाख की फिरौती मांगने के चार आरोपी गिरफ्तार

**बांसवाड़ा, (निसं)।** पुलिस ने बड़ी कामयाबी दर्ज कराते हुए जिले के घाटोल कस्बे के हीरो मोटर साईकिल शोरुम के मालिक को जान से मारने की धमकी देते हुए 51 लाख रुपये की फिरौती मांगने के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिला पुलिस अधीक्षक अभिजीत चौधरी ने बताया कि गत 23 फरवरी को अज्ञात व्यक्तियों ने शोरुम के मालिक शिरीश कुमार को मोबाइल पर जान से मारने की धमकी देते हुए 51 लाख की फिरौती मांगी थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कानसिंह भाटी के सुपरविजन में घाटोल वृत्ताधिकारी कैलाशचंद्र के नेतृत्व में घाटोल थानाधिकारी कर्मवीर सिंह, सहायक उपनिरीक्षक अब्दुल हकीम, कांस्टेबल सीताराम, कल्याण सिंह की विशेष टीम गठित की। इस टीम ने साईबर सेल के हेड कांस्टेबल प्रवीण सिंह के सहयोग से तकनीकि एवं मनोवैज्ञानिक अनुसंधान शुरु किया। इस



घाटोल थाना पुलिस ने धमकी देकर 51 लाख रुपये की फिरौती मांगने के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

दौरान सावेज पुत्र आजम खां उर्फ शंभू खां निवासी साकरिया थाना रठाजना जिला प्रतापगढ़ का नाम सामने आया। पुलिस टीम ने सावेज को डिटेन करते हुए गहन अनुसंधान किया। जिला पुलिस अधीक्षक चौधरी ने बताया कि पूर्व में प्रार्थी के पुत्र को जान से मारने की धमकी देकर फायरिंग की थी जिस पर हत्या के प्रयास व आम्र्स एक्ट के तहत घाटोल में मामला दर्ज किया गया था। मुल्जिम सावेज व विधि से संघर्षरत किशोर को मामले में डिटेन किया गया था। इस मामले में अभियुक्त सावेज प्रार्थी को डरा-धमकाकर पक्षद्रोही होने के लिये मजबूर कर रहा था।

तीन माह पूर्व जमानत पर आने के बाद उसने अपने अन्य साथी शेरखान पुत्र खलील शाह जाति फकीर निवासी गांधी नगर डीसीएम कोटा, अफजल कादरी पुत्र हातिम निवासी इंदिरा गांधी नगर डीसीएम कोटा एवं विधि से संघर्षरत किशोर के साथ मिलकर प्रार्थी शिरीश को दुबारा धमकी देकर वारदात को अंजाम दिया। जिस पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया। पुलिस ने मामले में सावेज पुत्र आजम खां उर्फ शंभू खां निवासी साकरिया, शेर खान पुत्र खलील शाह निवासी गांधी नगर डीसीएम कोटा, अफजल कादरी पुत्र हातिम निवासी इंदिरा गांधी नगर डीसीएम कोटा, चिराग खां पुत्र फारूख खां निवासी घोटारसी थाना हथुनिया को गिरफ्तार किया वहीं विधि से संघर्षरत किशोर को डिटेन किया गया। चौधरी ने बताया कि मुल्जिमानों के विरुद्ध जिला प्रतापगढ़ , कोटा एवं बांसवाड़ा में फिरौती, चोरी, मारपीट एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत विभिन्न प्रकरण पंजीबद्ध है।

# गागरोन में दो दिन से पैंथर का आतंक, चार लोगों को घायल किया

## वन विभाग की टीम पैंथर को ट्रेंकुलाइज नहीं कर पाई

**झालावाड़, (निसं)।** झालावाड़ के गागरोन इलाके में पिछले दो दिन से पैंथर चार लोगों पर हमला कर घायल कर चुका है। इसके चलते वन विभाग की टीम पैंथर को ट्रेंकुलाइज करने की कोशिश कर रही है। गागरोन इलाके में बीते दो दिनों से पैंथर का मूवमेंट बना हुआ है। जिसके चलते इलाके के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पैंथर ने अभी तक पिछले दो दिनों में कुल 4 लोगों को हमला कर घायल कर किया है। जिसमें कुछ को गंभीर चोटें आई है जिसके बाद घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा।

डीएफओ चेतन कुमार ने बताया कि कल सुबह गागरोन के चंगेरी तथा मोगिया गांव के समीप पैंथर के मूवमेंट की सूचना मिली थी। उसी दरमियान पैंथर ने खेत पर काम कर रहे तीन युवकों को पर हमला कर घायल कर दिया था। जिसके बाद वन विभाग की टीमें आनन-फानन में मौके पर पहुंची और पैंथर को पकड़ने के प्रयास शुरू किए। शाम होते-होते पैंथर का मूवमेंट गागरोन किले के समीप रहा। इस दरमियान देर शाम को पैंथर ने एक महिला पर भी हमला कर घायल कर दिया। पैंथर के हमले से 4 लोग घायल हो चुके हैं।

डीएफओ चेतन कुमार ने ग्रामीणों से भी अगले कुछ दिनों सावधानी बरतने की अपील की है कि अपने मवेशियों व छोटे बच्चों को खुले में अकेला ना छोड़ें। शाम को अपने खेतों की ओर न जाएं। इस दौरान उन्होंने घरों के आसपास रात के समय उजाला रखने व आवश्यक काम होने पर ही घर से निकलने की अपील की है।



पैंथर के हमले में घायल युवक।

# मंत्री रमेश मीणा को मातृशोक

**करौली, (निसं)।** पंचायती राज मंत्री रमेश मीणा की मां केसर देवी का मंगलवार को निधन हो गया। जिनकी तीये की बैठक आज बुधवार को आयोजित होगी। जानकारी के अनुसार पंचायतीराज मंत्री मीणा की मां केसर देवी की उम्र 90 वर्ष थी जो काफी समय से बीमार चल रही थी। मंगलवार दोपहर जयपुर में उन्होंने अंतिम सांस ली। पैतृक गांव नयागांव मंडरायल में उनकी अंत्येष्टि की गई। जहां जेष्ठ पुत्र रामजीलाल व रमेश मीणा ने मुखाग्नि दी। केसर देवी के 6 पुत्र, एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार है।



केसर देवी की पार्थिव देह दोपहर बाद नयागांव लाई गई। जहां पैतृक आवास पर अंतिम क्रिया संपन्न कराई गई। इसके बाद घर से उनकी शव यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण, जनप्रतिनिधि शामिल हुए। मंत्री के निजी खेत में अंत्येष्टि की गई।

# प्रसूता की सड़क पर डिलीवरी कराई, अस्पताल की लापरवाही आई सामने

## परिजनों का आरोप है कि महिला को हॉस्पिटल में एडमिट नहीं किया गया

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर शहर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधीन आने वाले केरू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर सोमवार रात सड़क पर ही प्रसूता की डिलीवरी हो गई। परिजनों का आरोप है कि महिला को हॉस्पिटल में एडमिट नहीं किया गया।

परिजन ने बताया कि महिला को डिलीवरी के लिए केरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए तो डॉक्टर ने खून की कमी बताते हुए जोधपुर शहर के जिला हॉस्पिटल ले जाने को कहा। परिजनों ने महिला मरीज की हालत का हवाला देकर डॉक्टर से एडमिट करने के लिए कहा। आरोप है कि डॉक्टर महिला को रैफर करने पर अड़े रहे और जोधपुर जिला हॉस्पिटल के लिए रैफर कर दिया। महिला को लेकर परिजन जैसे ही स्वास्थ्य केंद्र से बाहर एंबुलेंस की तरफ जाने लगे उसी दौरान डिलीवरी हो गई।

फिलहाल प्रसूता और नवजात बच्चे की हालत ठीक बताई जा रही है। दोनों स्वास्थ्य केंद्र में ही एडमिट हैं। जानकारी के अनुसार महिला को सोमवार रात डिलीवरी केस में परिजन झंवर से केरू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए थे।

स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर सुरेश ने बताया महिला को डिलीवरी के लिए यहां लाया गया उस समय पहले से डिलीवरी के लिए 2 केस आए हुए थे। उस दौरान उसे थोड़ी देर के लिए रुकने का बोला गया था। जांच के दौरान महिला का हीमोग्लोबिन लेवल 5 ग्राम से भी कम था जो हाई रिस्क डिलीवरी में आता है। इसलिए उम्मेद हॉस्पिटल में रेफर करने के लिए बोला गया था। इसी दरमियान महिला ने बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद उसे स्वास्थ्य केंद्र में एडमिट किया गया। फिलहाल मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। मंगलवार सुबह के समय पीडियाट्रिक डॉक्टर ने भी बच्चे की जांच की। स्वास्थ्य केंद्र में डिलीवरी के लिए मना करने जैसी कोई बात नहीं थी।

**राजस्थान स्वायत्त शासन संस्था**
लक्ष्मी मंदिर तिराहा, टोंक रोड़ जयपुर-15, फोन नं.- 0141-2710806
क्रमांक :रा.स्वा.शा.सं./2023/(प्र.अ.) 5951 दिनांक : 28.02.2023
**सूचना**
कार्यकारिणी समिति के निर्णयानुसार राजस्थान स्वायत्त शासन संस्था की साधारण-सभा की बैठक गुरूवार, दिनांक 16.03.2023 को समय दोपहर 12:15 बजे संस्था के पास स्थित दी इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजिनियर्स इण्डिया, नेहरू गार्डन के पास, टोंक रोड़, जयपुर में आयोजित की जा रही हैं जिसमें उपनियम संख्या 12(1) से 12(4) तक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का निर्वाचन होगा। निर्वाचन प्रक्रिया से सम्बन्धित समस्त सूचनाएं/ अधिसूचनाएं/ परिपत्र/ विज्ञप्ति/ आदेश संस्था कार्यालय के सूचना पट्ट पर निर्वाचन अधिकारी के निर्णयानुसार/ विनिश्चयानुसार चस्पा की जावेगी। बैठक का एजेण्डा नोट सभी माननीय सदस्यगण को अलग से डाक द्वारा प्रेषित किया जा रहा है। तद्नुसार साधारण सभा की बैठक मे भाग लेने हेतु संस्था के समस्त नियमित एवं योग्य सदस्य सादर आमंत्रित हैं। संस्था के समस्त नियमित एवं योग्य सदस्यों को सूचित किया जाता हैं कि बैठक में भाग लेने हेतु आई. डी. प्रुफ (फोटो पहचान-पत्र) आवश्यक रूप से साथ लेकर आवे।
सचिव

# मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा ने सदन में कहा 'मुझ पर भी अपहरण का झूठा केस लगाया'

## गृह-कारागार की अनुदान मांगों के जवाब के बीच गुढ़ा के इस बयान पर उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ और भाजपा विधायकों ने हंगामा करते हुए सरकार को घेरने की कोशिश की

-विधानसभा संवाददाता-

- स्पीकर सी.पी.जोशी ने मंत्री धारीवाल के जवाब के बीच किसी को भी बोलने की अनुमति नहीं दी, इस पर मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा और विधायक संयम लोढ़ा की स्पीकर के साथ नोंकझोंक भी हुई
- मंत्री धारीवाल ने जवाब देते हुए कहा, मुझे इस षड्यंत्र का पहले से पता था, ये सुनना नहीं चाहते। इसके बाद पुलिस और जेल की अनुदान मांगों को पारित कर दिया गया।

**जयपुर** । विधानसभा में गृह-कारागार की अनुदान मांगों पर मंत्री शांति धारीवाल के जवाब के दौरान मंगलवार को भारी हंगामा हुआ। धारीवाल ने जब झूठे मुकदमे दर्ज करवाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के आंकड़े गिनाते हुए कहा कि बीजेपी राज में तो 182 की कार्रवाई के बारे में पता तक नहीं था। इसी बीच सैनिक कल्याण राज्य मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने कहा कि मुझ पर भी अपहरण का झूठा मुकदमा लगाया गया।

गुढ़ा के इतना कहते ही उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और विपक्ष के विधायक खड़े हो गए। राठौड़ ने कहा, एक मंत्री ही खुद पर झूठा मुकदमा होने की बात कह रहे हैं। मंत्रिमंडल की सामूहिक जिम्मेदारी होती है। एक मंत्री का आरोप लगाने से साफ है कि सरकार अब राज करने का हक खो चुकी है। बीजेपी विधायकों ने गुढ़ा के बयान पर सरकार को घेरने की कोशिश करते हुए जमकर हंगामा किया। बीजेपी विधायकों ने जमकर नारेबाजी की।

स्पीकर सी.पी.जोशी के दखल के बाद हंगामा शांत हुआ। हंगामा शांत होने के बाद मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने मंत्री शांति धारीवाल के जवाब के बीच फिर बोलने के लिए खड़े हुए, लेकिन स्पीकर ने कड़ा रुख अपनाते हुए मंजूरी नहीं दी। स्पीकर ने गुढ़ा से कहा कि आपको बीच में बोलने की अनुमति नहीं दी जा सकती। इसके बाद गुढ़ा बैठ गए।

शांति धारीवाल के जवाब के दौरान सीएम सलाहकार संयम लोढ़ा ने बोलना चाहा, लेकिन उन्हें स्पीकर ने मंजूरी नहीं दी। इसपर लोढ़ा, स्पीकर से उलझ गए। स्पीकर ने संयम लोढ़ा को फटकारते हुए कहा कि मंत्री के जवाब के बीच आपको बोलने की अनुमति कैसे दी जा सकती है। यह हाउस आपकी मर्जी से नहीं चलेगा। स्पीकर ने धारीवाल के जवाब के दौरान टोकाटाकी करने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर विधायका के विशेषाधिकार हैं तो उनका इस्तेमाल मैं भी कर सकता हूं। जो मंत्री की नहीं सुनना चाहते उन्हें भी अब अनुदान मांगों पर बोलने से रोकने पर सोचना पड़ेगा।

सदन में हंगामे और टोकाटाकी पर शांति धारीवाल ने कहा, मुझे पहले से इनके षड्यंत्र के बारे में पता था कि ये सुनना नहीं चाहते। इन्होंने टाइम तो बिगाड़ दिया।

स्पीकर ने धारीवाल से जवाब जल्द खत्म करने को कहा। इसके बाद पुलिस और जेल की अनुदान मांगों को पारित कर दिया गया। मंगलवार रात 9 बजकर 25 मिनट पर स्पीकर ने सदन की कार्यवाही को बुधवार तक के लिए स्थगित कर दिया।

### जेलों में कड़ी सुरक्षा के लिए लगेंगे जैमर : जूली

**जयपुर, (वि.सं.)।** कारागार मंत्री टीकाराम जूली ने विधानसभा में मांग संख्या 18 (कारागार) की अनुदान मांगों पर हुई बहस का जवाब दिया। चर्चा के बाद सदन ने कारागार विभाग की 3 अरब, 6 करोड़ 94 लाख 53 हजार रूपये की अनुदान मांगे ध्वनिमत से पारित कर दी। कारागार मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार जेलों में कैदियों द्वारा मोबाईल फोन का उपयोग रोकने के लिए हाई सिक्योरिटी जैमर भी लगाएगी।

जूली ने बताया कि महिला एवं दिव्यांग बंदियों के अधिकारों के प्रति सरकार संवेदनशील है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के लिए जेलों में अलग बैरक की व्यवस्था की गई है। 5 नए महिला बंदी सुधार गृह खोल कर राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि सरकार सुजानगढ़, डूंगरपुर और सिरोही में शीघ्र नए कारागृह स्थापित करेगी। जूली ने बताया कि बंदियों को साक्षर बनाने के लिए सरकार आईआईटी डिप्लोमा जैसे कोर्स चला रही है।

# शिक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल डमी अभ्यर्थी की जमानत अर्जी खारिज

- अदालत ने कहा कि आरोपी पर परीक्षाओं के संबंध में स्थापित व्यवस्थाओं को दूषित करने का आरोप है। जिससे वास्तविक हकदार व्यक्ति नौकरी पाने से वंचित होते हैं। ऐसे मामले में उदारता रखते हुए आरोपी को जमानत दी गई तो इस प्रकार की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलेगा और केंद्र और राज्य सेवा की प्रतिष्ठित परीक्षा में मेहनत करने वालों के साथ खिलवाड़ होगा

**जयपुर, (का.सं.)।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश क्रम-1 महानगर द्वितीय ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में मूल अभ्यर्थी की जगह परीक्षा में शामिल हुई डमी अभ्यर्थी सरकारी महिला शिक्षक संगीता बिश्नोई की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आजकल आयोजित की जा रही भर्ती परीक्षाओं में इस तरह डमी परीक्षार्थी को बिठाकर परीक्षा देने के मामले बढ़ते जा रहे हैं, जो कि विधि द्वारा स्थापित व्यवस्था को भंग करने वाले हैं। आरोपी पर परीक्षाओं के संबंध में स्थापित व्यवस्थाओं को दूषित करने का आरोप है। जिससे वास्तविक हकदार व्यक्ति नौकरी पाने से वंचित होते हैं। ऐसे मामले में उदारता रखते हुए आरोपी को जमानत दी गई तो इस प्रकार की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलेगा और केंद्र और राज्य सेवा की प्रतिष्ठित परीक्षा में मेहनत करने वालों के साथ खिलवाड़ होगा। ऐसे में आरोपी संगीता बिश्नोई की जमानत अर्जी को खारिज किया जाता है।

जमानत अर्जी में कहा गया है कि वह निर्दोष है और उसके खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे हैं। प्रार्थी ने परीक्षा हॉल में प्रवेश कर किसी प्रकार का कोई पेपर नहीं दिया है और ना ही किसी अन्य व्यक्ति की जगह परीक्षा दी है।

इसके अलावा उसके खिलाफ पुलिस थाने में अन्य कोई मामला भी विचारणीय नहीं है। प्रार्थी सरकारी शिक्षक है और उसके 14 माह की बेटी है, जो उसका दूध ही पीती है। पुत्री की सार संभाल करने वाला भी अन्य कोई व्यक्ति घर में नहीं है। इसलिए उसे जमानत पर रिहा किया जाए। इसका विरोध करते हुए सरकारी वकील साजिया खान ने बताया कि आरोपी पर सरकारी शिक्षिका होते हुए भी अन्य अभ्यर्थी के बदले परीक्षा में शामिल होने का आरोप है। फिंगरप्रिंट मैच नहीं होने के चलते मामला उजागर हुआ, वरना वह परीक्षा में शामिल हो जाती और दूसरे होनहार अभ्यर्थी चयन से वंचित हो जाता। ऐसे में उसकी जमानत अर्जी को खारिज किया जाए। गौरतलब है कि गत 25 फरवरी को प्रिंस स्कूल, सूर्य नगर के सेंटर अधीक्षक बंशीधर सैनी ने मुरलीपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सेंटर पर अभ्यर्थी मंजू बिश्नोई परीक्षा देने आई, लेकिन उसके फिंगर प्रिंट मैच नहीं हुए और ना ही आधार कार्ड व प्रवेश पत्र पर लगी फोटो मैच हुई। ऐसे में परीक्षार्थी को पुलिस को सौंप दिया गया। वहीं बाद में सामने आया कि अभ्यर्थी मंजू ना होकर संगीता बिश्नोई थी।

# यूनियन स्कूल में बच्चों ने लगाई विज्ञान प्रदर्शनी



यूनियन सैकेंडरी स्कूल में विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी लगाई।

**जयपुर** । यूनियन सैकेंडरी स्कूल में विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को प्रदर्शनी का छात्रों द्वारा आयोजन किया गया। संस्था के विज्ञान व्याख्याता एस.ए.नकवी ने आगंतुकों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग विज्ञान क्षेत्र में जैसे सौरमंडल, पवन चक्की, पानी होस्टिंग सिस्टम, पाचन तंत्र, श्वांस, धूम्रपान से नुकसान व फायर सिस्टम आदि के उपकरणों के मॉडल बनाये और प्रयोगिक किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेविका प्रियांशी जैन, जी.एस.चौधरी, सुरेश कुमार व विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों ने भी सभी मॉडलों की कार्य प्रक्रिया का अवलोकन किया। शाला प्रधान ने आज के आधुनिक युग में हर एक क्षेत्र में विज्ञान के महत्व और इसकी जरूरत पर जोर दिया। सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं ने आगंतुकों का आभार जताया।

## संक्षिप्त

### बाबूलाल गुप्ता बने निर्विरोध अध्यक्ष

**जयपुर (कासं)।** श्री महावर वैश्य धर्मार्थ ट्रस्ट जयपुर की आमसभा में वर्ष 2023-2026 के लिए सम्पन्न त्रिवार्षिक चुनाव में बाबूलाल गुप्ता को सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर महावर वैश्य समाज, जयपुर के सभी गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिनमें श्री महावर वैश्य धर्मार्थ ट्रस्ट जयपुर के निवर्तमान अध्यक्ष श्रीनिवास गुप्ता, महावर वैश्य सेवा संस्था जयपुर के अध्यक्ष नरेश कुमार गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार गुप्ता, महामंत्री विनोद गुप्ता, युवा अध्यक्ष मुदित गुप्ता, डॉ. रामअवतार गुप्ता, महेश गुप्ता, दयाकिशन डाटा मौजूद थे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष जल्द ही कार्यकारिणी का गठन करेंगे।

### स्वास्थ्य किट बैग का विमोचन

**जयपुर** । मानव निर्माण एवं विश्व शांति संस्थान एवं ओउमाश्रय सेवा धाम द्वारा नीम सफेदा आंक पत्तो सहित हवन सामग्री बैग का निःशुल्क वितरण होली दहन के लिए 6 मार्च को 2 से 4 बजे तक ओउमाश्रय सेवा धाम मुहाना में होगा। यह जानकारी पर्यावरण प्रदूषण परमाणु विकिरण एवं जघन्यतम वायरसों से बचने के लिए भैषज यज्ञों के लिए वैज्ञानिक परीक्षणों द्वारा समर्पित सामाजिक आध्यात्मिक कार्यकर्ता संस्थान अधिष्ठाता ओउमाश्रय संचालक यशपाल यश ने स्वास्थ्य किट वैग विमोचन अवसर पर कही। समारोह में सुधा मित्तल मधुरानी, देवेश गोयल, सीमा गोयल शशि कांता, अंजू जैन पलक, पवन आर्य, वंदना आर्य, दीपांकर यश प्रियंका मौजूद रहे।

### दादू दयालनगर में हनुमत कथा शुरू

**जयपुर (कासं)।** मुहाना रोड स्थित दादू दयाल नगर में हो रही हनुमंत कथा का शुभारंभ हुआ। व्यास पीठ पर पं. दिनेश कुमार शास्त्री हनुमान जी महाराज की विभिन्न लीलाओं पर सरस प्रवचन किए। आयोजक हरि सिंह अर्जुन सिंह ने बताया कि कथा का शुभारंभ गणपति पूजा, मंडल स्थापना और कलश यात्रा से हुआ।

### विधायक लोढ़ा व मंत्री धारीवाल के बीच तकरार

**जयपुर (विसं)।** विधानसभा में मंगलवार को संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल और मुख्यमंत्री के सलाहकार संयम लोढ़ा के बीच जमकर तकरार हुई। दरअसल संयम लोढ़ा ने सदन में मुद्दा उठाया कि सिरोही के राजकीय जिला अस्पताल में सोमवार देर रात अस्पताल प्रशासन की लापरवाही से 29 दिन के मासूम बच्चे को श्वान खींच ले गए और नोंच खाया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। लोढ़ा ने मांग रखी कि जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। शिशु की मां को सरकारी नौकरी व परिवार को 10 लाख का मुआवजा दिया जाए। इस बीच मंत्री शांति धारीवाल ने लोढ़ा से कहा कि विधानसभा में गृह व कारागार की डिमांड चल रही है, चिकित्सा पर डिमांड कल है, यदि आप चिकित्सा पर यह मामला उठाते तो ज्यादा अच्छा होता। इस पर लोढ़ा ने कहा कि आपको खुद को आगे बढ़कर कहना चाहिए कि मुख्यमंत्री से बात करके घोषणा करते है, आप कल के लिए कह रहे हैं। खुद का बच्चा जाए तो पता चलता है, दूसरो का बच्चा जाए तो पता नहीं चलता।

# डॉक्टर्स ने रैंप पर बिखेरा फैशन का जलवा

## सिंगिंग और फैशन शो में डॉक्टर्स ने दिखाई अपनी प्रतिभा




एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज के प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन के तहत मंगलवार को हुए कल्चरल फेस्ट में बॉलीवुड एक्ट्रेस मुग्धा गोडसे व एक्टर गैवी चहल मौजूद रहे। इस मौके पर आयोजन सचिव डॉ. अशोक गुप्ता, संयोजक डॉ. संदीप निझावन व रमेश रूपराय भी मौजूद थे।

**जयपुर (कासं)।** रैंप पर पड़ती रंग-बिरंगी लाइट्स, फॉग व म्यूजिकल बीट्स के बीच डॉक्टर्स ने रैंप वॉक कर फैशन का ऐसा जलवा बिखेरा, जैसे वे प्रोफेशनल हों। मौका था, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन के तहत हुए कल्चरल फेस्ट का। फेस्ट में सॉन्ग्स प्री फिनाले और फैशन शो आयोजित किया गया।

बिरला ऑडिटोरियम में हुए कल्चरल फेस्ट में पहले डॉक्टर्स ने सुरों की महफिल जमाई और इसके बाद फैशन का जलवा भी बिखेरा। फैशन शो में बॉलीवुड एक्ट्रेस मुग्धा गोडसे और एक्टर गैवी चहल शो स्टॉपर रहे।

एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा और आयोजन सचिव डॉ. अशोक गुप्ता ने बताया कि कल्चरल फेस्ट का फाइनल आगामी चार मार्च को आयोजित किया जाएगा। मंच संचालन डॉ. रमेश रूप राय ने किया।

कल्चरल फेस्ट के संयोजक डॉ. संदीप निझावन ने बताया कि फैशन शो से पहले म्यूजिकल नाइट आयोजित हुआ जिसमें डॉ. गौरव जैन, डॉ. संजय रायजादा और डॉ. पूजा राठौड़ ने सभी प्रतिभागियों को जज किया। प्री फिनाले में चुने गए प्रतिभागी चार मार्च को फिनाले में परफॉर्म करेंगे।

डॉ. सौरभ जैन ने बताया कि फैशन शो में 100 डॉक्टर्स ने रैंप वॉक किया। शो में फैशन डिजाइनर एकता एन पार्थ का काफ्रा, आशना वासवानी का फैशनॉलिक, प्रणय का निखार फैशन और मयूर मोहन का मोहनलाल एंड संस रेंज के आउटफिट्स पहनकर डॉक्टर्स ने रैंप वॉक किया। इस दौरान मेल डॉक्टर्स ने शेरवानी, ट्रिक्सिडो, जोधपुरी आउटफिट्स पहने। वहीं फीमेल डॉक्टर्स ने ट्रेडिशनल आउटफिट्स, गोटा पत्ती, जरी, पटोला प्रिंट साड़ी में रैंप वॉक की।

### राजसमंद में करोना से एक संक्रमित की मौत

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । प्रदेश में मंगलवार को एक नया करोना संक्रमित मिला हैं। वहीं कई दिनों बाद राजसमंद में एक संक्रमित की मौत भी हुई है। हालांकि इस बीच केवल एक ही मरीज के ठीक होने से एक्टिव केस 7 रह गए हैं। प्रदेश में मंगलवार को राजसमंद में एक नया करोना संक्रमित मिला है। इससे पहले सोमवार को राज्य में 2 रोगी पाए गए थे। इधर आज राजधानी जयपुर में फिर कोई नया मरीज सामने नहीं आया है। वहीं पिछले चौबीस घंटों में राज्य में एक संक्रमित के रिकवर होने से एक्टिव केस 7 ही बने हुए हैं। इनमें उदयपुर व जयपुर में 2-2 तथा अजमेर, हनुमानगढ़ व जोधपुर में 1-1 मामला है। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना से राजसमंद में एक संक्रमित की मौत हुई है। प्रदेश में अब तक इस बीमारी से 9655 लोगों की मौत हो चुकी है।

### निर्मला सेवानी का सैशन कल

**जयपुर** । कानोड़िया गर्ल्स एल्युमिनी एसोसिएशन की तरफ से 2 मार्च को दोपहर 3.30 बजे डी-स्ट्रेस मेडिटेशन का सैशन होगा। एसोसिएशन की अध्यक्ष साधना गर्ग ने बताया कि कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय ऑडिटोरियम में होने वाले इस सैशन में नामी एस्ट्रॉलोजर वेलनेस गुरु निर्मला सेवानी हॉस्टल के करीब 300 से अधिक स्टूडेंट्स और एसोसिएशन की मेम्बर्स को एग्जाम के दिनों में डी स्ट्रेस के बारे में बताएंगी।

# निबंधों में हमारा समय बोलता है : अशोक सिंह

## दुर्गाप्रसाद अग्रवाल के निबंध संग्रह 'आधी-आबादी के किस्से' का लोकार्पण



हिंदी आचार्य प्रो. अशोक सिंह और लेखक सूरज प्रकाश ने पुस्तक मेले में डॉ. दुर्गाप्रसाद के निबंध संग्रह का विमोचन किया।

**जयपुर (कासं)।** हिंदी में सभी गद्य विधाओं में निबंध सबसे पुरानी और लोकप्रिय विधा है। भारतेंदु हरिश्चंद्र से हमारे समय तक निबंध लिखने और पढ़ने का उत्साह बना हुआ है।

संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा के कुलपति और हिंदी आचार्य प्रो अशोक सिंह ने उक्त विचार विश्व पुस्तक मेले में एक लोकार्पण समारोह में व्यक्त किए। प्रो सिंह जाने माने लेखक डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल के निबंध संग्रह आधी आबादी के किस्से का लोकार्पण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नियमित निबंध लिखने का कौशल कम गद्य लेखकों में होता है और दुर्गाप्रसाद अग्रवाल ने जिस प्रतिबद्धता से निबंध लिखे हैं, वह सचमुच अभिनन्दनीय है।

समारोह में विख्यात लेखक सूरज प्रकाश ने कहा कि जिस सरल सहज भाषा मे अग्रवाल लिखते हैं वह किसी भी गद्य लेखक के लिए स्पृहणीय है। सूरज प्रकाश ने कहा कि सचेत का सद्य के बाद इस साल यह उनका दूसरा निबंध संग्रह आया है जो उनके लेखन की निरन्तरता का प्रमाण है। उपन्यासकार हरिराम मीणा ने कहा कि वे अग्रवाल की गद्य लेखन के प्रारंभिक पाठकों में से हैं और उनके निबंधों की एक विशेषता अपने समय के वास्तविक सवालों से टकराना है। मीणा ने कहा कि अग्रवाल जैसे लेखक अपने निबंधों में सामाजिक विषयों को जिस व्यापकता के साथ सम्बोधित करते हैं वह भी प्रेरणास्पद है।

पत्रकार और लेखक रामशरण जोशी ने कहा कि रोजमर्रा के विषयों पर लिखना किसी भी लेखक के लिए बड़ी चुनौती है और डॉ. अग्रवाल ने इस चुनौती को कुशलता से निभाया है। भारतीय विदेश सेवा से सेवानिवृत्त राजीव सिंह, कवि राघवेन्द्र रावत, कथाकार ज्ञानचंद बागड़ी, कला समीक्षक ए.एल.दमामी, युवा उपन्यासकार नवीन चौधरी और सिनेमा विशेषज्ञ मिहिर पंड्या, लेखिका डा. उषा गोयल, रश्मि भटनागर ने भी चर्चा में भागीदारी की।

संयोजन कर रहे युवा आलोचक पल्लव ने डॉ.दुर्गाप्रसाद अग्रवाल की रचना यात्रा का परिचय देते हुए कहा कि उनके निबंध पाठकों को संस्कारित भी करते हैं और लोक शिक्षण की दृष्टि से यह महत्त्वपूर्ण सृजन है। पल्लव ने कहा कि राजस्थान के कथेतर लेखन में अग्रवाल जी के निबंधों को ख़ास तौर पर रेखांकित किया जाना चाहिए जो अत्यंत कैनवास पर लिखे हैं।

## सार-समाचार

### मेडिकल साइंस की बारीकियां समझी

**जयपुर** । लेप्रोस्कोपी तकनीक से पेट में किस तरह टांके लगते हैं, यह बच्चों ने खुद सिम्युलेटर पर करके देखा। गत 20 फरवरी से एसएमएस मेडिकल कॉलेज में चल रही साइंस ऑफ लाइफ एग्जीबिशन का मंगलवार को समापन हुआ। इसमें स्कूली छात्रों समेत हजारों लोगों ने मेडिकल साइंस की बारीकियां समझी। 75 साल पूरे होने पर एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन के अंतर्गत इस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा ने बताया कि एग्जीबिशन में मेडिकल कॉलेज के सभी 44 विभागों ने स्टॉल लगाकर अपनी-अपनी प्रजेंटेशन दी। इस दौरान अंतिम दो दिनों में आमजन के लिए निशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग कैंप भी आयोजित किया गया। आयोजन सचिव डॉ. अशोक गुप्ता ने बताया कि एग्जीबिशन में असली मानव अंगों को प्रदर्शित किया गया और डॉक्टर्स ने लोगों को उन अंगों की कार्यप्रणाली के बारे में बताया।

### बलवान पूनियां व बीजेपी विधायक भिड़े

**जयपुर (विसं)।** राज्य विधानसभा में मंगलवार को कारागार और पुलिस विभाग की अनुदान मागों पर चर्चा के दौरान मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के विधायक बलवान पूनिया और भाजपा विधायकों के बीच जमकर तू-तू-मैं-मैं हो गई। इसी बीच कांग्रेस विधायक रफीक खान ने सदस्यों से पार्टी से ऊपर उठकर साथ देने का आव्हान किया। प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होने की बात कहते हुए बलवान पूनिया ने कहा कि भरतपुर से दो युवकों को अपहृत कर हरियाणा में हत्या की। ऐसी घटनाएं पाली, सुमेरपुर अथवा जालोर में भी हुई, लेकिन किसी में भी सरकार अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं कर सकी है। उन्होंने इन घटनाओं में बजरंग दल कार्यकता के शामिल होने की बात कही तो भाजपा सदस्य मदन दिलावर ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि सदस्य बिना किसी सबूत के बजरंग दल का नाम ले रहे हैं। इस बात पर भाजपा के कई सदस्य अपने स्थान से खड़े हो गए और नारेबाजी करते हुए वेल में आने लगे, लेकिन उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने उन्हें समझाकर अपने स्थान पर वापस भेज दिया। इसके बाद भी भाजपा विधायकों की बलवान पूनिया से झड़प होती रही।

### 'होलिका दहन के लिए मुफ्त गौकाष्ठ देंगे'

**जयपुर (कासं)।** होलिका दहन पर पेड़-पौधों को बचाने और गोकाष्ठ को बढ़ावा देने के लिए हिंगोनिया गो-पुनर्वास केंद्र शहरवासियों को 400 क्विंटल गोकाष्ठ निःशुल्क उपलब्ध कराएगा। मंगलवार को निगम मुख्यालय में महापौर सौम्या गुर्जर ने "गोकाष्ठ अपनाएं, पर्यावरण बचाएं" पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने बताया कि यह गोकाष्ठ निःशुल्क मिलेगा। पर महापौर ने कहा कि पर्यावरण रक्षा के लिए एक साथ आना चाहिए। हिंगोनिया गोशाला में प्रति पार्षद को 150 किलो गोकाष्ठ दिया जाएगा। इसके बाद वे अपने वार्ड में लोगों को बांट सकेंगे। मेयर ने बताया कि हिंगोनिया गोशाला के नंबर 9549010154 और नगर निगम के हेल्पलाइन नंबर 0101-2742181 पर फोन करके लोग निःशुल्क गोकाष्ठ बुक करा सकेंगे। गोशाला में करीब 400 क्विंटल गोकाष्ठ तैयार किया गया है। निगम मुख्यालय में उप महापौर पुनीत कर्णावट ने प्रेसवार्ता कर कहा कि होलिका दहन पर गो काष्ठ का उपयोग बढ़ रहा है। राज्य के 10 नगर निगम, 33 जिला परिषद और 352 पंचायत समितियों के प्रतिनिधि अभियान से जुड़े हैं। उप महापौर ने कहा कि पिछली बार 2200 स्थानों पर होलिका दहन में गोकाष्ठ का उपयोग हुआ था।

### पत्नी ने करवाई थी पति की हत्या

**जयपुर (कासं)।** सांगानेर सदर इलाके में 25 फरवरी को वाटिका रोड पर स्थित कुएं में मिली युवक की लाश से शिवदासपुरा थाना पुलिस ने पर्दा हटा दिया है। पति द्वारा एतराज करने पर पत्नी ने हत्या की साजिश रच प्रेमी और उसके दोस्तों से वारदात को अंजाम दिलाया था। पुलिस ने हत्यारिन पत्नी सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी (साउथ) योगेश गोयल ने बताया मृतक राकेश की हत्यारिन पत्नी फूला उर्फ पूजा मीणा (24) निवासी ग्राम हिगोटिया, निवाई जिला टोंक हाल किरायेदार वसुन्धरा कुटुम्ब, बीलवा इसके प्रेमी कृष्ण कुमार मीणा (20) सहित दिलखुश मीणा (20) विजय मीणा (23) निवासी देवली थाना लालसोट को गिरफ्तार किया गया है। कार्यवाहक थानाप्रभारी कैलाश सिंह ने बताया आरोपित पत्नी पूजा और उसका प्रेमी पहले तो पुलिस से झूठ बोलते रहे, लेकिन जब सख्ती से पूछताछ की गई तो जुर्म कबूल लिया। पूजा का कृष्ण से नाजायज संबंध थे, जिसका मृतक राकेश को पता चला तो दोनों ने उसकी हत्या की साजिश रची। कृष्ण ने अपने गांव के दिलखुश मीणा, विजय मीणा और कार चालक विजेंद्र उर्फ़ विजय से संपर्क किया। इसके बाद राकेश की हत्या कर उसकी लाश कुएं में डाल दी थी।

# हथियारबंद बदमाशों ने किया युवक-युवती का अपहरण

## पीड़ित की कार में ही दोनों को बंधक बनाकर जयपुर के मुहाना क्षेत्र से बहरोड़ ले गए बदमाश

- बंदूक की नोंक पर कार में रखे 2.38 लाख रुपये लूट लिए, युवक के चाचा से साढ़े 3 लाख रु.वसूले
- पुलिस को बुलाने पर दोनों का मर्डर करने की धमकी दी तो पीड़ित ने चुकाई फिरौती
- अपहृत युवती से उसके परिजनों व पुलिस का संपर्क हुआ, उसके जयपुर आने पर वारदात खुलेगी

**जयपुर (कासं)।** मुहाना इलाके में बिजनेसमैन युवक और उसकी धर्म बहन का उसी की कार में अपहरण हो गया। हथियार की नोंक पर 4 बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगी, फिर 6 लाख रु. वसूलकर युवक को तो अगले दिन छोड़ दिया, लेकिन युवती को बंधक बनाकर ले गए।

ताज्जुब की बात यह रही कि बदमाश पुलिस नाकाबंदी को धता बताते हुए बदमाश आसानी से शहर पार करते हुए दिल्ली रोड पर निकल गए। युवती का मंगलवार को दिल्ली की तरफ सुराग लगा है। युवती का परिजनों और पुलिस से संपर्क हुआ है, जिसके जयपुर आने पर पूरी वारदात का पता चल सकेगा। फ़िलहाल, पुलिस घटनास्थल के आस-पास लगे कैमरों की फुटेज खंगाल बदमाशों की तलाश में जुटी है।

थानाधिकारी जयप्रकाश पूनियां ने बताया जेडीए कॉलोनी, मीणा पालड़ी निवासी विकास कुमार (26) पहले बजरी कारोबार से जुड़ा हुआ था। वह 25 फरवरी की रात 11 बजे करीब अपनी धर्म बहन और इसकी छोटी बहन और सहेली को क्रेटा गाडी से इलाके स्थित होटल हयात छोड़ने आया था। यहां धर्म बहन की बहन और उसकी सहेली को छोड़कर दोनों जाने लगे तो इसी दौरान 4 बदमाश आए और दोनों को हथियार का भय दिखाकर विकास की गाड़ी में ही किडनैप कर ले गए।

पूनियां ने बताया किडनैपरों ने विकास की गाड़ी में रखे 2.38 लाख रूपए लेने के बाद फिरौती मंगवाने के लिए चाचा मदन लाल को कॉल कराया, जिसने उसी समय 50 हजार रूपए आरोपियों को फोन पे कर दिए। इसके बाद 3 लाख की और डिमांड की गई। विकास के चाचा ने खोह नागोरियान थाना पुलिस से संपर्क किया तो सादा वर्दी में पुलिस उनके साथ गई, जिन्हें देख बदमाशों ने मदन को कॉल कर कहा कि मना करने के बावजूद पुलिस को साथ लिया, अब तुम्हारे भतीजे का मर्डर करेंगे। इससे मदन लाल डर गया और पुलिस का साथ छोड़कर बदमाशों द्वारा बताए गए व्यक्ति को फिरौती के 3 लाख रूपए थमा दिए। अगले दिन 26 फरवरी की दोपहर बदमाश विकास को अलवर की तरफ छोड़ गए। वह लिफ्ट लेकर शाहपुरा पहुंचा, जहां थाने में पुलिस को घटना के बारे में बताया। पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन वहां कोई नहीं मिला। बदमाश युवती को कार में लेकर घूमते रहे। पुलिस को लूटी गई कार बहरोड़ क्षेत्र में लावारिस हालत में मिली है, जबकि मंगलवार दोपहर को अपहृत युवती से भी पुलिस का संपर्क हो गया है। वह दिल्ली की तरफ मिली है, जोकि जयपुर आने के लिए रवाना हो गई थी। युवती के साथ कुछ गलत तो नहीं हुआ, इसका पता उसके आने पर ही चल सकेगा। वारदात के बाद पुलिस अलर्ट मोड़ पर आई है।

पुलिस की आधा दर्जन से अधिक टीमें अलग-अलग टास्क पर काम कर रही है।



## International Ideas Month


International ideas month is all about realizing the value of an idea, no matter how silly it might seem at first. If there's something you have been mulling over for a while, an idea you've had but not really thought of making it a reality, then this month is the time to get your great idea rolling.Some of the biggest, most impressive things in our modern world - be that huge, lumbering buildings or complex, shiny smartphones - started as an idea. Without ideas, we wouldn't have any of the cool stuff we have in the world today.



#PHYSICS

# "Nothing" Doesn't Exist

When you combine the Uncertainty Principle with Einstein's famous equation, you get a mind-blowing result: Particles can come from nothing.



What is nothing? This is a question that has bothered philosophers as far back as the ancient Greeks, where they debated the nature of the void. They had long discussions trying to determine whether nothing is something.

While the philosophical facets of this question pose some interest, the question is also one that the scientific community has addressed.

### It's Nothing, Really

What would happen if scientists took a container and removed all the air out of it, creating an ideal vacuum that was entirely devoid of matter? The removal of matter would mean that energy would remain. Much in the same way that the energy from the Sun can cross to the Earth through empty space, heat from outside the container would radiate into the container. Thus, the container wouldn't be truly empty.

That's where things become counterintuitive. It turns out that nothing isn't nothing.

### The Nature of "Nothing"

The laws of quantum mechanics are confusing, predicting that particles are also waves and that cats are simultaneously alive and dead. However, one of the most confusing of all quantum principles is called the Heisenberg Uncertainty Principle, which is commonly explained as saying that you cannot simultaneously perfectly measure the location and movement of a subatomic particle.

While that is a good representation of the principle, it also says that you cannot measure the energy of anything perfectly and that the shorter the time you measure, the worse your measurement is. Taken to the extreme, if you try to make a measurement in near-zero time, your measurement will be infinitely imprecise.

These quantum principles have mind-bending consequences for anyone trying to understand the nature of nothing. For example, if you try to measure the amount of energy at a location – even if that energy is supposed to be nothing – you still cannot measure zero precisely. Sometimes, when you make the measurement, the expected zero turns out to be non-zero. And this isn't just a measurement problem; it's a feature of reality. For short periods of time, zero is not always zero.

When you combine this bizarre fact (that zero expected energy can be non-zero, if you examine a short enough time period) with Einstein's famous equation E = mc2, there is an even more bizarre consequence. Einstein's equation says that energy is matter and vice versa. Combined with quantum theory, this means that in a location that is supposedly entirely empty and devoid of energy, space can briefly fluctuate to non-zero energy - and that temporary energy can make matter (and antimatter) particles.


### Quantum Foam

Thus, at the tiny quantum level, empty space isn't empty. It's actually a vibrant place, with tiny subatomic particles appearing and disappearing in wanton abandon. This appearance and disappearance has some superficial resemblance to the effervescent behaviour of the foam on the top of a freshly poured beer, with bubbles appearing and disappearing - hence the term "quantum foam."

The quantum foam isn't just theoretical. It is quite real. One demonstration of this is when researchers measure the magnetic properties of subatomic particles like electrons. If the quantum foam isn't real, electrons should be magnets with a certain strength. However, when measurements are made, it turns out that the magnetic strength of electrons is slightly higher (by about 0.1%). When the effect due to quantum foam is taken into account, theory and measurement agree perfectly - to twelve digits of accuracy.

Another demonstration of the quantum foam comes courtesy of the Casimir Effect, named after Dutch physicist Hendrik Casimir. The effect goes something like this: Take two metal plates and put them very near one another in a perfect vacuum, separated by a tiny fraction of a millimetre. If the quantum foam idea is right, then the vacuum surrounding the plates is filled with an unseen flurry of subatomic particles blinking into and out of existence.

Outside the tiny gap, all waves can fit without restriction. However, inside the gap, only waves that are shorter than the gap can exist. Long waves simply cannot fit. Thus, outside the gap, there are waves of all wavelengths, while inside the gap there are only short wavelengths. This basically means that there are more kinds of particles outside than inside, and the effect is that there is a net pressure inward. Thus, if the quantum foam is real, the plates will be pushed together.



Over the years this Research institute of Tonk has been encouraging, nurturing and furthering the cause of advancement of Arabic and Persian studies by acting as a repository of invaluable manuscripts and ancient reference material. These delicate priceless possessions I saw were meticulously updated and preserved scientifically. Manuscripts at APRI (Maulana Abul Kalam Azad Arabic Persian Research Institute) are believed to be the original treatises, stands out for a very high quality of its illustrated manuscripts scripted in Arabic, Persian and Urdu languages. It consists of over 8000 manuscripts, 28188 printed books , 674 farmans and 65000 judgements files of shariat court of Tonk state; assortments of other objects coins, weights, calligraphic art of which an exceptional specimen work is named " Khat-i-Nakhoon " or the letter crafted by finger nails. The world largest size Quran is exhibited

# A Work Of Art




CV Vaidyanathan


#BRILLIANCE

***!!! Coincidence !!!***

Coincidence is a recognised element in "real life" all of us have anecdotes about those times when by mere coincidence we stumbled on to some wonderful experiences. I visualised a game of cricket played some sixty years ago, was then barely eleven years of age watching my school St Xavier's playing an exciting game where our only expectation, a sterling all-around performance from Shamsher Khan. Most boys enjoyed surrounding him during break sessions minutely observing his cricket attire and expression. This was put to practice thoroughly at our colony street cricket. Shamsher for me was similar to a matinee idol, its impact and presence can never fade.

### Intellectual Curiosity

Internet search engines of the present era to gather with application of web browsers and print media reconnected me to Shamsher early this year and met him a fortnight ago after exactly " SIXTY YEARS " at Banasthali - Newai railway station about seventy miles from Jaipur. Senior then in school days by eight years no chance of recognising each other both turned septuagenarians embracing warmly on equal terms, grateful that we made this far and optimistic about future. Times have changed most of us are living decades longer than once we did, staying fitter, healthier, sharpening our wisdom years than ever before; the most pleasing observation which I instantly noticed the transformation with the changing trends over decades. We both carried screen touch smart mobiles, adored stylish motor sport caps, my stuff packed securely in the rolling carbon suitcase unlike the steel trunk and hold baggage of the past. Developing social connections and further taking chances on reaching out to old acquaintances years after school certainly boosts emotional well-being. Services like internet search engines with application for instance web browser, print media allow to stay connected. Miracle did happen when my blog "Student days in Jaipur" got posted in the columns of indiaofthepast.org, and Shamsher from his ancestral home town Tonk in State of Rajasthan called me for the first time we could establish contact almost 60 years later.



**Ghalib on Namda:** The Namda collection displayed in the Institute shows a specific form of work that involves the pasting of the white Namda pieces on a black one. The results in a creating an image or inscription on it. This image shows the eminent Urdu poet Mirza Ghalib on a Namda wall hanging.

Tonk a native place of Shamsher Khan was a princely state of India at the time of British Raj, situated about 100 km south of Jaipur. The first ruler of Tonk was Nawab Mohammad Amirkhan from the Tarkani tribe its origin near today Afghanistan. He was a military general in the service of Yashwantrao Holkar of Maratha Empire. Amir Khan received State of Tonk from Maratha Empire. Shamsher Khan is the direct descendant of the first Khan ruler; his father Sahibzada Sardar Muhammad Khan was an ICS officer served during his civil service career as Collector and District Magistrate in 1931 of Junagadh and also was Diwan, President of State council of Junagadh later he was also collector of Ratnagiri now in Maharashtra State. The third ruler of Tonk state Nawab Muhammad was exiled by the Britishers to Benaras who being academic took with him Thirty Nine scholars and Fifteen scribes, efficiently used his days in collecting valuable Arabic and Persian manuscripts during twenty years of exile. This outstanding experience laid an indirect foundation of renowned "Institute of Maulana Abul Kalam Azad Arabic Persian Research" in Tonk. The state government of Rajasthan in 1978 created a special status of independent Directorate granting adequate funds to preserve priceless manuscripts and encourage research. The objectivity of the Arabic

Persian institute of Tonk is to preserve the original documents and providing such manuscripts to the scholars who come here to further research. Starting with very little science, philosophy or literature of his own the Arabian Muslim who brought with him from desert a keen sense of intellectual curiosity a voracious appetite for learning from Hellenic, Persian, Aramaic and Indian for wisdom, literature and science. The Arabs rose out of semi barbarous land and touched the heights of intellectual and spiritual glory world wide.

### Treasure Of Knowledge

For almost five to six centuries upto 1300AD in every walk of life the Arabs were on forefront of world civilisation; their taste in living, in standards of conduct, in commerce were exemplary. They took to learning from everywhere, made the rich heritage of Egypt, Syria, Greece, Persia, Spain and India their own possession. The light shed at Kuffa and Basra in Iraq reached the corners of the world. It is significant to mention here the initial intellectual contributions from Al Kindi an Arab, Al FarabI a Turk and Ibn Sina a Persian.

Since Arabs not only assimilated the ancient lore of Persia and classic heritage of Greece but could adapt and add further by study and research in medicine, astronomy, mathematics, law, geography, theology and various sciences; for had the researches of Aristotle, Galen and Ptolemy been lost the world would have never seen the treasure of immense value and knowledge.


Over the years this Research institute of Tonk has been encouraging, nurturing and furthering the cause of advancement of Arabic and Persian studies by acting as a repository of invaluable manuscripts and ancient reference material. These delicate priceless possessions I saw were meticulously updated and preserved scientifically. Manuscripts at APRI (Maulana Abul Kalam Azad Arabic Persian Research Institute) are believed to be the original treatises, stands out for a very high quality of its illustrated manuscripts scripted in Arabic, Persian and Urdu languages. It consists of over 8000 manuscripts, 28188 printed books, 674 farmans and 65000 judgements files of shariat court of Tonk state; assortments of other objects coins, weights, calligraphic art of which an exceptional specimen work is named " Khat-i-Nakhoon " or the letter crafted by finger nails. The world largest size Quran is exhibited at APRI whose page length is 10 feet 5 inches, width 7 feet and 6 inches , written with pen width of 3mm; it's each page has 41 lines contains 64 pages and weighs 250 kg binding decorated with silver corners. I was fortunate to meet Sz Abdul Moid Khan former Director of APRI a scholar of immense international repute whose vision and efforts revitalised this art of preservation of historical documents at APRI. I am also grateful to the Director of APRI Sahibzada Dr Saulat Ali Khan a distinguish scholar of Arabian and Persian literature who is possessed with intellectual curiosity, zeal for learning with the sole motive to support and develop intellectual growth of researchers at APRI to explain in detail personally historic documents.

This to me was truly a matter of "Coincidence" that I happen to visit Tonk for the first time despite being a resident of Jaipur initially for 38 years I owe this wonderful experience to Capt (Para trooper) Sahibzada M. Shamsher Khan.


writetoarbit@rashtradoot.com




Building of Arabian Persian Research Institute Tonk.



Printed image of the Kabba building in Mecca, Saudi Arabia.



Former Vice President Mohd. Hamid Ansari visiting the Maulana Abul Kalam Azad Arabic Persian Research Institute, in Tonk.







#LIFESTYLE

# Transform Your Outdoor Space

Quick tricks to give your garden a boost.

For lazy afternoons in the sun and long evenings socialising, there is no better time to enjoy your garden than the summer months.

Make the most of the warm weather by creating a beautiful space to relax in and be the envy of friends and family, whether that's with blankets of vibrant flowers or an impressive focal point.

Keen to create an amazing garden before Summer is in full swing? Transform your space from so-so to sensational in no time with these quick and clever ideas.

These simple tricks should be all the inspiration you need.



### Think Big

One large shrub or tree can instantly make your garden feel more settled and mature. Go for the biggest you can afford - reputable nurseries will offer a guarantee. If there's a wholesale nursery in your area, you may be able to grab yourself a bargain by buying a large shrub in full flower.



### Quick Break

Do you need to mark a boundary, or divide a long, thin garden into 'rooms'? You can put up sections of small-squared trellis, draping it with fast-growing annual climbers such as black-eyed Susan or runner beans. This can give you the chance to experiment with bold colour - try the dazzling sky-blue morning glory Ipomoea tricolour 'Heavenly Blue'.

### Add Structure

When planning a garden, begin with evergreens – these will be the backbone, creating structure throughout the year. Repeating the same plant, such as box balls or columns of yew, makes a pleasing framework so showier plants can strut their stuff.

Evergreens can be showstoppers, too – let's not forget the glossy, plate-like leaves of Fatsia japonica, the gorgeous blooms of camellias or the striking silvery spears of Asteliachathamica. And they needn't even be green: the hugely versatile pittosporums are available in a range of gold and silver, creamy or purple shades.

### Create a Focal Point

A strong feature will add impact and draw the eye away from any less-perfect areas of your garden. A dramatically planted container works well - especially in a small garden - and the larger the container, the less often you'll have to water it.

As an alternative, try grouping your containers, always remembering that less is more. If they are different sizes, or you're using a variety of plants, make sure they're all made of the same material – coloured resin or galvanised steel for a modern, urban look, or weathered terracotta for a more traditional garden.

To make a bold statement, plant up three identical containers with the same plants - you can change them with the seasons. It's a trick often used in show gardens, and it works just as well at home.

### High Living

Turn a dreary balcony or roof terrace into a joyous up-in-the-air allotment, choosing plants like tomatoes and chillies that enjoy a hot, sunny spot and won't be too upset by windy conditions. Try sweet cherry tomatoes like 'Sungold', 'Sweet Aperitif' or trusty 'Gardener's Delight' for a steady supply of fruit.

Juicy plum tomatoes are always worth a try, and there are many good varieties bred specially for hanging baskets, such as 'Tumbler' or golden-fruited 'Balconi Yellow', while vigorous, cascading 'Hundreds and Thousands' makes such a pretty show that you may almost be persuaded not to nibble. They are really easy to grow - just pop one plant into each basket, remember to water it (ideally adding a splash of tomato food) and that's it.

### Instant Meadow

Here's the ultimate in labour-saving gardening: you can now create a beautiful wildflower meadow as simply as rolling out a carpet. Instead of waiting to sow seed in Spring or Autumn, simply peg down a mat of biodegradable felt, studded with seeds of some 20 different flowers. The felt acts as a barrier to competing weeds, especially thuggish grasses, allowing the flowers to get a head start.

### Quick Colour

Pelargoniums are the instant gardener's best friend, bulking up quickly to fill the garden with colour all Summer long. In a new garden, concentrate them in key spots to give a 'full garden' feel while the rest of your planting catches up. They're easy to find in garden centres, but a specialist nursery will offer a much more exciting range of colours and forms.

### Easy Herb Garden

Go to the supermarket and fill your basket with growing herbs. Then, instead of watching them wilt away, plant them in a window box. Nine times out of 10, they will thrive, even if you sometimes forget to water them.


### Screen Stars

Hide eyesores with some clever planting. For a small area, a few pots of bamboo will offer rapid screening - not too dense or light-limiting, but evergreen and pleasing to the ear and the eye. And if you don't need screening at a lower level, you can remove the bottom leaves to reveal the bamboo's brightly coloured stems.

Where space is at a premium, nothing is lovelier than pleached trees. You can buy them already trained into a variety of shapes - cubes or oblongs or highly space-efficient flat screens.




## THE WALL





## BABY BLUES


By Rick Kirkman & Jerry Scott





## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# इंद्रप्रस्थ गैस कंपनी के कर्मचारियों ने गैस लाइन डालने के चलते तोड़ी पेयजल सप्लाई की लाइन

## सात दिन में तीन बार लाइन टूटने से हुई पानी की समस्या, क्षेत्रवासियों ने विरोध जताकर रुकवाया काम



अजमेर के वार्ड 38 की कॉलोनी में पार्षद के नेतृत्व में कॉलोनीवासियों ने प्रदर्शन किया।

**अजमेर,** (कासं)। नगर निगम के वार्ड संख्या 38 आदर्श नगर की शालीमार कॉलोनी में इंद्रप्रस्थ गैस कंपनी लिमिटेड की ओर से डाली जा रही गैस पाइप लाइन के चलते मंगलवार सुबह कर्मचारियों ने कॉलोनी की मुख्य पानी सप्लाई की पाइप लाइन को तोड़ दिया, जिससे पेयजल सप्लाई बाधित हो गई।

पानी सप्लाई नहीं होने से आक्रोशित कॉलोनी वासियों ने विरोध स्वरूप काम बंद करवा दिया, साथ ही लाइन दुरस्त कर पानी की आपूर्ति सुचारू करने की मांग की है। पिछले सात दिनों में तीसरी बार कॉलोनी की पेयजल सप्लाई की मुख्य पाइप लाइन तोड़ी है। वहीं दोपहर बाद मौके पर पहुंचे निगम अधिकारियों ने कंपनी प्रतिनिधियों को कार्य को मापदंडों के अनुरूप करने और पाइप लाइन को दुरुस्त करने के अश्वासन के बाद काम पुनः शुरू हो सका।

नगर निगम के वार्ड संख्या 38 शालीमार कॉलोनी आदर्श नगर में इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड की ओर डाली जा रही गैस लाइन से मंगलवार सुबह कॉलोनी की पानी सप्लाई की मुख्य पाइप लाइन तोडने से पेयजल की समस्या खड़ी हो गई। नाराज कॉलोनी वासियों ने विरोध जताते हुए कर्मचारियों से काम बंद कराया और कंपनी के अधिकारियों को मौके पर बुलाने की बात कही, लेकिन कंपनी का कोई भी बड़ा अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। कॉलोनीवासियों व शालीमार कॉलोनी विकास समिति के पदाधिकारियों की सूचना पर पहुंचे स्थानीय पार्षद देवेंद्र सिंह शेखावत को मौका स्थिति से अवगत कराया। लोगों का कहना रहा कि व्यवस्थित रूप से काम नहीं करने के कारण क्षेत्र के लोगों को आने-जाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पार्षद देवेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड कंपनी की ओर से शहर में डाली जा रही गैस पाइप लाइन को लेकर नगर निगम से कंपनी कोई कार्याआदेश नहीं मिले हैं, लेकिन कंपनी ने डीएलबी जयपुर से चीफ सेकेट्री के कार्य आदेश प्राप्त कर लिए। चीफ सैकेट्री के आदेश की पालना नगर निगम कंपनी के कर्मचारियों से करवा रही है। लेकिन कंपनी के कर्मचारी सरकार के मापदंडों के अनुरूप काम नहीं कर रहे हैं। कार्य को लेकर जब कंपनी के ठेकेदार से बाचीत की गई तो उसने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों ने कहा कि तुम्हारे पास तो कार्य आदेश है, कौन तुम्हारा काम रुकवा सकता है।

शेखावत ने कहा कि कंपनी के ठेकेदार कर्मचारियों ने लापरवाही पूर्व काम करते हुए ही कॉलोनी की मुख्य पेयजल पाइप लाइन को तोड़ दिया, कार्य के दौरान बार बार पाइप लाइन टूटने से कॉलोनी के लोगों को पिछले छह दिनों से पानी सप्लाई नहीं मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन टूटी पाइप लाइन छह घंटे तक कोई भी अधिकारी मौका देखने को नहीं आया, क्योंकि कंपनी के ठेकेदार को नगर निगम के अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है।

शॉलीमार कॉलोनी विकास समिति के पदाधिकारी रोहित कपूर ने कहना रहा कि इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड कंपनी द्वारा पिछले दस-पन्द्रह दिनों से गैस पाइप लाइन कॉलोनी में डाली जा रही है, जिसके चलते कॉलोनी में जगह-जगह गड्ढे खोदे जा रहे है, जिससे सडक़ क्षतिग्रस्त हो गई, साथ ही कॉलोनी की मुख्य पेयजल सप्लाई की पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिससे पानी का संकट भी खड़ा हो गया है, कॉलोनीवासियों को पानी टेंकर मंगवा कर काम चलना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि कंपनी के पास कार्य को लेकर जो आदेश हैं, वह 22 जनवरी 2022 से 23 फरवरी 2023 तक ही थे, कंपनी के कर्मचारियों को इस समयावधि में काम चालू करना था, लेकिन कंपनी ने समय पर काम पूरा नहीं किया, आज कार्य आदेश की समय सीमा समाप्त हो गई है, लेकिन इसके बावजूद भी कार्य किया जा रहा है। जब कंपनी के कर्मचारियों से कॉलोनी की क्षतिग्रस्त सडक़ और पानी की पाइप लाइन दुरुस्त कराने की बात करते है तो जवाब मिलता है कि रेस्टोरेशन (सडक़ दुरुस्तीकरण) का पैसा नगर निगम में जमा करवा दिया गया है, जबकि निगम की ओर से कंपनी को समय पर काम पूरा करने और क्षतिग्रस्त सड़कों को पुनः बनाने की बात कही गई। कंपनी द्वारा इस प्रकार का कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। पिछले दस से पन्द्रह दिन में कॉलोनी की पेयजल पाइप लाइन तीन बार तोड़ी है जिससे कॉलोनी में पानी की सप्लाई नहीं होने से कॉलोनी वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मनीष सेन ने बताया कि कंपनी के ठेकेदार कर्मचारियों ने कॉलोनी की सड़कों को जगह-जगह खोद दिया है तो वहीं पानी की पाइप लाइन कई बार क्षतिग्रस्त किया है, जब अधिकारियों को मौके बुलाते हैं तो इधर-उधर की बाते करते हैं, मौके पर आते नहीं है। मंगलवार को जब एक बार फिर पाइप लाइन क्षतिग्रस्त की तो स्थानीय पार्षद के साथ कॉलोनी वासियों ने एकत्रित होकर काम रुकवा दिया। उन्होंने कहा कि जब तक कंपनी के अधिकारी कॉलोनी की सडक़ व पाइप दुरुस्त नहीं करवाते तब काम नहीं करने दिया जाएगा।

इस अवसर पर पार्षद देवेंद्र सिंह शेखावत, रोहित कपूर, मनीष सेन, सुनील राका, डॉ. अनुपम भटनागर, अनुपम वर्मा, पंकज शर्मा, मनीष शर्मा, राधेश्याम वर्मा, आर खान, राधेश्याम जांगिड़, सौरभ खत्री, विनोद शर्मा, रवि, कुलभूषण पाराशर सहित बड़ी संख्या कॉलोनी वासियों ने विरोध जताया।

# सूने मकान से 12 तोला सोना, 2.5 किलो चांदी सहित नकदी चोरी

## चोरी का पता मकान मालिक को अगले दिन सुबह लगा, जब पड़ोसियों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ देखा



भीण्डर के हींता गांव में चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

**भीण्डर,** (निसं)। भीण्डर थाना क्षेत्र के हींता गांव में गत रात्रि को एक सूने मकान में चोरों ने लाखों रूपये के सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी पर हाथ साफ करके भाग गये। चोरी का पता मकान मालिक को अगले दिन सुबह लगा, जब पड़ोसियों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ देखा। इसके बाद भीण्डर पुलिस को सूचना दी गई, जिन्होंने मौका मुआयना करके चोरों को पकड़ने के लिए कार्यवाही शुरू कर दी है।

भीण्डर के हींता गांव निवासी कैलाशचन्द पिता नाथुलाल भट्ट अपने भाई रणछोड कुमार के साथ उदयपुर रहकर काम करते हैं। यहां गांव में उनकी माता गोपीबाई रहती है। 27 फरवरी को दोनों भाई हींता आए और यहां से मां को लेकर एक सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए परिवार सहित ब्राहम्णों की हुन्दर गांव गये हुए थे। इस दौरान पीछे से सूने मकान में 27 फरवरी की रात्रि को अज्ञात बदमाश मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ घर के अन्दर प्रवेश करके कैलाशचंद, भाई रणछोड कुमार व माता गोपीबाई के कमरों में चोरी करके 12 तोला सोना, 2 किलो 500 ग्राम चांदी और 19 हजार रूपये नकद चुरा करके ले गये। बदमाशों ने अलमारियों और पेटियों में खोजबीन करके सभी सामान अस्त-व्यस्त कर दिया।

भीण्डर पुलिस थाने में कैलाशचन्द भट्ट द्वारा दी रिपोर्ट में बताया कि उनके कमरे से चोर 4 ग्राम सोने का लोंग, 5 ग्राम सोने का टीका, 5 ग्राम सोने का टीका, 250 ग्राम चांदी का कंदोरा, 200 ग्राम चांदी के दो कंदोरे, 100 ग्राम चांदी के कातरिये, चांदी की बुछडियां, 10 हजार नकद चोरी किये। इसी तरह छोटे भाई रणछोड कुमार के कमरे से 20 ग्राम सोन का बाजु, 20 ग्राम सोने का नेकलेस, 25 ग्राम सोने की चुडियां, 5 ग्राम कान टॉप्स, 20 ग्राम सोन की चैन, 5 ग्राम सोने की अंगुठियां, 2 ग्राम सोने के लोंग, 150 ग्राम चांदी के पाइजेब जोड, 150 ग्राम चांदी के पाइजब की जोड, 50 ग्राम चांदी का ब्रासलेट व 2000 रूपये नकद चोरी किये। वहीं माता गोपीबाई के कमरे से 250 ग्राम चांदी के डंक, 150 ग्राम चांदी के कातरिये, 100 ग्राम चांदी के टॉप्स, 500 ग्राम चांदी के पाइजब, 500 ग्राम के चांदी के आवला नंग, 5 ग्राम सोने के लोंग व 7000 रूपये नकद चुरा करके ले गये।

# कांग्रेस की पदयात्रा का विरोध जताने आ रहे युवकों को पुलिस ने खदेड़ा



कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ों पैदल यात्रा का विरोध जताने आ रहे युवकों को खदेड़ा।

**आहोर,** (निसं)। कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो पैदल यात्रा का विरोध जताने आ रहे युवकों को पुलिस ने खदेड़कर दूर किया। जब कांग्रेस की पैदल यात्रा जालोर से आहोर के अंबेडकर सर्किल पर पहुंची तब चौधरी समाज के कुछ युवक नंगे बदन रैली के पास आ रहे थे। तब पुलिस ने उन्हें बीच रास्ते में ही रोककर आगे नहीं बढ़ने दिया। युवकों ने जबरदस्ती जाने की कोशिश की तब पुलिस ने घेरा डालकर दूर खदेड दिया। दरअसल ये युवक पिछले दिनों भाद्राजून में प्रशासन की ओर से किसानों के घर तोडे जाने से क्षुब्द थे और पैदल यात्रा में साथ आए जन अभाव अभियोग निराकरण समिति अध्यक्ष पुखराज पाराशर को हकीकत बताकर विरोध प्रकट करना चाहते थे।

जानकारी के अनुसार आज जब भाद्राजून पीड़ितों को यह मालूम हुआ कि कांग्रेस की हाथ से हाथ जोडो पैदल यात्रा आहोर आने वाली है और इस यात्रा में जिले के नेता पुखराज पाराशर सहित कई नेता आने वाले हैं तो ये लोग अपनी पीड़ा बताने के लिए आहोर पहुंचने शुरू हो गए। जब प्रशासन व पुलिस को भनक लगी की कहीं ये पीड़ित लोग कांग्रेस की रैली में खलल पैदा नहीं कर दे, इसलिए पुलिस ने पहले ही भाद्राजून व चौराई क्षेत्र से आने वाले रास्तों पर नाकाबंदी कर दी। इस दौरान भाद्राजून पुलिस ने वाहनों से आहोर आ रहे पीड़ित व चौधरी समाज के लोगों को बीच में ही रोक दिया और आहोर नहीं आने दिया। पुलिस की इस कार्रवाई का पीडितो ने विरोध भी किया। उधर किसान नेता प्रताप आंजना ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर बताया कि आहोर स्थिति चौधरी समाज छात्रावास में बिरादरी के लोग मौजूद थे। तब पुलिस ने छात्रावास को घेर लिया और हम में से किसी को भी बाहर नहीं निकलने दिया।

आंजना ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें दो घंटे तक कमरे में नजरबंद कर रखा। आंजना ने कहा कि कांग्रेस नेता सत्ता में चूर हो गए हैं। उन्हें गरीबों की पीड़ा नजर नहीं आ रही है। एक तरफ कांग्रेस हाथ से हाथ जोडने का अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर वर्षो से कांग्रेस को मत एवं समर्थन देते आ रहे चौराई क्षेत्र के कलबी समाज के दर्जनों किसानों के पक्के मकान ध्वस्त कर दिए गए हैं। वही पदयात्रा का जालोर से रवाना होने के बाद लेटा ग्राम पहुंची तो नरेगा स्थल पर कार्य करने वाले श्रमिकों को पदयात्रा में भीड़ एकत्रित करने के लिए बुलाया गया। इसके बाद सांकरणा, बीछावाड़ी चौराहे पर, गोदन, आहोर में नरेगा श्रमिकों को लाया गया। वहीं कानीवाड़ा मोड पर पदयात्रा के पहुंचने पर तीन से चार बसों में नरेगा श्रमिकों को बसों में भरकर लेकर आये। प्रदेशभर में चलाये जा रहे हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत जिले के कांग्रेस पदाधिकारियो ने भाग लिया।

# बीकानेर में रिमझिम बारिश

**बीकानेर,** (कासं.)। मौसम विभाग की भविष्यवाणी सही साबित हुई। मंगलवार शाम को बीकानेर में हल्की रिमझिम बारिश ने मौसम में ठंडक का अहसास कराया। हालांकि रिमझिम के दौरान हवाओं की गति तेज होने के कारण बारिश जैसी स्थिति नहीं बन सकी। बादलवाही के चलते तापमान में कमी आने की उम्मीद की जा रही है। दोपहर की गर्मी भी कुछ कम हो सकती है, वहीं रात भी थोड़ी ठंडी होने की उम्मीद की जा रही है।

बीकानेर में अभी अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पास चल रहा है जो मंगलवार को कम हुआ। मौसम विभाग ने बीकानेर संभाग में मंगलवार को बारिश की भविष्यवाणी की थी। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बादलों ने बीकानेर को घेर लिया था। शाम करीब चार बजे बादलों के आने की स्पीड़ बढ़ ी। बाद में पांच बजे रिमझिम शुरू हो गई। इसी दौरान हवाओं की स्पीड भी बढ़ गई। जिससे रिमझिम तेज बारिश में नहीं बदल सकी। बीकानेर शहर के अलावा आसपास के गांवों में भी रिमझिम बारिश हुई है। गांवों में तेज हवाओं ने आंधी का रूप ले लिया था। बीकानेर में पिछले चौबीस घंटे में अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि न्यूनतम तापमान 16.9 डिग्री सेल्सियस रहा।

# नाबालिग पुत्र को बेचने वाले पिता सहित चार गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। झाड़ोल थाना पुलिस ने नाबालिग पुत्र को बेच कर उसके लापता होने की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज करवाने वाले नाबालिग के पिता सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 21 फरवरी को पीड़ित अलसीगढ़ फला काड़ नाई निवासी धनराज पुत्रख चुन्नीहलाल मीणा ने जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा को परिवाद दिया कि मेरा पुत्र विदेश पुत्र धनराज मीणा मेरे साढू चतरा के वहां मेहमान गया था। 20 दिसंबर को चतरा के भाणेज शिवा व रोशन पुत्र हकरा निवासी ढडावली झाड़ोल जो सूरत गुजरात में मजदूरी करते है। वह 20 दिसंबर को मेरे साढू के घर से पुत्र विदेश को मजदूरी करने सूरत ले गए। अंतिम बार मेरे पुत्र से 12 जनवरी 2023 को मोबाईल पर बात हुई। 18 जनवरी को रोशन ने फोन कर पुत्र विदेश के लापता होने की सूचना दी।

इस पर साढू चतरा से बात की तो उसने भी विदेश के लापता होने तथा उसके एवज में दो तीन लाख रूपये लेकर पुत्र को भूलने की बात कही। इसी दौरान उसने पुत्र के सूरत से 40 किमलो मीटर दूर होने तथा होली पर आने की भी बात कही। इस पर चतरा, शिवा व रोशन पर पुत्र को बेच देने या उसे मार देने की जानकारी दी।

इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्तपुलिस अधीक्षक मंनजीतसिंह , पुलिस उप अधीक्षक जितेन्द्रसिंह के सुपरविजन में झाड़ोल थानाधिकारी श्रवण जोशी के नेतृत्व में गठित दल ने विदेश को सुरत से दस्तियाब कर शेल्टर होम उदयपुर में भर्ती करवाया था। इस मामले मे किए गए अनुसंधान में पता चला कि आरोपी धनराज ने ही अपने पुत्र विदेश को दो लाख रूपये में आरोपियों को बेचा था। लेकिन आरोपियों ने उसे रूपये देने से इनकार कर दिया था।

इस पर धनराज ने जिला पुलिस अधीक्षक को परिवाद देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इस पर थानाधिकारी श्रवण जोशी के नेतृत्व में गठित दल ने बच्चे को बेचने के मामले में चतरा पुत्र हरजी बडेरा निवासी ढढावली, रोशन पुत्र हकरा डुगरी निवासी ढढावली, सुरेश उर्फ शिवा पुत्र हकरा निवासी ढढावली तथा धनराज पत्रु चुन्नीलाल खराडी निवासी अलसीगढ नाई को गिरफ्तार किया। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

# अफीम की खेती करने पर एक गिरफ्तार

**डीडवाना,** (निसं)। डीडवाना उपखण्ड के मौलासर थाना क्षेत्र से अफीम की अवैध खेती करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मौलासर पुलिस को मुखबिर से सुचना मिली थी कि जगदीश पुत्र लादूराम निवासी सुदरासन अवैध रूप से गांजा बेचने का काम करता है और अफीम की खेती की भी सम्भावना जाहिर की थी।

जिस पर मौलासर थानाधिकारी जसवंतदेव रलिया ने उच्चाधिकारीयों को अवगत करा मय जाब्ता कार्रवाई की। आरोपी से 45 किलो अवैध गांजा बरामद किया गया। आरोपी ने अपने खेत में तक़रीबन एक बीघा जमीन पर अवैध रूप से अफीम की खेती कर रखी थी। जिस पर हल्का पटवारी को मौक़े पर बुलवाकर पटवारी की मौजूदगी में अफीम की फसल उखाड़वाई जाकर पौधों कि गिनती करवाई गई।

अफीम के 12800 पौधे बरामद किये गए। जिनमे से कुछ पर डोडे पक चुके थे और कुछ पर फूल आए हुए थे। पुलिस ने उक्त अवैध पौधों को जब्त कर आरोपी जगदीश को गिरफ्तार कर मौलासर थाने लाया गया है। जहाँ से आरोपी को कोर्ट मे पेश कर पूछताछ की जाएगी। जांच खुनखुना थानाधिकारी बनवारी लाल को सौंपी गई है।

# बीस ग्रामीण डाक सेवकों के खिलाफ मामला दर्ज

- **फर्जी अंकतालिका से नौकरी हासिल की, जांच में हुआ खुलासा, मामला दर्ज**

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के हाथीपोल थाना पुलिस ने फर्जी अंकतालिका जरिये ग्रामीण डाक सेवक की नौकरी पाने वाले बीस आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

प्रकरण के अनुसार भारतीय डाक विभाग उदयपुर के निरीक्षक ताजसिंह पुत्र नाहरसिंह राठौड़ ने ग्रामीण डाक सेवक पद पर चयनित अभ्यर्थियों दिनेश चन्द्र पुत्र रामस्वरूप निवासी सपोटरा करोली, रमेशचन्द्र पुत्र लक्ष्मण चरपोटा निवासी घाटोल बांसवाड़ा, मांगरीाल सपोटरा करोली निवासी राजकुमारी पुत्री बतासिया मीणा, लालसौट दौसा निवासी विजेश कुमार पुत्र रेवालाल, नरसीराम पुत्र गयालाल निवासी पिपल खेड़ा हिण्डोन, लाखन पुत्र कमलेश मीणा निवासी सपोटरा, शंकरलाल पुत्र रामलाल गुर्जर निवासी चारभुजा राजसमन्द, देवीसिंह पुत्र सुआलाल निवासी करोली, जोनसिंह मीणा पुत्र रामराज मीणा निवासी सपोटरा करोली, अवधेश कुमार पुत्र राजेश मीणा निवासी सपोटरा करोली, मुनीराज पुत्र भरत मीणा निवासी सपोटरा करोली, उदयराम पुत्र भंवरलाल मेघवाल निवासी चार भुजा रासजसमन्द, जितेन्द्र पुत्र कमलेश मीणा निवासी सपोटरा करोली, रविन्द्र कुमार पुत्र सुखीराम गुर्जर निवासी श्री महावीरजी करोली, रणवीर पुत्र दयाराम निवासी झूझनू, कुलदीपसिंह पुत्र पाबुसिंह निवासी चारभुजा राजसमन्द, पोजपुर बिहार निवासी शिव प्रतापसिंह पुत्र हरिशचन्द्र, मुकेशचन्द्र पुत्र हेतराम शर्मा निवासी नंदबई भरतपुर पुष्पेन्द्र पुत्र मांगीलाल मालीवाल निवासी असोड़ा बांसवाड़ा के खिलाफ कूटरचित अंकतालिका प्रस्तुत कर नौकरी हासिल करने का मामला दर्ज करवाया।

जिसमें बताया कि ग्रामीण डाक सेवक भर्ती 20 मई 2022 की भर्ती हुई थी। उक्त भर्ती में जिले के लिए चयनित अभ्यर्थियों ने नियुक्ति प्राप्त की थी तथा नियुक्ति प्राप्त करने के बाद विभाग ने सभी ग्रामीण डाक सेवकों की अंकतालिकाओं की पड़ताल की तो ग्रामीणा डाक सेवकों की अंकतालिकाएं फर्जी होने की आशंका हुई। इस पर प्रवर डाक अधीक्षक उदयपुर जिला किशोर कुमार बुनकर की निर्देश पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच एएसआई निर्मल कुमार कर रहे है।

# नवीन शिक्षा नीति आज के युवाओं में कौशल के साथ उद्यमिता का विकास भी करेगी: राज्यपाल मिश्र

## कोटा विश्वविद्यालय का 9वां दीक्षान्त समारोह आयोजित




राज्यपाल कलराज मिश्र ने कोटा में दीक्षान्त समारोह को सम्बोधित किया।

**कोटा,** (निसं)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा है कि विद्यार्थी भारत को वैज्ञानिक शोध और अनुसंधान में अग्रणी बनाने के लिए निरंतर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ऐसे पाठ्यक्रम तैयार करें जिससे स्थानीय ज्ञान-विज्ञान का समुचित उपयोग करते हुए विद्यार्थी भविष्य के विकसित भारत में अपना सहयोग कर सकें। राज्यपाल मिश्र ने मंगलवार को यूआईटी ऑडिटोरियम में विश्वविद्यालय के नौवें दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता की। समारोह में कैंसर अस्पताल एवं शोध केन्द्र ग्वालियर के संस्थापक निदेशक प्रो. बीआर श्रीवास्तव दीक्षान्त अतिथि रहे। राज्यपाल ने इस अवसर पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत विश्वविद्यालयों से यह भी अपेक्षा है कि कौशल विकास के साथ रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के साथ हमारे युवाओं को नौकरी करने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वालों के रूप में हम तैयार करें। उन्होंने कहा कि आज के दिन ही प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. चंद्रशेखर वेंकटरमन ने रमन प्रभाव खोज की घोषणा की थी। उन्हें इस खोज के लिए पहले भारतीय और एशियाई व्यक्ति के रूप में 1930 का भौतिक विज्ञान का नोबल पुरस्कार प्रदान किया गया था। विज्ञान में डॉ. वेंकटरमण की जो भूमिका रही है, वह अनुकरणीय है। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित जन को सविंधान की प्रस्तावना व मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया।

कैंसर अस्पताल एवं शोध केन्द्र ग्वालियर के संस्थापक निदेशक प्रो. बीआर श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान में भारत नवीन शिक्षा नीति के साथ एक नए युग में कदम रख रहा है, जिसमें विद्या प्रदान करने के साथ-साथ जीविकोपार्जन कौशल प्रदान करना भी बराबर का महत्व रखेगा। नवीन शिक्षा नीति न केवल कौशल ही प्रदान करेगी, अपितु यह आज के युवा में उद्यमिता का विकास भी करेगी। मानसिक मजबूती के साथ आज का युवा अनुमानित जोखिम को सहन कर नए उद्योग स्थापित कर सकेगा।

दीक्षान्त समारोह में वर्ष 2020 की परीक्षाओं में विभिन्न संकायों व विषयों में मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले व वर्ष 2020 के पीएचडी धारकों को उपाधियाँ प्रदान की गयी। वर्ष 2020 में मेरिट में प्रथम स्थान अर्जित करने वाले कला के 9, समाज विज्ञान के 9, विज्ञान के 18, वाणिज्य के 9, विधि के 3 तथा शिक्षा के 9 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक व मेरिट प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। इसी प्रकार कला के 15, समाज विज्ञान के 10, विज्ञान में 4, वाणिज्य में 4, शिक्षा के 4 विद्यार्थियों को पीएचडी उपाधियां प्रदान की गई।

कुलाधिपति पदक व प्रमाण पत्र गत 6 वर्षो में विधि संकाय में अधिकतम अंक अर्जित करने वाले पीजी विद्यार्थी वसीम राजा एवं विज्ञान संकाय में अधिकतम अंक अर्जित करने वाली यूजी विद्यार्थी नमिता मालव को दिया गया। कला, समाज विज्ञान, वाणिज्य एवं शिक्षा के प्रत्येक संकाय में 9-9 विद्यार्थियों ने तथा विज्ञान में 18 एवं विधि में 3 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। इसी प्रकार विज्ञान, वाणिज्य एवं शिक्षा के प्रत्येक संकाय में 4-4 विद्यार्थियों ने एवं कला में 15, समाज विज्ञान में 10 विद्यार्थियों ने पीएचडी उपाधियां हासिल की तथा 2 विद्यार्थियों को कुलाधिपति पदक प्रदान किए गए। दीक्षांत समारोह में वर्ष 2020 की 72347 उपाधियाँ भी दी गई।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो नीलिमा सिंह ने कहा कि स्थापना के समय विश्वविद्यालय प्राधिकार क्षेत्र के छह जिलों कोटा, बून्दी, झालावाड़, बारां, सवाईमाधोपुर और करौली के 37 महाविद्यालयों में 81 हजार 725 विद्यार्थी अध्ययनरत थे और वर्तमान में 229 सम्बद्ध महाविद्यालयों में तीन लाख से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। समारोह में कुलसचिव डॉ. आरके उपाध्याय, सहित कला, समाज विज्ञान, विज्ञान, वाणिज्य, शिक्षा व विधि संकाय के अधिष्ठाता उपस्थित रहे।

## छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया

**चाकसू** (निस) मंगलवार को कस्बे के टोंक रोड स्थित रुकमणी देवी कॉलेज में बीए अंतिम वर्ष की छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया

कॉलेज सचिव सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि विदाई समारोह की मुख्य अतिथि सरिता जैन प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय चाकसू,अध्यक्ष भंवर सिंह सिसोदिया प्रधानाचार्य राजकीय विद्यालय ठीकरिया गुजरान एवं विशिष्ट अतिथि रमेश चंद चौधरी भाजपा ओबीसी देहात अध्यक्ष एवं निदेशक मेघना विद्यापीठ रहे

कॉलेज निदेशक राजेंद्र कुमार शर्मा एवं सहायक निदेशक भगवान सहाय शर्मा ने अतिथियों को माला पहला कर एवं तिलक लगाकर स्वागत सत्कार किया तत्पश्चात अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना स्वागत गीत सहित राजस्थानी एवं फिल्मी गानों पर एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी संस्था सचिव एवं निदेशक ने अंतिम वर्ष की छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए माला पहनाकर तिलक लगाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# प्रतिपक्ष भाजपाई विकास के बजाय क्षेत्र के विनाश की भूमिका निभा रहे है : परसादी

**लालसोट ।** उपखंड मुख्यालय पर पंचायत समिति सभागार में सोमवार को नगरपालिका की बैठक के दौरान सर्वसम्मति से बजट पास होने के बाद मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा संबोधन के बीच भाजपा पार्षद द्वारा हुई टोका टोकी को लेकर मंत्री मीणा ने कहा कि प्रतिपक्ष भाजपाई विकास के बजाय नगरपालिका क्षेत्र सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र में विनाश की भूमिका निभा रहे हैं.. मामला नगर पालिका की

■ **बजट पास होने के बाद बैठक का मामला**

बैठक में सर्वसम्मति से बजट पास होने के बाद तो उस समय का था जब चिकित्सा मंत्री मीणा खुद संबोधन कुछ कहना चाह रहे थे.. इसी दौरान सर्वसम्मति से बजट पारित होने के बाद बैठक में मौजूद पार्षद सुरेश सैनी द्वारा बजट को लेकर उसमें होने वाले कार्यों एवं पिछले बजट में हुए कार्यों की जानकारी चाही गई.. इस पर अधिशासी अधिकारी ने कहा कि विकास कार्यों की एक सूची सभी पार्षदो भिजवाई गई है.. मंत्री मीणा ने भाजपा पार्षद से कहा कि अगर कोई सूचना नहीं मिली है तो नगरपालिका से प्राप्त कर सकते हैं यह उनका पूरा अधिकार है.. लेकिन भाजपा पार्षद मंत्री मीणा के बार-बार अनुनय करने के बाद भी नहीं बैठने और पार्षद द्वारा की गई मंत्री मीणा से नहीं चेयरमैन से कह रहे हैं सुनने के बाद मंत्री मीणा दस मिनट समय रुकने के बाद बैठक छोड़कर चले गए.. मंत्री मीणा ने इस प्रकरण को लेकर कहा कि यह कोई बड़ा मामला नहीं है.. चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि कई बैठकों में उन्होंने देखा है कि भाजपा पार्षदों की प्रतिपक्ष की भूमिका लालसोट के विकास से जुड़ी हुई नहीं होकर उस होने वाले विकास के विनाश के जैसी रहती है जो नगर पालिका लालसोट के विकास के लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं है।



लालसोट उपखंड मुख्यालय पर पत्रकार वार्ता को चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने सम्बोधित किया।

## फागोत्सव धूमधाम से मनाया

**निवाई ।** स्थानीय कंकाली माता मन्दिर में शक्ति परिवार द्वारा महा अष्टमी पर्व पर फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। शक्ति परिवार के अध्यक्ष शंकर सोनी ने बताया की फाल्गुन शुक्ल अष्टमी पर्व पर कंकाली माता मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह मां कंकाली माता का पंचामृत से स्नान करवाया गया तथा विद्वान पंडितों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान विशेष फूलों से मां कंकाली माता के दरबार की विशेष फूल बंगला झांकी सजाई गई। इस दौरान महिलाओं ने फागोत्सव में भजनों की प्रस्तुतियां दी। सांयकाल मंदिर परिसर में 501 दीपों के साथ महाआरती की गई। महाआरती के पश्चात सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। अष्टम फागोत्सव में भजनकलाकार अनिल शर्मा, महेश खंडेलवाल, टोंक के मोहन सोनी व मुकेश शर्मा द्वारा मातारानी के दरबार में कई भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान मंदिर परिसर में फूल और गुलाल उड़ा कर होली खेली गई। इस दौरान भजनों की प्रस्तुतियों में मंदिर परिसर में महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। इस दौरान पुजारी नारायण, सुभाष गिन्गोडी, राजेश भट्ट, मनीष सोनी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# बाल विवाह रोक नाटक का मंचन

**निवाई ।** नेहरू युवा केंद्र टोंक द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जिला स्तरीय पड़ौस युवा संसद का कार्यक्रम रानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टोंक सवाई माधोपुर सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया थे। अध्यक्षता जिला प्रमुख सरोज बंसल ने की। विशिष्ट अतिथि प्रधान रामअवतार लांगडी, उद्योगपति व प्रमुख भामाशाह पूर्व छात्र संस्था अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, जिला महामंत्री प्रभु बाड़ोलिया, विष्णु शर्मा अतिथि थे। इस दौरान अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा बाल विवाह रोकथाम के लिए नाटक का मंचन किया। मुख्य अतिथि सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता भारत देश कर रहा है यह हमारे लिए बड़े गौरव की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से भारत देश लगातार आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में विश्व पटल पर भारत का अभयुदय जी20 पर भी प्रकाश डाला गया।


**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि वाके महानगर जयपुर सैक्टर 8, पुराना विद्याधर नगर, स्वर्ण जयन्ती पार्क के पास, मकान नम्बर क्यू-8, (नया नम्बर 31 व 32 है) का श्री अब्दुल सलीम पुत्र श्री कल्लू खॉ मालिक रहा। श्री अब्दुल सलीम का सन 2017 को देहान्त हो गया। उनके देहान्त के पश्चात उनके विधिक वारीसों में दो पुत्रान (1) श्री जावेद (2) श्री सलमान हैं। दोनों भाईयों में जुबानी बंटवारा दिनांक 01.01.2021 को हो गया। जुबानी बंटवारा में श्री जावेद के हिस्से में मकान नम्बर क्यू-8, का पूर्वी भाग नया नम्बर 32 आया। जिसका श्री जावेद एक मात्र मालिक, स्वामी, काबिज है। श्री जावेद को रूपयों की आवश्यकता है। इसलिए मकान नम्बर क्यू-8 (नया नम्बर 32) विक्रय कर रहा है। यदि किसी को भी आपत्ति हो, तो तीन दिन में बताये अन्यथा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जयपुर (मुजीब उर रहमान, एडवोकेट)
दिनाक- 28.02.2023 मोबाईल नम्बर-9587860191



**खोया-पाया**

LIG block 7, SF 11, Sidha Infra Project, Private Limited, Ajmer Road, Jaipur, Rajasthan, Lost JDA Patta on the way to JDA from Chandpol. contact AMIT PAREEK-+917877752205



**NAME CHANGE**

I army no 01481715X Ex NK Gajanand Sharma S/O sh Rameshwar Prasad Sharma R/O village post Malaheda teh kotputli Dist jaipur That I have changed my daughter name From NEERU KUMARI (DOB 27/3/2002) is wrong entered in service record To NEERU SHARMA (12/6/2002) vide affidavit dated 23feb2023 before district notary Jaipur

I army no 15149238L Ex NK Khushi Ram Gurjar S/O Ram Pratap gurjar R/O village post Torda teh. Sikrai dist Dausa that I have changed my son name From SHUBHAM (DOB 27/12/2007) is wrong entered in service record To SHUBHAM GURJAR (DOB 27/12/2009) vide affidavit dated 24feb2023 before district notary Jaipur

मैंने अपना नाम भूपेन्द्र सिंह बडगुजर से बदलकर भूपेन्द्र सिंह पुत्र ईशर सिंह बडगुजर रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए पता-ई-1/379 पहली मंजिल लक्ष्मण पथ चित्रकूट जयपुर।



**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 18/23

**विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।**

**प्रार्थी-** नाम श्रीमती जया बहल पत्नि स्व. श्री विजय बहल जाति पंजाबी विवाद स्थान 423-ए, गली नं. 3, राजा पार्क, जयपुर

**मृतक** स्व. श्री सतीश कुमार बहल की सम्पत्ति के विषय में।

**पेशी** दिनांक- 13.03.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व. श्री सतीश कुमार बहल पुत्र स्व. श्री बोधराज बहल जाति पंजाबी निवासी 423-ए, गली नं. 3, राजा पार्क, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 13 माह 03 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 17 माह 02 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

आज्ञा न्यायालय से
मुंसरिम
मोहर अदालत फारिवारिक न्यायालय क्रम-1
जयपुर महानगर प्रथम


## संजय शर्मा ने कॉलोनियों के पट्टे जारी नही करने की समस्या उठाई

**अलवर।** शहर विधायक संजय शर्मा ने आज विधानसभा में नियम 295 के अन्तर्गत अलवर शहर विधानसभा क्षेत्र में कृषि भूमि पर बसी अनेक कॉलोनियों के पट्टे जारी नही करने की समस्या उठाई ।

शहर विधायक संजय शर्मा ने विधानसभा में विधानसभा के प्रक्रिया नियम 295 के तहत प्रस्ताव प्रस्तुत कर मांग उठाई की अलवर शहर विधानसभा क्षेत्र के जसवंतनगर साईं धाम कॉलोनी गणपति विहार का कुछ क्षेत्र एवं भगवानपुरा जवाहर नगर के आसपास की कृषि भूमि पर बसी कॉलोनियों का लेआउट प्लान यूआईटी द्वारा तैयार किए हुए करीब 1 वर्ष से ज्यादा का समय हो गया है लेकिन एंपावर्ड कमेटी की मीटिंग नहीं होने के कारण यह लेआउट प्लान अनुमोदित नहीं हो सका है जिससे इस क्षेत्र में पट्टे देने का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ पट्टों के अभाव में यहां निवास कर रहे लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है इसके अतिरिक्त बिराई माता कच्ची बस्ती जाटव बस्ती कुमहार बस्ती श्मशानन घाट के पास कच्ची बस्ती लाका बस्ती मेहता क्रेशर कच्ची बस्ती बढ़ वाला कुआं हजूरी गेट दिल्ली दरवाजा में भी पट्टे नहीं दिए जा रहे हैं इन्हें भी पट्टे जारी किए जाएं साथ ही नगर विकास न्यास विज्ञान नगर एवं शालीमार योजना में बोली लगाकर महंगे भाव में प्लॉट तो बेच रहा है लेकिन यहां बसे सैकड़ों परिवारों को पीने का पानी एवं सीवरेज की सुविधा तक उपलब्ध नहीं है जिससे यहां रह रहे लोग महंगे प्लॉट खरीद कर भी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं अत: नियम 295 के तहत मैं आपके माध्यम से माननीय नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री जी से मांग करता हूं कि विधानसभा क्षेत्र अलवर शहर के शालीमार नगर एवं विज्ञान नगर में खातेदारी सहित अन्य कृषि भूमि पर बसी विकसित कॉलोनियां जहां पर नगर विकास न्यास द्वारा लेआउट प्लान भी स्वीकृत कर दिया गया है।

## एसपी ने कोतवाली का निरीक्षण किया

**टोंक,** (नि.स.)। नवनियुक्त जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा ने मंगलवार को शहर कोतवाली व पुलिस थाना पुरानी टोंक का निरीक्षण कर अपराधियों पर लगाम कसने व आमजन को राहत देने के निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार नवनियुक्त पुलिस कप्तान राजर्षि राज वर्मा ने मंगलवारको शहर कोतवाली का गहनता से साथ निरीक्षण किया। कोतवाली पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया। निरीक्षण के बाद शहर कोतवाल जितेन्द्र सिंह चारण व अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की जनसुनवाई कर उन्हे राहत प्रदान करे, त्यौहारो के माहौल को देखते हुए पुलिस गश्त नियमित हो, अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए और कानून व्यवस्था बनाएं रखने के लिए सतर्क रहे। साथ ही उन्होंने कहा कि काम के प्रति लापरवाही पुलिस कर्मियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# कॉलेज में महिला नीति जागरूकता पर संवाद

**खैरथल,** 28 फरवरी। स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे महिला नीति जागरूकता कार्यक्रम के तहत छात्राओं को महिला सशक्तिकरण व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रविकांत शारदा द्वारा विस्तृत योजनाओं की जानकारी दी गई।

प्राचार्य डॉ अंजू रानी ने बताया कि उन्होंने छात्रओं को स्वयं के आत्मबोध पर भरोसा रखते हुए जीवन में आने वाली कठिन परिस्थितियों में आत्मनिर्भर और सक्षम बनने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने बताया कि समय समय पर राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के माध्यम से छात्राएं स्वयं को सशक्त बना सकती हैं। उन्होंने कविताओं के माध्यम से छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और स्वयं की पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। साहित्यकार एवं शिक्षक प्रेम प्रकाश शर्मा ने छात्राओं को रूढ़िवादी दृष्टिकोण छोड़कर अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर संघर्षरत रहने का दिशाबोध कराया। उन्होंने इतिहास के विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाने की दिशा में स्त्रियों की भूमिका को स्पष्ट किया।

कार्यक्रम समन्वयक सुश्री सरस्वती मीना ने कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान डॉ विजय गुप्ता, साक्षी जैन, राजवीर मीना, सौम्या बारेठ, रमेश चंद, विक्रम सिंह, श्री शिवराम मीणा सहित लगभग सौ से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन डॉ दीपक चंदवानी ने किया।

## छात्राएं सम्मानित

**मनोहरपुर ।** कस्बे के तोपचिवाड़ा की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार 28 फरवरी को रा.उ.मा.वि. तोपचीखाना, मनोहरपुर में वार्षिकोत्सव का आयोजन प्रधानाचार्य सीताराम मीणा की अध्यक्षता व नगरपालिका चैयरमेन सुनिता श्यामसुन्दर प्रजापत के मुख्य अतिथी में सम्पन हुआ।इस दौरान कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वहीं कक्षा 1 से कक्षा 11 तक विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छात्रों को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में वार्ड पार्षद माजिद खान, पूर्व फॉरेस्ट इकबाल खान,पार्षद नफीसा बानो, एडवोकेट मुराद अहमद, निसार खान खोखर, अब्दुल हमीद आदि गनमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन प्रहलाद सहाय यादव ने किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ बाबूलाल- यादव, हरफूल जाट, भागीरथ प्रसाद यादव, अनवारुल हक अंसारी, असरार अली, निधि यादव,स्नेहवती कुमावत गायत्री देवी, बर्फा देवी राजकुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे।


**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**

राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcipr2.rhb@rajasthan.gov.in Phone No. 0141-2782772
क्रमांक- DHC-II/2830 दिनांक-03.02.2023

**जाहिर आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 63/106 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 90.00 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री महासिंह जैन पुत्र श्री मूलसिंह को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 6298 दिनांक 12.09.1988 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 02.01.1989 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात श्री महासिंह जैन की मृत्यु दिनांक 23.01.2022 एवं श्रीमती पन्ना देवी की मृत्यु दिनांक 30.07.2019 को हो जाने के कारण वसीयतनामा के आधार पर श्री अमित कुमार पीपाड़ा पुत्र स्व. श्री महासिंह जैन ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। श्री अमित कुमार पीपाड़ा पुत्र स्व. श्री महासिंह जैन के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री अमित कुमार पीपाड़ा पुत्र स्व. श्री महासिंह जैन के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है। सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर



**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**

(साधारण प्रारूप)

!! व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4!!

**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, जोबनेर**

मोहनी वगै0 बनाम रामदेव वगै0

वाद/प्रार्थना पत्र ह0ओ0 9 रूल 9 व 151 जा0दी0
प्रार्थना पत्र संख्या 110/22

बनाम

गोपाल पुत्र तुलसा समस्त जाति जाट निवासीयान डेहरा, तहसील फुलेरा वर्तमान जोबनेर जिला जयपुर राजस्थान।

उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया हैं कि नकल साथ हैं।

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 13 माह 3 सन् 2023 को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिस सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जायेगा।

यह आदेश आज दिनांक 17.2.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक
मोहर अदालत न्यायालय उपखण्ड अधिकारी
जोबनेर, जयपुर


# प्ले स्कूल का वार्षिक उत्सव मनाया

**अलवर** (निस)। एम.एन.सी.आई. कॉन्वेंट एवं रेटल्स प्ले स्कूल का वार्षिक उत्सव समारोह मंगलवार को जेल चौराहा स्थित महावर ऑडिटोरियम में विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षक-शिक्षिकाओं एवम अतिथियों की की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा वार्षिक उत्सव में दी गई प्रस्तुतियों ने समाज में जागरूकता, देशभक्ति व वीरता तथा बेटी शिक्षा बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत कर जहां उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया वहीं विद्यार्थियों ने पुलिस, सेना, किसान,बॉलीवुड सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक से एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत बीएसएनएल के जीएम ज्ञानचंद मीणा, डीजीएम आर सी मीणा सहित उपस्थित अतिथियों ने मां सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा गणेश वंदना के साथ की। ठ्ठुप डायरेक्टर मुकेश मीणा ने बताया कि कोरोना काल के बाद यह भव्य वार्षिक उत्सव मनाया जा रहा है सभी विद्यार्थियों ने कदम से कदम मिलाकर शिक्षकों के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम की तैयारी की है इसलिए इस कार्यक्रम का नाम भी कदम रखा गया है। उन्होंने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि शिक्षा, संस्कार व अनुशासन आज के दौर की सबसे बड़ी आवश्यकता है। एमएनसीआई ठ्ठुप इस दिशा में निरंतर प्रयत्नशील है।विद्या के साथ-साथ यहां बच्चों को संस्कार देने की परंपरा निभाई जा रही है। संरक्षक बी एल मीणा ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है।विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह स्पष्ट है कि विद्यार्थियों व शिक्षकों ने काफी मेहनत की है। स्कूल प्रिंसिपल डॉ शालिनी शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में कौशल विकास का अभिवर्धन करते हैं।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया

**निवाई ।** कृषि महाविद्यालय झिलाय में महान भारतीय वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रशेखर वेंकट रमन द्वारा रमन इम्पेक्ट की खोज की याद में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस व अन्तर्राष्ट्रीय कदन्न वर्ष मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में अधिष्ठाता डॉ रामप्रसाद जाट ने कॉलेज की प्रगति के बारे में बताया तथा विज्ञान के महत्व के बारे में संदेश फैलाने और आम लोगों के दैनिक जीवन में सुधार लाने के उद्देश्य से भारत में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने की जानकारी दी। विश्व के प्रत्येक क्षेत्र में विज्ञान आवश्यक हैं जिसमें स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा, संसाधन विकास और सामाजिक सुरक्षा आदि शामिल है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास के साथ आधुनिक जीवन सामाजिक संगठन और आर्थिक विकास के नए तरीके संभव हैं। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों में विज्ञान के प्रति जागरुकता पैदा करना है। इतना ही नहीं इस दिन के माध्यम से बच्चों को विज्ञान को अपने कैरियर के रुप में चुनने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। ताकि हमारे देश की आने वाली पीढी विज्ञान के क्षेत्र में अपना योगदान दे सके और अपने देश की प्रगति कर सके।

# स्कूल के वार्षिकोत्सव में रंगारंग प्रस्तुति

**कोटपूतली।** कस्बे के बानसूर रोड स्थित सेठ लक्ष्मीचंद ज्ञानवती देवी सवाईका राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विधालय में वार्षिकोत्सव, पूर्व छात्रा स्नेह मिलन व भामाशाह सम्मान समारोह 2023 आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेते हुए नगर परिषद सभापति पुष्पा सैनी ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने कहा की घर की बेटियां ना केवल बेटों के समान बल्कि उनसे एक कदम आगे बढकर सफलता अर्जित कर रही है। बल्कि प्रगति की दौड़ में बेटियां किसी से भी पीछे नहीं। शिक्षा से लेकर खेल हो या फिर राजनीति वे हर जगह अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है। सैनी ने कहा कि माता-पिता को भी अपनी बालिकाओं की शिक्षा में कोई कमी नहीं रखनी चाहिये। उन्होंने बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए नगर परिषद की ओर से विधालय प्रार्थना स्थल पर इन्टरलॉक टाईल्स लगाये जाने की घोषणा की। अध्यक्षता प्रधानाचार्या गीता शेखावत ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भामाशाह पूरणमल भरगड़ ने विधालय को एक कम्प्यूटर व प्रतिभावान छात्राओं को नकद पुरूस्कार, भामाशाह सुरेश मोठुका व अनिल सिंघल ने एक कम्प्यूटर मय प्रिन्टर, भामाशाह केशव कांवर ने दो कूलर भेंट किये। सीबीईओ रामसिंह यादव, राजकीय सरदार विधालय की प्रधानाचार्या मनोरमा यादव, प्रधानाचार्य हरचंद मीणा व पार्षद प्रतिनिधि मुखिया पायला ने भी अपने विचार व्यक्त किये। भामाशाह विक्रम सिंह तंवर की ओर से बालिकाओं को मिठाईयों का वितरण किया गया। वहीं विभिन्न भामाशाहों ने विधालय को छत के पंखे, पानी की पाईपलाईन व नकद राशि भेंट की। प्रधानाचार्या गीता शेखावत ने धन्यवाद् ज्ञापित किया। विधालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी शिवकुमार मीणा, व्याख्याता मोहित, मुकेश शर्मा व लोक बंधु शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। वहीं प्रतिभावान छात्राओं व भामाशाहों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मथुरा प्रसाद मीणा, राजवीर पायला, मुकेश जाँगिड, पूर्व पार्षद हरदान पायला, दुर्गेश सैनी, मनोज पायला, दीपक यादव, नेतराम आर्य, महेन्द्र यादव व कमल पायला सहित अन्य मौजूद थे।

बैठक आयोजित : कोटपूतली सैनी सभा संस्था कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष राकेश सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया की विगत 14 जनवरी की बैठक के निर्णय अनुसार कोटपूतली में सैनी विकास संस्था द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन किया जा रहा है, जिसमें सैनी सभा संस्था रजिस्टर्ड 315/87/88 का किसी भी प्रकार से कोई लेना देना नहीं है। उक्त संस्था द्वारा किया जा रहा सामूहिक विवाह सम्मेलन व्यक्तिगत है। जिसमें स्वागतकर्ता भी कोटपूतली से बाहर के लोग है। विवाह सम्मेलन से कोटपूतली सैनी सभा संस्था की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।


**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-3-च-18 जवाहर नगर, जयपुर क्षेत्रफल 136.00 वर्ग गज का आवंटन श्री विशन दास पुत्र श्री गोविन्द राम को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 9828 दिनांक 22.05.1975 जारी किया गया। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 31.07.1992 को करवाया गया। श्री विशन दास पुत्र श्री गोविन्द राम की मृत्यु दिनांक 02.03.2010 को हो जाने के कारण श्री सेवक राम खटवानी पुत्र स्व. श्री विशन दास के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, हकत्याग पत्र की छाया प्रति एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- श्री सेवक राम खटवानी पुत्र स्व. श्री विशन दास के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर



**कार्यालय ग्राम पंचायत वाटिका प.स. सांगानेर जयपुर**

क्रमांक-168/2022-23 दिनांक-28.02.2023

**ऑनलाइन निविदा सूचना संख्या 07/2022-23**


ग्राम पंचायत वाटिका में राजस्थान पंचायतीराज नियम 181 के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ऑनलाइन दरें ई-प्रोक्योरमेंट पद्धति से आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोडअपलोड किया जा सकता है।

NIB NO PEZ2223A0130, UBN NO PEZ2223WSOB00157 TO 161

ग्राम विकास अधिकारी लोकपालसिंह
ग्राम पंचायत वाटिका सरपंच
ग्राम पंचायत वाटिका




**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



**तीये की बैठक**



हमारी प्रिय श्रीमती **आशु अग्रवाल( डॉली** पत्नी राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल (एडवोकेट), का स्वर्गवास हो गया है। शोकसभा 01.03.2023 बुधवार सायं 4 से 5 बजे पताशे वालों की बगीची, मोतीडूंगरी रोड पर होगी।

**शोकाकुल :** राधाबल्लभ-कुसुम (जेठ-जेठानी), मुकेश-सुमन, मोहन-शशि, उपेन्द्र-बीना (देवर-देवरानी), रिशु-राहुल (पुत्री-दामाद), रोहन अग्रवाल, एडवोकेट (पुत्र), पुष्पा-राजेन्द्र गोयल, आशा-स्व. सत्यनारायण सुद्रानिया, मधु-महेश गुप्ता (ननद-ननदोई), पंकज-रश्मि, तरूण-पिंकी, वरूण, निखिल, यश (भतीजे-वधु), परी, अनंत (पौत्री-पौत्र), पाविका, कृषिव (दोहिती-दोहिता) एवं समस्त परिवार। पीहरपक्ष-अधीर, असीम गोयल (आगरा)। 9829056527, 9928161103, 9799496527



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय **श्री किशनलाल सैनी** (सेवानिवृत UDC PWD) पुत्र स्व. श्री भौरीलाल सैनी का आकस्मिक स्वर्गवास 27.02.2023 को हो गया है। तीये की बैठक 1.3.2023 को सायंकाल 4.30 से 5.30 बजे निवास स्थान प्लाट नं. 29-ए, 30 शान्ति पथ, बाहुबली नगर, निवारू रोड झोटवाडा पर होगी।

**शोकाकुल :** रामगोपाल, कैलाश, गोपीराम, कानाराम, महेश, सीताराम, रामकिशोर (भाई), सरोजदेवी (पत्नी), रवि, जितेन्द्र (पुत्र), राजेन्द्र, कमलकिशोर, परमजीत, ताराचंद, सुनील, विकास, मदन, मोहन, नरेन्द्र, अमित, योगेन्द्र, प्रकाश, सुमित, चीता (भतीजे) व समस्त धुहारिया परिवार।


# न्यायाधीश के वाहन चालक किशनलाल को सेवानिवृति पर दी विदाई



न्यायिक कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, मुंशियों सहित समाजसेवियों ने किशन लाल यादव ( साफा पहनते हुए ) को सेवानिवृति पर मालाएं पहनाकर व साफा बंधवाकर भाव भीनी विदाई दी ।

**टोंक,** (नि.स.)। जिला न्यायालय में जिला न्यायाधीश के वाहन चालक किशनलाल यादव की सेवानिवृति मंगलवार को समारोह पूर्वक हुई और न्यायिक कर्मचारियों, अधिवक्ताओ सहित शहर के लोगो ने उनका मालाएं पहनाकर व साफा बंधवाकर गाजेबाजे के साथ विदाई दी।

जिला न्यायालय में जिला न्यायाधीश के वाहन चालक पद वर्षो तक सेवाएं वाले मिलनसार किशनलाल यादव की मंगलवार को सेवानिवृति हुई इस मोके पर न्यायालय परिसर में न्यायिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रतिराम चौधरी के साथ सभी न्यायिक कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, मुंशियों सहित समाजसेवियों ने किशन लाल यादव को सेवानिवृति पर मालाएं पहनाकर व साफा बंधवाकर भाव भीनी विदाई दी, जिसके बाद गाजेबाजे के साथ जुलूस न्यायालय परिसर से मुख्य बाजार होते हुए रवाना हुआ तो मुख्य बाजारो में उनके मित्रो, व्यवहारियों ने जगह जगह उनका मालाएं पहनाकर गाजेबाजे के साथ साफा बंधवाकर स्वागत किया।

## महात्मा गांधी महाविद्यालय में 'लावण्य' कार्यक्रम का आगाज

**श्रीमाधोपुर ।** महात्मा गाँधी पीजी कॉलेज, श्रीमाधोपुर में मंगलवार को विदाई समारोह "लावण्य 2023" का आगाज किया गया। कार्यक्रम संयोजक मनीष अठावाल ने बताया कि डॉ सुरेश चंद जाट सहायक आचार्य राजकीय पीजी महाविद्यालय, कालाडेरा (चौंमू) जयपुर) , निदेशक मोहर सिंह खर्रा, सचिव गीता खर्रा, प्राचार्य डॉ वी.के.सैनी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम प्रभारी विजेंद्र कुमार व सुशीला देवी ने बताया की सांस्कृतिक प्रभारी अभिषेक कुमावत के सानिध्य मे लावण्य 2023 (विदाई पार्टी) का आयोजन किया गया। काजल शर्मा केद्वारा गणेश वंदना की गई व कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एकप्रस्तुति दी गई। जिसमें मौसम जांगिड़ ने देशभक्ति तेरी मिटटी में मिल जावा... कोमल शर्मा, काजल शर्मा व निशा सैनी राजस्थानी पेरोडी, सोनम व राजेश्वरी ने हरियाणवी पेरोडी, विक्की वर्मा जय जय शिव शंकर पर माहौल भक्तिमय कर खूब तालिया बटोरी। सुनीता द्वारा चरी नृत्य किया गया। रोहित द्वारा घूमर, हितेश गोपालका एंड ठ्ठुप द्वारा वंदे मातरम पर नाटक कर शानदार प्रस्तुति दी वही निकिता एंड ठ्ठुप ने कॉमेडी नृत्य करके वाहवाही लूटी।व्याख्याता नीलम शर्मा ने बताया कि पंकज कुमारी मिस व रामनिवास चेंचू मिस्टर लावण्य 2023 चुने गए। शिल्पी मामोडिया के सानिध्य में विभिन्न प्रतियोगिताके तीन राउंड कराए गए जिसमें तृतीय राउंड में विजेता को मिस्टर व मिस का खिताब दिया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन व्याख्याता मनीष अठावाल वअभिषेक कुमावत ने किया। निर्णायक मंडल मे वीरेंद्र यादव व सीमा जांगिड थे। उत्कर्ष कार्यक्रम का ख़िताब छात्र वर्गमें रोहित कुमार को दिया गया। छात्रा वर्ग में पलक मीणा को दिया गया। मुख्य अतिथि ने बताया कि छात्रों को मोबाइल से दूर रहना चाहिए तथा लगातार शिक्षाठाहण करने पर जोर डाला। अभी से परीक्षा की तैयारी में जुड़ने में जोर दिया। व्याख्याता मांगीलाल कुमावत ने बताया कि कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रतिभाओं व पत्रकारों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बृजमोहन यादव, नीलम शर्मा, गोविन्द कुमावत, सायर देवी, सुमित्रा जाट सहित समस्त स्टाफ मौजूद था।


**कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक, सवाई माधोपुर (राज.)**

क्रमांक- व-15()सा.शा./स.मा./सायबर थाना/22-23/1300-08 दिनांक- 27.2.2023

**खुली निविदा सूचना**

श्रीमान संयुक्त शासन सचिव, गृह (पुलिस), गृह (ग्रुप-2) विभाग राजस्थान के पत्र क्रमांक एफ 27(क)(3) गृह-2/2022 दिनांक 30.03.2022 एवं एफ27(क)(1)गृह-2/2022 दिनांक 27.4.2022 द्वारा प्राप्त प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति क्रम में जिले में स्थापित पुलिस चौकी छाण एवं सायबर पुलिस थाना सवाई माधोपुर हेतु फर्नीचर क्रय करने के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में इच्छुक जी.एस.टी.आई.एन. धारक पंजीकृत फर्मो से मोहरबन्द खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

| अनुमानित राशि | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि | निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि | निवदि खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 254000/- | 5080/- | 200/- | 08.03.2023 समय 5.00 पीएम तक | 09.03.2023 समय 2.00 पीएम तक | 09.03.2023 समय 4.00 पीएम |

निविदा सम्बन्धी शर्ते कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में एवं sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

पुलिस अधीक्षक, जिला सवाई माधोपुर



**सार्वजनिक सूचना कार्यालय नगर निगम, ग्रेटर, जयपुर**

क्र.- एफ-6( )उपा.राज.-द्वि.( सा.प्र. )/ननिज/2023/1782 दिनांक-28.02.2023

मूल भूखण्ड संख्या डी-107, अम्बाबाडी, जयपुर का नगर विकास न्यास, जयपुर द्वारा मेजर बलदेव सिंह के नाम से क्षेत्रफल 388.88 वर्गगज भूमि का आवंटन किया गया था। दिनांक 26.12.2022 को श्री बलदेव सिंह पुत्र श्री नारायण सिंह द्वारा भूखण्ड संख्या डी-107, अम्बाबाडी, जयपुर का मुख्त्यारनामा आम अपने पुत्र श्री दिग्विजय सिंह को नियुक्त किया गया। दिनांक 15.02.2023 को मेजर बलदेव सिंह पुत्र स्व. श्री नारायण सिंह जरिये मुख्त्यारआम श्री दिग्विजय सिंह पुत्र मेजर बलदेव सिंह द्वारा भूखण्ड संख्या डी-107, अम्बाबाडी, जयपुर क्षेत्रफल 388.88 वर्गगज श्रीमती चिंकु शर्मा पत्नी श्री अनिल शर्मा को बेचान किया गया। आवेदिका द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड मुख्त्यारनामा आम, रजिस्टर्ड विक्रय पत्र, अण्डरटेकिंग एवं अन्य दस्तावेजो के आधार पर उक्त भूखण्ड का नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा श्रीमती चिंकु शर्मा पत्नी श्री अनिल शर्मा के पक्ष में क्षेत्रफल 388.88 वर्गगज का नाम हस्तान्तरण एवं फ्री होल्ड पट्टा जारी किया जाना है। इस नाम हस्तान्तरण एवं फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने बाबत् किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय ( उपायुक्त, राजस्व-द्वितीय ) में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समप्ति के बाद, नियमानुसार नाम हस्तान्तरण एवं फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी

सोहनराम चौधरी, उपायुक्त (राजस्व- द्वितीय), नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

## उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**पावटा।** जोधपुर में अधिवक्ता जुगराज चौहान की नृशंस हत्या की घटना के विरोध में पावटा अभिभाषक संघ ने न्यायालयों में सोमवार को पेन डाउन हडताल कर धरना प्रदर्शन करते हुए उपखंड अधिकारी बजरंग लाल स्वामी को ज्ञापन सौपा। इस दौरान अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. अशोक कुमार गुर्जर ने बताया कि अधिवक्ता की नृशंस हत्या समेत एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की माँग के चलते न्यायालयों में न्यायिक कार्य स्थगित करते हुए पेन डाउन हडताल रही। साथ ही इस बाबत मुयमंत्री को ज्ञापन भेजकर मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में किये जाने, पीडित परिवार को एक करोड रूपये मुआवजा व सरकारी नौकरी, पीडित परिवार को पुलिस सुरक्षा की माँग भी की गई। उन्होंने बताया कि न्यायालयों में पेन डाउन हडताल जारी रहेगी। वही इस दौरान अधिवक्ताओं द्वारा न्यायालय परिसर में सुंदरकांड पाठ और सरकार के लिए सद्बुद्धि यज्ञ का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. अशोक कुमार गुर्जर उपा अध्यक्ष मुकेश यादव, सचिव सुरेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष लोकेश शर्मा, मीडिया प्रभारी विष्णु कुमार शर्मा, पुस्तकालय अध्यक्ष दिनेश दायमा सहित बार संघ के समस्त पदाधिकारी व अधिवक्ता मौजूद रहे।

# वकीलों ने धरना स्थल पर हनुमान चालीसा का पाठ किया

**सांभरझील।** बार एसोसिएशन सांभर द्वारा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पारित करवाने की मांग को लेकर मंगलवार को भी वकीलों ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार जारी रखा जिससे आज भी न्यायिक कार्य पूरी तरह से ठप रहा।

**■ प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग के लिए कार्य का बहिष्कार जारी**

पक्षकारों के अन्य कार्य भी नहीं हो सके। वकीलों ने पुरजोर तरीके से अपनी मांग को उठाया। सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए सभी ने धरना स्थल पर हनुमान चालीसा का पाठ किया तथा न्यायालय परिसर स्थित मंदिर में हनुमानजी की प्रतिमा समक्ष दीप प्रज्वलित कर प्रार्थना भी की गई। चालीसा पाठ सामुहिक रुप से किया। इससे पहले वकीलों ने न्यायालय परिसर में विरोध स्वरूप धरना प्रदर्शन भी किया। ज्ञातव्य है कि विगत कई दिनों से प्रदेश के वकील समुदाय की ओर से सरकार के समक्ष एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की जा रही है। धरना स्थल पर हनुमान चालीसा पाठ में बार सचिव सुरेश कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष युगराज माथुर, लालचंद कुमावत, तेजपाल कुमार प्रजापत, नवीन वीर गुर्जर, भागचंद सांभरिया, राजेंद्र चोपडा, उमाशंकर व्यास, दिनेश वर्मा, खेमराज कुमावत, प्रकाश माचीवाल, गिरीश चंद्र नागु, गौरव कुमार उपाध्याय, योगेश शुक्ला, रूपनारायण कुमावत, शिवराज सिंह, रतनलाल चौधरी, राजेंद्र चोपडा, जगवीर सेवदा, लालचंद कुमावत, ललित शर्मा, निशांत शर्मा, श्रवन जाखड, लक्ष्मीकांत दाधीच, नितेश जांगिड, कालू सिंह खंगारोत, राहुल वीर, दिनेश वर्मा, रामचंद्र अभिषेक नवनीत सहित काफी अधिवक्ता उपस्थित थे।



बार एसोसिएशन सांभर ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पारित करवाने की मांग को लेकर न्यायिक कार्य का बहिष्कार जारी रखा । इस मौके पर बार सचिव ( बीच में ) आदि मौजूद रहे।

## बाबा मस्तनाथ जी के मेले में उमड़े श्रद्धालु

**अलवर।** हर वर्ष की भांति इस बार भी बाबा मस्तनाथ का लख्खी मेले का आयोजन किया गया इस मेले में देश भर से साधु संयासियों सहित मंत्रियों सहित देश भर के उधोगपतियों ने हिस्सा लिया आज के आधुनिक युग में मेलों का क्रेज वैसे तो कम हुआ है लेकिन बाबा मस्तनाथ के मेले में लाखों की संख्या में लोगो ने भाग लेकर यह दर्शा दिया कि भारत में सनातन धर्म की ध्वजा आज भी लहरा रही है और सनातन धर्म जब तक इस देश में है तब तक भारत को हिन्दू राष्ट्बनने से कोई नही रोक सकता।

निर्मल सुरा प्रदेश अध्यक्ष हिंदू वाहिनी संगठन एवं प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय औड महासभा जिला प्रभारी भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने अवगत कराया फाल्गुन सप्तमी से नवमी के बीच सिद्ध शिरोमणि श्री बाबा मस्तनाथ जी का मठ अस्थल बोहर रोहतक हरियाणा में लख्खी मेले का हर वर्ष आयोजन किया जाता है । इस वर्ष 26 फरवरी से 28 फरवरी के बीच भव्य मेले का आयोजन किया गया । मेले के प्रथम दिन गद्दी नशीन महंत बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी कुलाधिपति व अलवर सांसद श्री बालक नाथ योगी की उपस्थिति में विधि विधान से ध्वज स्थापना और समाधि पूजन के साथ मेला प्रारंभ हुआ।

## सार-समाचार

### नर्सेज की 11 सूत्री मांगे को लेकर दिया ज्ञापन

**टोंक** (नि.स.)। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन एकीकृत शाखा टोंक के नर्सेज की 11 सूत्री मांगे को लेकर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया, जिसमें वेतन व नर्सेज निदेशालय की मांग नर्सिंग भर्ती में पदों में बढोतरी महिला नर्सेज को मासिक धर्म पर दो अतिरिक्त अवकाश आदि मांगों को लेकर जिला अध्यक्ष सांवरमल गुर्जर व उपाध्यक्ष मुकेश कुमार यादव, रामेश्वर मीणा, सत्यनारायण चौधरी, दिनेश मीणा, बिशन लाल गुर्जर, सीताराम मीणा गुड्डी गुर्जर, सत्यनारायण गुर्जर ने ज्ञापन दिया।

### जनता को मिला पानी

**फागी** (निस)। कस्बे में पांच दिन से बन्द जलापूर्ति आज बहाल हुई जिससे आमजन ने राहत की सांस ली। गौरतलब है कि मंगलवार को राष्ट्रदूत समाचार पत्र में "फागी में पानी के लिए मचा हाहाकार" प्रमुखता से उठाया था। जिसके चलते प्रषासन आज हरकत में आया व पेयजल आपूर्ति को बहाल करते हुए दिन में पानी की सप्लाई सुचारू की गई।पानी को पाकर आमजन के चेहरे पर खुषी की लहर छा गई आमजन ने समाचार पत्र का धन्यवाद किया।

### कार्यकारिणी का विस्तार

**दौसा ।** इंटरनेशनल एडवोकेट ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष करतार सिंह फौजदार के निर्देशो पर दौसा जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इसके बाद जिलाध्यक्ष एडवोकेट महावीर डोई ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया। जिसमें उपाध्यक्ष एडवोकेट रमेश शर्मा नंगल चांपा महासचिव जितेंद्र कुमार मुदगल प्रवक्ता लोकेश शर्मा कोषाध्यक्ष गुड्डू सिंह चौहान महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नीलम शर्मा जिला मंत्री विष्णु गौतम दौसा अध्यक्ष रवि गंगावत को नियुक्त किया है। जिलाध्यक्ष महावीर डोई ने बताया कि संगठन वकीलों के हित के लिए कार्य करेगा।

# सीएलजी एवं शांति समिति की बैठक

**पावटा।** कस्बे के प्रागपुरा पुलिस थाने में होली पर्व को लेकर मंगलवार शाम को सीएलजी एवं शांति समिति सदस्यों की बैठक हुई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली विद्याप्रकाश की अध्यक्षता व प्रागपुरा थाना प्रभारी हवा सिंह यादव की उपस्थिति में हुई बैठक में सदस्यों ने होलिका दहन के समय पर्याप्त पुलिस जाब्ता तैनात करने, शांति व्यवस्था बनाये रखने सहित कई जन समस्याओ के सुझाव दिए। वही पंचायत समिति सदस्य प्रति निधि मुखराम ने पावटा मे बने लाई ओवर के नीचे रोज लगने वाले जाम से निजात दिलाने की मांग करते हुए वहा पुलिसकर्मी तैनात करने की बात कहीं। वही सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल पंसारी व प्रागपुरा जीएसएस अध्यक्ष उपेंद्र सिंह शेखावत ने विद्यालयों की छुट्टी के दौरान विद्यालयों के आस पास व बाहर पुलिस जाब्ता तैनात करने की बात कही। वही मौजूद सदस्यों ने कस्बे व आसपास के क्षेत्र में फैल रही आपराधिक वारदातों पर लगाम लगाने के लिए पावटा में कई सालों से खराब पडे कैमरो की मरमत व नए कैमरे लगाने की मांग की जिससे कि अपराधियों में बदमाशों की पहचान की जा सके। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली विद्याप्रकाश ने कहा कि पुलिस से मिलकर क्षेत्र की कानून व्यवस्था में सुधार लाना सीएलजी एवं शांति समिति सदस्यों के सहयोग से ही संभव है। प्रागपुरा थाना किरण सिंह यादव ने सदस्यों की समस्याओं के शीघ्र समाधान की बात कहीं। बैठक में सुरेश सैनी, महेंद्र कुमार जाट, राजपाल सिंह, बंशीधर गुर्जर, रमेश गुप्ता, बनवारीलाल सैनी, लोकेश कुमार यादव, पप्पूराम बायला, अयूब खाँन, अशोक कुमार स्वामी, मनोज जाँगिड, अभिषेक शर्मा, अब्दुल सत्तार खान, अमित सिंह चौहान, महमुद लुहार सहित जनप्रतिनिधि ग्रामीण मौजूद रहे।

## कार्यशाला का आयोजन

**लालसोट।** मंगलवार को एसडीएमसी एवं एसएमसी क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन लालपुरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया। कार्यशाला के मास्टर ट्रेनर प्रधानाचार्य नीरज शर्मा कल्याणपुरा ने स्टार प्रोजेक्ट विधान साधारण सभा शैक्षिक भौतिक क्षमता संवर्धन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अभिभावकों एवं शिक्षकों से सक्रिय रहकर अपने दायित्व का निर्वहन करने का आवाहन किया। मास्टर ट्रेनर प्रधानाचार्य भगवान सहाय शर्मा खटवा ने सदस्यों की भूमिका विद्यालय उन्नित भौतिक संसाधन जुटाने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानाचार्य लालपुरा चौथमल मीणा ने पधारे हुए अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन वाइस प्रिंसिपल व्याख्याता दिनेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर वार्ड मेंबर मीरा बेरवा शंभूलाल मीणा स्थानीय निवासी मोहन लाल बेरवा ममता शर्मा मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# युवक की जेब काटकर भागते बदमाश को पकड़ा



पावटा के बाजार में जेबतराशते हुए युवक को धरा।

**पावटा।** राजमार्ग 48 पर स्थित पावटा मे जयपुर बस स्टैंड पर सोमवार को रिस्तेदार को बस मे बिठाने आये जिला पार्षद प्रतिनिधि राजेश यादव की जेब तराशते युवक को राजेश यादव ने रंगे हाथों पकड लिया।

जेबतराश युवक को जेब से पर्स चुराते देख राजेश यादव ने शोर मचाया, जिस पर जैसे ही जेबतराश ने भागने की कोशिश की लेकिन राजेश यादव ने बडी बहादुरी से तत्परता दिखाते हुए आस पास के लोगो की भीड की मदद से उसे दबोच लिया और जेब से निकाले 50 हजार रुपए बरामद कर आरोपी को प्रागपुरा थाना पुलिस को सौपा। गनीमत रही कि पीडित ने समय रहते अपनी जेब चेक करते हुए जेब कतरे को आँखों से ओझल नही होने दिया व बहादुरी व तत्परता से उसे पकड लिया। गिरतार आरोपी सोनू निवासी करवास है।

## 4 मार्च को जयपुर कूच

**नरैना** (निस) । कस्बे के बाग वाले बालाजी मंदिर परिसर मे भाजपा महिला मोर्चा मण्डल कि मिटिग का आयोजन महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उमा शर्मा के नेतृत्व में हुआ।

प्रदेश मिडिया प्रभारी स्नेहा शर्मा ने बताया कि रीट परीक्षा में हो रही धांधली को लेकर 4 मार्च को जयपुर कूच किया जायेगा व प्रदर्शन कर विधानसभा घेराव किया जायेगा इस हेतु रणनीती तय की गई। जिलाध्यक्ष ने मिंटिंग मे मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं से जयपुर कूच मे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिये आव्हान किया । इस दौरान मोजमाबाद प्रधान उगन्ता शुकरिया, माजपा मण्डल अध्यक्ष नटवर पारीक, कोषाध्यक्ष सुनील दाधीच, किसान मोर्चा अध्यक्ष जगदीश गुर्जर, महिला मोर्चा अध्यक्ष आशा सैन, उपाध्यक्ष अंजना सोनी, महामंत्री धनवंतरी देवी, सुशीला शर्मा, पुष्पा कुमावत, संतोष रैगर, बीना जांगीड सहित अन्य महिला कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# गैंगस्टर को फॉलो करने वाला पकड़ा

**फुलेरा** (निस)। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव प्रचार अचार ने जानकारी देते हुए बताया कि सोशल मीडिया पर गैंगस्टर व्यक्ति अपने आप को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रॉबिनहाट स्टाईल में प्रस्तुत कर रहा है तथा अपनी फोटो भी इसी रूप में प्रसारित कर रहा है। ।

जिनके चकाचौंध के प्रभाव में आकर युवा वर्ग काफी संख्या में उनके अनुयाई( फोलोअर्स) हो जाते है। उसके व्यक्तिश: प्रभावित होकर नासमझी में स्वयं भी अपराध की दुनिया में कूद जाते है। प्रारंभ में ऐसे नौजवान अपराध करने में हिचकी चाहते नही है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना में गैंगस्टर, गुण्डा, बदमाश व्यक्ति की फेसबुक को फॉलो, लाइक, कमेंट, शेयर करने वाले अन्याय को अपराध के दलदल से रोकने हेतु सभी थाना क्षेत्रों में एक विशेष अभियान चलाकर ऐसे अनुयाई को समझाइश व विधिक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया था

उक्त विशेष अभियान के दौरान जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव प्रचार के निर्देशन व कुशल नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू दिनेश शर्मा एवं वृत्ताधिकारी सांभरलेक लक्ष्मी सुधार के नेतृत्व में फुलेरा थानाधिकारी हनुमान सहाय ने एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सोमवार को थाना क्षेत्र में गैंगस्टर रोहित गोदारा के फेसबुक फॉलो व गणेश सैनी पुत्र डालचंद सैनी जाति माली उम्र 22 वर्ष निवासी पुराना फुलेरा को गिरफ्तार किया है।

## अवैध शराब के साथ युवक पकड़ा

**मालपुरा** (निस) डिग्गी थाना पुलिस ने दौराने गश्त के लावा गांव से अवैध देशी शराब के 48 पव्वे व 24 हाफ के साथ एक युवक को किया गिरफतार। थानाधिकारी ने बताया कि मंगलवार को दौराने गश्त के लावा गांव मे एक युवक को रोककर पूछताछ की गई तो संतोषप्रद जवाब नही देने पर ली गई तलाशी मे 48 पव्वे व 24 हाफ बिना अनुज्ञापत्र के अपने कब्जे मे रखने पर शराब को जप्त कर आरोपी युवक मुकेश पुत्र बद्री लाल मीणा उम्र 25 निवासी लावा को गिरफतार कर आबकारी अधिनियम की धाराओं मे मामला दर्ज किया गया।

## सेवानिवृति पर बधाई दी

**मनोहरपुर ।** कर्तव्यनिष्ठ परिश्रमी इमानदार दयालु वापसी प्रेम स्नेह व भाईचारा को प्रगाढ़ करने वाले गौरी शंकर शर्मा प्राध्यापक राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय मनोहरपुर की सेवानिवृति समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया । राजनीतिक सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों सहित कस्बे के गणमान्य लोगों ने शिरकत कर शर्मा को सांफ़ा बांधा।

# विधायक ने किया विद्यालय चारदीवारी का लोकार्पण

**विराटनगर ।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोठाणा में संचालित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में सोमवार को विधायक इंद्राज गुर्जर के मुय आतिथ्य एवं सरपंच सुशीला देवी की अध्यक्षता व विराटनगर प्रधान प्रतिनिधि कन्हैयालाल गुर्जर, जिला पार्षद हरफूल कसाना, जय राम वकील, उपखंड अधिकारी बजरंग लाल स्वामी, तहसीलदार पिंकी गुर्जर, मुय ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मुरलीधर यादव, विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश के विशिष्ट आतिथ्य में विधायक कोष से निर्मित विद्यालय की चारदीवारी का फीता काटकर अनावरण पट्टिका का लोकार्पण किया। इस दौरान मुय अतिथि विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि क्षेत्र विकास में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी।

क्षेत्र विकास में सभी जनप्रतिनिधि एकजुट होकर बिना किसी भेदभाव के विकास कराएं तो क्षेत्र का चहुंमुखी विकास कोई नहीं

**■ शिक्षा जीवन का एक अभिन्न अंग है : इंद्राज गुर्जर**

रोक सकता। वही अध्यक्षता करते हुए सुशीला देवी ने कहा कि सभी लोग शिक्षा क्षेत्र में बालक-बालिकाओं में भेदभाव नहीं करते हुए दोनों को उच्च शिक्षा ग्रहण करवाने की अपील की।

वही विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पणदो में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत होने पर उद्घाटन समारोह आयोजित करते हुए शिलालेख का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि शिक्षा के बिना कोई भी समाज आगे नहीं बढ सकता है।

शिक्षित व्यक्ति को अपने आस-पास हो रहे बदलावों की जानकारी होती है और वह चुनौतियों का मुकाबला आसानी से कर सकता है। गुर्जर ने कहा कि शिक्षा सहित क्षेत्र में विकास के लिए उन्होंने हर संभव प्रयास किया हैं, जहां-जहां आवश्यकता महसूस हुई उन स्कूलों को क्रमोन्नत किया गया, वहीं उन्होंने कहा कि शिक्षा, चिकित्सा व पंचायतीराज में विकास कार्य करवाने में कोई कसर नहीं रखी इसके लिए बजट की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी। विधायक इंद्राज ने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा जीवन का एक अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि अपने स्वयं पर विश्वास रखे और जीवन में ईमानदारी से जिस क्षेत्र में आगे बढने की रूचि है, उस क्षेत्र में कठिन मेहनत व श्रम से जीवन में सफलता के मार्ग प्रशस्त होंगे। विधायक इंद्राज गुर्जर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोठाणा व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पणदो मे स्थानीय बालक-बालिकाओं के अध्ययन के लिए विद्यालय में विधा यक कोष से दो-दो कक्षा कक्ष बनाने की घोषणा की।

## कोठी नातमाम स्कूल में 11 वाईस प्रिंसिपल

**टोंक**, (नि.स.)। शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर द्वारा वाईस प्रिंसिपल डीपीसी में चयनित व्याख्याताओं के यथावत पदस्थापन के आदेश दिए जाने के बाद मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोठी नातमाम टोंक से चयनित दस व्याख्याताओं ने वाईस प्रिंसिपल के पद पर कार्यग्रहण कर लिया। जिससे पहले से कार्यरत उपप्रधानाचार्य समेत विद्यालय में वर्तमान में ग्यारह उपप्रधानाचार्य हो गये।

विभागीय सूत्रों के अनुसार एक विद्यालय में एक ही उपप्रधानाचार्य का पद स्वीकृत हैं। लेकिन इन नव पदस्थापित उपप्रधानाचार्यो का विभिन्न विद्यालयों में पदस्थापन किए जाने तक वे विद्यालय में ही सेवारत रहेंगे। प्रधानाचार्य शंकर शंभू गोठवाल ने बताया कि हमें खुशी है कि विद्यालय से एक सत्र की उपप्रधानाचार्य डीपीसी में दस व्याख्याताओं का चयन हुआ है। यह सभी उप प्रधानाचार्य अग्रिम आदेश तक इसी स्कूल में सेवाएं देते रहेंगे। साथ ही यथायोग्य कार्य भी करेंगे। उपप्रधानाचार्य पद पर कार्यग्रहण करने वाले सैयद मुशीर अहमद , हिमांशु सोगानी व अब्दुल मुनीम वरिष्ठ व्याख्याता है।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया



स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया।

**कोटपूतली।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में मंगलवार को स्काउटिंग साईंस क्लब, एनएसएस, आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया।

विज्ञान क्लब की संयोजिका डॉ. प्रीति गुप्ता ने विज्ञान दिवस के बारे में विस्तार से बताया। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ.आर.पी.गुर्जर ने विज्ञान की महत्ता के बारे में बताया। प्राचार्य डॉ. उर्मिल महलावत ने कहा कि आदि मानव से आज तक हमारा विकास अपनी आकाक्षाओं की पूर्ति करने की लालसा के कारण ही हुआ है। उन्होंने कहा कि उपलब्ध संसाधनों का सीमित उपयोग करना चाहिए अपितु अपने मस्तिष्क का उपयोग करें अपनी क्षमताओं का विकास करें। डॉ. हरिराम धनेटिया ने प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें निर्णायक डॉ. गीता गर्ग रही। उक्त प्रश्नोत्तरी में लालचन्द सैनी ने प्रथम स्थान, रीना ने द्वितीय व अजीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान डॉ.एस.के गर्ग, डॉ.राकेश कुमार लाटा, डॉ.शीशराम यादव, डॉ.संतोष कुमार, डॉ.ज्योति पाठक, डॉ.मालीराम मीणा, सुबिता चौधरी एवं समस्त संकाय सदस्य उपस्थित रहें। संचालन डॉ.संदीप कुमार आर्य ने किया। अंत में डॉ.गीता गर्ग ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## करंट लगने से भैंस मरी

**पावटा।** उपखंड मुयालय क्षेत्र के प्रागपुरा में सोमवार को बिजली के झटके से भैंस की मौत हो गयी। प्रागपुरा कस्बे में भैस को पानी पिलाते व नहलाते समय भरे पानी में तार को छूते ही भैंस करंट की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। भैंस की मौत की खबर से लोगों की भीड उमड़ पड़ी। लोगों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए भैंस के मुआवजे की मांग की। लोगों ने बताया कि 11 हजार केवी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है जिसमें करंट की लगातार शिकायत आती रहती है जिसके बावजूद ट्रांसफार्मर को दूसरी जगह शिट नहीं किया गया। जिससे हादसा हुआ। पशु चिकित्सक डॉ. राजकुमार ने मौके पर ही भैंस का पोस्टमॉर्टम किया। वही पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल ने बताया कि प्रागपुरा निवासी विशबर दयाल यादव व दिनेश यादव सुबह भैंस को पानी पिलाने व नहलाने के लिए पास ही कुए पर ले गए जहाँ पानी पीते समय वहा भरे हुए पानी मे करंट आने से भैंस घायल हो गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। लोगों ने इसकी सूचना बिजली निगम के कर्मचारियों को दी और जिस पर बिजली आपूर्ति काट दी गई और भैंस को हटा दिया।

# भामाशाह व प्रतिभाओं का किया सम्मान

**लालसोट ।** उपखण्ड क्षेत्र की विभिन्न राजकीय विद्यालयों में वार्षिकोत्सव समारोह में भामाशाह व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुए ।

ग्राम पंचायत लाखनपुर के राजस्व गांव उगरियावास के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव भामाशाह व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि लालाराम बैरवा सरपंच प्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि एसीबीईओ विनोद कुमार नौनिहाल व पीईईओ डॉ सत्यनारायण शर्मा रहे। विनोद कुमार नौनिहाल ने अपने उद्बोधन में विद्यालय को लालसोट ब्लॉक का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बताया तथा दान देने वाले सभी भामाशाहों का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में भामाशाहों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। स्थानीय गाँव के निवासी बद्रीराम बैरवा ने विदयालय को एक हॉल मय बरामदा भेंट किया तथा लालाराम बैरवा रामखिलाडी मीना रामखिलाडी मीना उपसरपंच हंसराज बैरवा भारतीय रेल्वे द्वारा आंगनबाडी तथा कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए डेस्क उपलब्ध करवाई। मोहन लाल मीना अध्यापक द्वारा विद्यालय को एक लेक्चर स्टैण्ड भेंट किया तथा सभी ठाामीणों ने पूरे उत्साह से कार्यक्रम को सफल बनाया।

संस्था प्रधान जयराम मीना राजेन्द्र प्रसाद मीना हरसहाय मीना कमलेश कुमार मीना मंजू मीना एसएमसी अध्यक्ष रामप्रकाश मीना रिकू मीना व अन्य उपस्थित रहे व मंच संचालन हरीश कुमार गुप्ता ने किया।

इस भामाशाह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान स्थानीय विद्यालय के छात्रों द्वारा जमकर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की गई.. इसी तरह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं सरस्वती उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर श्यामपुरा कला मे वार्षिकोत्सव भामाशाह छात्र सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजन किया गया बच्चों को मोटिवेट किया कि अनुशासन में रहकर शिक्षा ठाहण करनी चाहिए कितनी भी कठिनाईया आने पर अपने लक्ष्य को छोड़ना नहीं चाहिए इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी राष्ट्रीय ज्ञान गाया गया बच्चों का अवार्ड सहित सम्मानित किया गया।

## खाटूश्यामजी की पदयात्रा रवाना

**फुलेरा ।** कस्बे श्रीश्याम बाबा की 19 वीं पदयात्रा श्रीश्याम पदयात्री जनसेवा समिति के तत्वावधान में श्रीरामनगर स्थित बालाजी की बगीची से गाजे-बाजे के साथ रवाना हुई। इसके पूर्व श्रीश्याम बाबा की 501 दीपको से महाआरती भी पण्डित नरनारायण शर्मा के सानिध्य में करवाई गई। तत्पश्चात समिति के पदाधिकारियों द्वारा आगंतुक अतिथियों का माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इसके बाद अतिथियों ने हरी झण्डी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। पदयात्रा में श्याम बाबा के भक्त निशान लेकर डीजे की धुनों पर झूमते गाते नजर आए। बाबा श्याम की पदयात्रा का क्षेत्र वासियों ने जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान फुलेरा नगरी बाबा श्याम के जयकारों से गुंजायमान हो उठी। इस अवसर सैकड़ों लोगों उपस्थित रहे।

बिजली कटौती का समय बदला

फुलेरा । फुलेरा कस्बे में पेयजल सप्लाई के दौरान होने वाली विद्युत कटौती का समय बदला, जलदाय विभाग की कनिष्ठ अभियंता मंजू चौधरी ने विद्युत विभाग को पत्र लिखकर विद्युत कटौती के समय में बदलाव करने का आठाह किया है।

# 'सौहार्द-भाईचारे से मनाए होली का त्योहार'



मनोहरपुर थाना परिसर ने त्यौहारों को लेकर सीएलजी की बैठक हुई।

**मनोहरपुर ।** थाना परिसर में मंगलवार को आगामी त्यौहार होली व शबे बरात को ध्यान में रखते हुए सीएलजी सदस्य व सुरक्षा सखियों की बैठक का आयोजन एएसआई बलवान सिंह के अध्यक्षता में किया गया।

इस दौरान एसआई बलवान सिंह ने कहा कि सभी आगामी त्यौहार पर सद्भावना सौहार्द आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि इस दौरान शराब पीकर हुडदंग मचाते हुए व्यक्ति पाया गया तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वही साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी तथा दुपहिया वाहनों से हो रहे दुर्घटनाओं के बारे में बताकर वाहन चालकों से हेलमेट पहनकर गाडी चलाने बात कही। त्योहार पर किसी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना घटित नहीं हो इसके लिए पाबंद किया गया। वहीं समाजसेवी मुनिर मनियार ने बताया कि कि बस स्टैंड से लेकर मुख्य बाजार में कई आवारा लडको के द्वारा बाजार में तीव्र गति से वाहन को दौडाते हैं।जिससे बडा हादसा होने की आशंका बनी रहती हैं। सुवालाल हलकारा ने बताया कि सरस्वती पी जी महिला महाविद्यालय, कृष्णा, संस्कार विद्यालय पर भी वहां से स्कूल छूटी व प्रवेश समय पर गस्त करने का प्रस्ताव दिया। समाजसेवी संपूर्णानंद शर्मा ने बताया कि भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई जाए।इसके लिए पहले भी प्रभारी को अवगत करवाया हुआ है।

## दो मजदूरों की हुई मौत

**निवाई ।** सोमवार की देररात बारां तूडी भरने जा रहे ट्रक ने बरथल बाईपास तिराहे के समीप सडक किनारे खडे ट्रक के पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में तूडी भरने जा रहे ट्रक में सवार चार व्यक्ति घायल हो गए तथा दो की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों व मृतकों के शव को एम्बुलेंस से राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय पहुंचाया। घायलों का चिकित्साकर्मियों ने उपचार किया तथा दोनों शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और परिजनों को सूचना दी। घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सकों ने उन्हें एसएमएस अस्पताल जयपुर के लिए रैफर कर दिया जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में मनोज पुत्र कृष्ण उम्र 36 वर्ष, दीपक पुत्र राजेन्द्र उम्र 28 वर्ष, रामभगत पुत्र अमृतलाल उम्र 28 वर्ष व महावीर पुत्र सतवीर उम्र 41 वर्ष निवासी गांव खदेड थाना बरवाला जिला हिसार हरियाणा घायल हो गए। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में मगर पुत्र करताराम उम्र 45 वर्ष व मंजीत पुत्र सतवीर उम्र 32 वर्ष दोनों निवासी खदेड पुलिस बरवाला जिला हिसार हरियाणा की मौत हो गई।



चिंता की कोई बात नहीं है। चोट के कारण मैंने आठ से 10 दिन का ब्रेक लिया। इसके बाद से मैं गेंदबाजी कर रहा हूं। काम के बोझ या शरीर को लेकर कोई चिंता नहीं है।

- मिशेल स्टार्क

ऑस्ट्रेलिया के सीनियर तेज गेंदबाज अपनी चोट को लेकर।

# खेल जगत



## आज का खिलाड़ी ▸ जसप्रीत बुमराह



तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट से उबरने में नाकाम रहे हैं जिसके कारण वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नहीं खेल पाएंगे और उनके अगले छह महीने तक वापसी की संभावना भी नहीं है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने मंगलवार को पीटीआई को यह जानकारी दी। यह पता नहीं चल पाया कि पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी20 विश्व कप में भी नहीं खेल पाने वाले इस तेज गेंदबाज की पीठ का ऑपरेशन करना होगा या नहीं। बुमराह को शुरू में टी20 विश्व कप की टीम में चुना गया था।

**क्या आप जानते हैं ?...** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मो. सामी ने एक ओवर में 17 गेंदें फेंककर एक ओवर में सर्वाधिक गेंद फेंकने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

# भारत की नजरें डब्ल्यूटीसी फाइनल पर, आस्ट्रेलिया की वापसी पर





इंदौर, 28 फरवरी। पहले दो टेस्ट मैचों में करारी शिकस्त मिलने के बाद ऑस्ट्रेलिया को स्टीव स्मिथ की अगुवाई में बुधवार से शुरू होने वाले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में चमत्कारिक वापसी की उम्मीद होगी।

दिल्ली में खेले गये दूसरे टेस्ट के बाद ऑस्ट्रेलियाई खेमे में बहुत कुछ बदल चुका है। कप्तान पैट कमिंस मां की बीमारी के कारण अपने घर सिडनी लौट गये हैं। डेविड वॉर्नर कोहनी में हेयरलाइन फ्रैक्चर के कारण सीरीज से बाहर हो गये हैं, जबकि एश्टन आगर को भी घर लौटा दिया गया है। करीब एक हफ्ते बाद तीसरे टेस्ट के लिये उतरते हुए ऑस्ट्रेलिया को नागुपर एवं दिल्ली टेस्ट की निराशा को पीछे छोड़कर नयी शुरुआत करनी होगी।

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के ऊपर सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह होगी कि वह रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा की जोड़ी के आगे अपने हौसले पस्त न होने दें और अपने डिफेंस पर भरोसा रखें। नागपुर टेस्ट में जहां कंगारू बल्लेबाजों ने आवश्यकता से अधिक कदमों का इस्तेमाल किया, वहीं दिल्ली टेस्ट में वे बेवजह स्वीप शॉट का इस्तेमाल करते नज़र आये। दोनों मौकों पर नतीजा एक सा ही रहा और दूसरी पारी में पूरी टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गयी। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज इयन चैपल के शब्दों में, कंगारू बल्लेबाज रोहित शर्मा को देखकर भी भारतीय पिचों पर खेलने का तरीका सीख सकते हैं। उन्हें अपने डिफेंस पर भरोसा करने के अलावा दिल से झिझक निकालकर अच्छे फुटवर्क का प्रदर्शन भी करना होगा।

वॉर्नर की जगह दिल्ली टेस्ट की दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के लिये ओपनिंग करने वाले ट्रैविस हेड ने 43 रन बनाकर बेहतरीन धैर्य और आक्रामकता के बेहतरीन मिश्रण का प्रदर्शन किया था। वह होल्कर स्टेडियम पर भी अपनी उस लय को बरकरार रखना चाहेंगे। दिल्ली में शतक से चूकने वाले उस्मान ख्वाजा को अपनी तकनीक के दम पर भारत में अंततः टेस्ट सैकड़ा जमाने की उम्मीद होगी। ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसकों की निगाहें मुख्यतः मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ पर टिकी होंगी। यह दोनों बल्लेबाज लंबे समय से ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी की रीढ़ की हड्डी रहे हैं, हालांकि भारत दौरे पर दोनों में से कोई भी पचास का आंकड़ा नहीं छू सका है। साल 2013 और 2017 में भारत आ चुके स्मिथ इस समूह के सबसे अनुभवी बल्लेबाज हैं और अब कप्तानी की जिम्मेदारी मिलने पर उन्हें इस अनुभव से बल्लेबाजी की अगुवाई भी करनी होगी।

ऑस्ट्रेलिया के पास अब बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने की संभावना तो नहीं बची है, हालांकि सबसे अच्छी सूरत में वह अब चार मैचों की सीरीज ड्रॉ करवा सकता है। हरफनमौला कैमरन ग्रीन और तेज़ गेंदबाज़ मिचेल स्टार्क के फिट होने से उसकी ऐसा कर पाने की संभावनाएं भी बढ़ जाती हैं।

भारत के ऊपरी क्रम को भी इंदौर में अपनी क्षमता साबित करनी होगी। दिल्ली टेस्ट की पहली पारी में एक समय पर भारत का स्कोर 139/7 था, जिसके बाद अक्षर पटेल और अश्विन ने शतकीय साझेदारी करके टीम को बचाया। भारतीय बल्लेबाजी में यह प्रवृत्ति अब काफी समय से चली आ रही कि ऊपरी क्रम की असफलता का बोझ निचले क्रम को उठाना होता है। ऋषभ पंत के टीम में न होने से टीम को संभालने की जिम्मेदारी लगभग हरफनमौलाओं पर ही आ गयी है। लगातार निराशाजनक प्रदर्शन के बाद केएल राहुल शायद तीसरे टेस्ट में भारत के लिये न खेलें, हालांकि विराट कोहली और चेतेश्वर पुजारा को दमखम दिखाना होगा। युवा प्रतिभावान बल्लेबाज शुभमन गिल मौका मिलने पर इसका पूरा-पूरा फायदा उठाना चाहेंगे।

होल्कर स्टेडियम पर विराट कोहली का टेस्ट रिकॉर्ड भी दर्शनीय है। उन्होंने न्यूजीलैंड के विरुद्ध 2016 में यहां खेले गये टेस्ट में दोहरा शतक जड़ा था। टी20 और एकदिवसीय क्रिकेट में पुरानी जैसी लय हासिल कर चुके कोहली होल्कर स्टेडियम पर अपने रिकॉर्ड को बेहतर करते हुए टेस्ट क्रिकेट में भी रंग में लौटना चाहेंगे।

इंदौर में खेले गये दोनों टेस्ट मैचों में के पहले दो दिनों में तेज गेंदबाजों के लिये कुछ मदद देखने को मिली हो। हालांकि बुधवार की सुबह पिच स्पिनरों के लिये मददगार होने की उम्मीद है। घरेलू परिस्थितियों में टर्निंग पिच बनाने की योजना भारत के लिये पिछले 11 सालों में भारत के लिये कारगर साबित हुई है और उसके पास इसे बदलने का कोई कारण नहीं है।







## कप्तानी की जिम्मेदारी से मिलती है प्रेरणा : स्मिथ

इंदौर, 28 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया के स्थानापन्न कप्तान स्टीव स्मिथ ने मंगलवार को कहा कि कप्तानी की जिम्मेदारी उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिये प्रेरित करती है और वह भारत के विरुद्ध तीसरे टेस्ट में टीम की कमान संभालने के लिये उत्साहित हैं। स्मिथ ने मैच की पूर्व संध्या पर मंगलवार को कहा, आमतौर पर यह (कप्तानी की जिम्मेदारी) मेरे अंदर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन निकालकर लाती है। मैं पैट (कमिंस) की अनुपस्थिति में टीम की अगुवाई करने के लिये उत्साहित हूं।

गौरतलब है कि कमिंस को उनकी मां की तबीयत बिगड़ने के बाद ऑस्ट्रेलिया में अपने घर लौटना पड़ा, जिसके बाद तीसरे टेस्ट के लिये स्मिथ को कप्तानी सौंपी गयी है। स्मिथ भारत दौरे पर अब तक दो टेस्ट मैचों में सिर्फ 71 रन बना सके हैं, हालांकि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय परिस्थितियों से चित परिचित होने के कारण वह आने वाले मैचों में बड़ी पारियां खेल सकेंगे। स्मिथ ने कहा, मैं इन परिस्थितियों को अच्छी तरह जानता हूं। यह मेरे दूसरे घर की तरह है, मैंने भारत में काफी क्रिकेट खेली है। मैं खेल की बारीकियों को और पिच की पेचीदगियों को समझता हूं। खेलने के लिये तैयार हूं। सीरीज में 0-2 से पिछड़ने के बाद ऑस्ट्रेलिया को चमत्कारिक वापसी की जरूरत है, जिसके लिये उन्हें सबसे पहले बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। दिल्ली टेस्ट में दो दिनों तक मैच पर अपनी पकड़ मजबूत रखने के बाद तीसरे दिन के पहले सत्र में ही ऑस्ट्रेलिया ने मैच गंवा दिया। एक के बाद एक ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्पिन के विरुद्ध खराब शॉट खेलकर आउट होते गये, जिसके कारण ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट की हार का मुंह देखना पड़ा। रविचंद्रन अश्विन की गेंद को स्वीप करने के प्रयास में पगबाधा हुए स्मिथ ने कहा कि वह दिल्ली में अपने आउट होने के तरीके से बेहद गुस्सा थे और वह इससे जरूर सीख हासिल करेंगे। स्मिथ ने कहा, मैं 95 (94) टेस्ट खेल चुका हूं और मुझे नहीं लगता कि मैं कभी इस तरह अपने ऊपर गुस्सा होकर पवेलियन लौटा हूं। मैं काफी गुस्सा था। मेरे करियर में ऐसे ज्यादा मौके नहीं थे जब मैं अपने आप से निराश होकर पवेलियन लौटा हूं। मैं इससे जरूर कुछ सीख सकता हूं। मैं अभी भी सीख रहा हूं। उन्होंने कहा, मैं बिल्कुल भी इस तरह नहीं खेलना चाहता था। खासकर तब जब फील्ड हमारे अनुसार ही सजी हुई थी। उनके फील्डर वहीं खड़े थे जहां हम चाहते थे, हम आराम से एक-दो रन ले सकते थे लेकिन हमने जल्दबाज़ी की। ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट के लिये टीम की घोषणा नहीं की है।

## अहमदाबाद में इंग्लैंड जैसी पिच बना सकता है भारत

इंदौर, 28 फरवरी। भारत अगर बुधवार से यहां होल्कर स्टेडियम पर शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को हराकर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 3-0 की बढ़त बना लेता है तो अहमदाबाद में होने वाले चौथे टेस्ट में इंग्लैंड जैसी पिच बना सकता है।

गौरतलब है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल का आयोजन जून में इंग्लैंड के ओवल मैदान पर होना है। ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाकर फाइनल में लगभग पहुंच चुके भारत को इंग्लैंड जैसी हरी पिच पर अभ्यास की जरूरत होगी, जो उसे अहमदाबाद में मिल सकता है। कप्तान रोहित ने मंगलवार को इसकी संभावना ज़ाहिर करते हुए संवाददाताओं से कहा, बिल्कुल, इसकी संभावना है। हम इसके बारे में बात कर चुके हैं। हमें खिलाड़ियों को इसके लिये भी तैयार करना है। भारत ने नागपुर और दिल्ली में खेले गये दोनों टेस्ट मैचों में स्पिनरों के लिये मददगार पिच बनायी और उसे दोनों बार आसान जीत मिली। डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारी में भारत को टीम में कुछ खिलाड़ी भी बदलने होंगे। कप्तान रोहित ने इस सूची में शार्दुल ठाकुर का नाम सबसे आगे रखा। रोहित ने कहा, सबसे महत्वपूर्ण शार्दुल ठाकुर है, क्योंकि वह उस योजना का हिस्सा है। मुझे नहीं पता कि वह कितना तैयार है। उसकी शादी हाल ही में हुई है। हमें नहीं पता कि उसने कितने ओवर गेंदबाजी की है, लेकिन यह विचार जरूर मौजूद है। अगर यहां (इंदौर में) नतीजे हमारे पक्ष में रहते हैं तो हम अहमदाबाद में ज़रूर कुछ अलग करने की सोचेंगे। रोहित हालांकि यह भी भली-भांति जानते हैं कि अहमदाबाद पहुंचने से पहले उन्हें इंदौर में ऑस्ट्रेलिया का सामना करना है। रोहित ने कहा कि नागपुर और दिल्ली टेस्ट में बुरी तरह हारने वाली ऑस्ट्रेलिया टीम तीसरे टेस्ट में जरूर उनके लिये मुश्किलें पैदा करेगी। भारतीय कप्तान ने कहा, यह हमारे लिये (डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचना) एक बड़ी उपलब्धि होगी, लेकिन हम जानते हैं कि हमें उस अंतिम बाधा को पार करने की जरूरत हैं और इसके लिये हमें अगला मैच भी जीतने की जरूरत है।

## मेसी और पुटेलस फीफा पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये

पेरिस, 28 फरवरी। विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने किलियन एम्बाप्पे और करीम बेंजेमा को पछाड़ कर फीफा (फुटबॉल संघों का अंतरराष्ट्रीय महासंघ) सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी (2022) का पुरस्कार अपने नाम किया। महिला वर्ग में स्पेन की अलेक्सिया पुटेलसने लगातार दूसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। कतर में एम्बाप्पे की टीम फ्रांस के खिलाफ रोमांचक फाइनल में अर्जेंटीना को विश्व कप का खिताब दिलाने वाले मेसी ने सोमवार रात को आयोजित कार्यक्रम में पिछले 14 साल में सातवीं बार फीफा पुरस्कार हासिल किया। उन्होंने अपने रिकॉर्ड पांचवें प्रयास में विश्व कप का खिताब जीता था।

## राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिपः अनुपमा, मिथुन को एकल खिताब

पुणे, 28 फरवरी। पूर्व जूनियर विश्व नंबर एक अनुपमा उपाध्याय और मिथुन मंजूनाथ ने सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023 में अपने-अपने फाइनल मुकाबले जीतकर मंगलवार को क्रमशः महिला एकल और पुरुष एकल के खिताब हासिल किये। अनुपमा ने रोमांचक महिला एकल मुकाबले में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए आकर्षी को एक घंटे 18 मिनट में 20-22, 21-17, 24-22 से मात देकर पहली बार राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती। मिथुन ने प्रियांशू राजावत को सिर्फ 28 मिनट में 21-16, 21-11 से परास्त करके पुरुष एकल में खिताब हासिल किया।

## कैस्पर रूड मैक्सिको ओपन के दूसरे दौर में

मैक्सिको सिटी, 28 फरवरी। दूसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने अर्जेंटीना के क्वालीफायर गुइडो आंद्रेओजी को 6-4, 4-6, 7-6 (2) से हराकर मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। रूड अब तक तीन खिताब जीत चुके हैं और वह 2022 में फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। वह दूसरी बार मैक्सिको ओपन में भाग ले रहे हैं।

## मारकंडे की जगह मुलानी शेष भारत टीम में शामिल

मुंबई, 28 फरवरी। ग्वालियर के कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम पर एक मार्च से होने वाले ईरानी कप मैच के लिये शेष भारत टीम में चोटग्रस्त मयंक मार्कांडे की जगह शम्स मुलानी को शामिल किया गया है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बताया कि पंजाब से आने वाले मारकंडे को ट्रेनिंग के दौरान दाहिनी तर्जनी में चोट लग गई, जिसके कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हो गये। चयन समिति ने मारकंडे के प्रतिस्थापन के रूप में मुंबई के ऑलराउंडर मुलानी को नामित किया।

मध्य प्रदेश के विरुद्ध होने वाले ईरानी कप मुकाबले में शेष भारत की कमान कर्नाटक के सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल के हाथों में होगी। अग्रवाल इस साल रणजी ट्रॉफी की 13 पारियों में 990 रन बनाकर टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे थे।

शेष भारत टीम : मयंक अग्रवाल (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, यशस्वी जायसवाल, यश ढुल, बाबा इंद्रजीत, उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), अतीत सेठ, सौरभ कुमार, हार्विक देसाई, नवदीप सैनी, मुकेश कुमार, चेतन सकारिया, आकाश दीप, शम्स मुलानी, पुलकित नारंग, सुदीप कुमार घरामी।

## एमबाप्पे और मेस्सी के गोल से पीएसजी ने मार्सिले को हराया

पेरिस, 28 फरवरी। काइलियान एमबाप्पे के दो और लियोनल मेस्सी के एक गोल से फ्रेंच लीग में शीर्ष पर चल रहे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने खिताब के दावेदारों में शामिल मार्सिले को 3-0 से हराया।

एमबाप्पे लीग में 17 गोल के साथ शीर्ष पर चल रहे हैं। उन्होंने रविवार को पीसीजी की ओर से सर्वाधिक 200 गोल दागने के एडिनसन कवानी के क्लब रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली।

पीएसजी को इसी महीने फ्रेंच कप में मार्सिले के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा था। टीम इस मुकाबले में एमबाप्पे के बिना खेली थी और उन्हें इस स्टार खिलाड़ी की कमी खली। इस बार टीम में नेमार नहीं थे लेकिन उसे ब्राजील के इस स्टार खिलाड़ी की कमी नहीं खली।

## कुश्ती विवादः जांच समिति के समक्ष पेश हुए बृजभूषण, आरोपों का किया खंडन

नयी दिल्ली, 28 फरवरी। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह मंगलवार को सरकार द्वारा नियुक्त निगरानी समिति के समक्ष पेश हुए और उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

यह समिति बृजभूषण के खिलाफ लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच कर रही है। दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम के अध्यक्षता वाली समिति का गठन 23 जनवरी को किया गया था। देश के चोटी के पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई के प्रमुख बृजभूषण पर कई महिला खिलाड़ियों का यौन उत्पीड़न करने, खिलाड़ियों को धमकाने और तानाशाही तरीके से खेल निकाय का संचालन करने के आरोप लगाए थे। सुनवाई के लिए बृजभूषण अपने 20 समर्थकों के साथ पहुंचे थे। सुनवाई लगभग तीन घंटे तक चली। बृजभूषण हालांकि भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) मुख्यालय के बाहर इंतजार कर रहे मीडिया से बचते रहे। उन्होंने कहा कि अभी जांच चल रही है और इस समय वह किसी तरह की टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं। उनके खिलाफ आरोप देश के चोटी के पहलवानों ने लगाए हैं जिनमें विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और रवि दहिया भी शामिल हैं। पहलवान पहले ही समिति के सामने पेश हो चुके हैं। जनवरी में देश के चोटी के पहलवानों ने जंतर-मंतर पर तीन दिवसीय धरना दिया था और बृजभूषण को बर्खास्त करने और डब्ल्यूएफआई को भंग करने की मांग की थी। इसके बाद भाजपा के सांसद बृजभूषण को जांच पूरी होने तक डब्ल्यूएफआई का कामकाज नहीं देखने के लिए कहा गया था। मैरी कॉम की अगुवाई वाली समिति में पूर्व पहलवान योगेश्वर दत्त, पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी तृप्ति मुर्गुंडे, साइ सदस्य राधिका श्रीमान, लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना के पूर्व सीईओ राजेश राजगोपालन और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता बबीता फोगाट शामिल हैं।

## न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट मैच में एक रन से हराया

वेलिंगटन, 28 फरवरी। न्यूज़ीलैंड ने नील वैगनर की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रोमांच और उत्साह से भरे दूसरे टेस्ट में मंगलवार को इंग्लैंड पर एक रन की ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

पहली पारी में 226 रन से पिछड़कर फॉलोऑन मिलने पर न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के सामने 258 रन का लक्ष्य रखा था। इसके जवाब में इंग्लैंड मैच के पांचवें दिन 256 रन पर ऑलआउट हो गयी।

वैगनर ने ब्लैक कैप्स की इस यादगार जीत में चार विकेट लिये, जबकि टीम साउदी को तीन और मैट हेनरी को दो विकेट हासिल हुए।

इंग्लैंड फॉलो ऑन देकर टेस्ट हारने वाली दूसरी टीम है, जबकि इससे पहले ऑस्ट्रेलिया तीन बार फॉलो ऑन देकर हार का स्वाद चख चुकी है। न्यूजीलैंड टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में एक रन के अंतर से मैच जीतने वाली दूसरी टीम है।

इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत 48/1 के स्कोर से की और पलक झपकते ही तीन विकेट गंवा दिये। युवा प्रतिभावान बल्लेबाज हैरी ब्रूक एक भी गेंद खेले बिना रनआउट हो गये और इंग्लैंड की आधी टीम 80 रन पर ही पवेलियन लौट गयी।

इंग्लैंड को अब भी जीत के लिये 178 रन की जरूरत थी, जिसके बाद रूट और कप्तान बेन स्टोक्स ने मिलकर पारी को संभाला। पहली पारी में शतक जड़ने वाले रूट ने घुटने की चोट से जूझ रहे स्टोक्स के साथ मिलकर छठे विकेट के लिये 121 रन की साझेदारी की।

रूट-स्टोक्स मैच को न्यूजीलैंड से दूर ले जा रहे थे कि तभी वैगनर ने गेंद थामकर मुकाबले का रुख पलट दिया। उन्होंने स्टोक्स और रूट के बाद स्टुअर्ट ब्रॉड (11) को भी छोटी गेंद पर आउट किया। रूट ने अपनी जुझारू पारी में 113 गेंद पर आठ चौकों और तीन छक्कों के साथ 95 रन बनाये, जबकि स्टोक्स ने 116 गेंद पर छह चौकों के साथ 33 रन की पारी खेली।

इंग्लैंड के आठ विकेट गिरने के बाद बेन फोक्स ने पारी को संभालकर मैच का रोमांच और बढ़ा दिया। उन्होंने 35 रन की महत्वपूर्ण पारी खेलकर जैक लीच (31 गेंद, एक रन) के साथ 36 रन की साझेदारी की। इंग्लैंड जब जीत से सिर्फ सात रन दूर था तब साउदी ने फोक्स का बहुमूल्य विकेट ले लिया। जेम्स एंडरसन ने चौका लगाकर इंग्लैंड को जीत के करीब पहुंचाया मगर न्यूजीलैंड के नायक वैगनर ने एंडरसन को विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के हाथों कैच आउट करवा कर मेजबान टीम को एक रन की यादगार जीत दिलाई।

न्यूजीलैंड ने इस जीत के साथ दो मैचों की टेस्ट शृंखला 1-1 से बराबर कर ली। उसे अब दो टेस्ट मैचों के लिये श्रीलंका की मेज़बानी करनी है।

## कास्प्रोविच ने ऑस्ट्रेलिया को तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरने की दी सलाह

मेलबर्न, 28 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज माइकल कास्प्रोविच ने भारत के खिलाफ बुधवार से यहां शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट मैच में अपनी टीम को तीन तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क, कैमरून ग्रीन और स्कॉट बोलैंड के साथ मैदान में उतरने की सलाह दी है।

कास्प्रोविच ने कहा कि तेज गेंदबाजी ऑस्ट्रेलिया की मजबूती है और टीम को अपने मजबूत पक्ष का समर्थन करना चाहिये।

ऑस्ट्रेलिया दिल्ली में तीन विशेषज्ञ स्पिनरों और कप्तान पैट कमिंस के रूप में सिर्फ एक तेज गेंदबाज के साथ दूसरे टेस्ट मैच में उतरा था लेकिन उसे छह विकेट की शिकस्त झेलनी पड़ी। भारतीय टीम चार मैचों की श्रृंखला में 2-0 से आगे है।

कास्प्रोविच ने अंतिम एकादश में बोलैंड को शामिल करने की वकालत करते हुए 'एसईएन रेडियो' से कहा, " इससे (तीन तेज गेंदबाज) मुझे कोई आपत्ति नहीं है। स्पिन से हम भारत को टक्कर नहीं दे सकते है।"

## भारत ने जीता महिला स्नूकर विश्व कप

बैंकॉक,28 फरवरी। इंडिया 'ए' ने महिला स्नूकर विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड 'ए' को 4-3 से मात देकर यह खिताब जीत लिया है।

भारतीय महिलाओं ने सोमवार को खेले गये खिताबी मैच में इंग्लैंड 'ए' को 56-26, 67 (51)-27, 41-61, 27-52, 68 (34)-11, 55-64, 78-39 से मात दी।

भारत की ओर से खेलने उतरीं अमी कमानी और अनुपमा रमाचंद्रन के इस टूर्नामेंट से पहले विश्व रैंकिंग में नहीं थीं, लेकिन उन्होंने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए 12 बार की विश्व चैंपियन रीएन इवान्स और मौजूदा विश्व नंबर चार रेबेका केना को फाइनल में मात दी।

कमानी ने खिताब जीतने के बाद विमेंस स्नूकर डॉट कॉम से कहा, यह आश्चर्यजनक लगता है क्योंकि मैंने 2011 में स्नूकर खेलना शुरू किया था और यह मेरा पहला विश्व खिताब है। यह जादू जैसा लगता है। मैंने जो भी मेहनत की है, आज उसका फल मिल गया है। यह सिर्फ शुरुआत है। मैं हर विश्व खिताब जीतना चाहती हूं। अभी के लिये मैं बहुत खुश क्योंकि मैंने अपने देश भारत को गौरवान्वित किया है।

अनुपमा ने कहा, मैं वास्तव में खुश हूं क्योंकि विश्व महिला स्नूकर के साथ यह मेरा पहला टूर्नामेंट है और पहले कुछ दिनों में मुझे टेबल से तालमेल बिठाने में वास्तव में मुश्किल हो रही थी। यह मेरे लिये बिल्कुल नये माहौल जैसा था लेकिन मैं चाहती थी टेबल पर मैं जो कर रही थी उसका आनंद लूं। मैंने जीतने या हारने के बारे में ज्यादा नहीं सोचा और शॉट दर शॉट मैच खेला, जिससे मुझे काफी मदद मिली। मेरे पास खुशी ज़ाहिर करने के लिये कोई शब्द नहीं हैं।

# मंच पर ना अशोक गहलोत को तवज्जो मिली, ना सचिन पायलट को नकारा गया

## रायपुर अधिवेशन के मंच से यह संदेश देकर आलाकमान ने राजस्थान में बैलैंस कायम रखा

- कांग्रेस शासित 3 प्रदेशों में से 2 के मुख्यमंत्रियों को वक्ता के रूप में मौका दिया गया, पर, गहलोत को नहीं।
- बताया जा रहा है कि, 25 दिसम्बर 2022 के घटनाक्रम को लेकर आलाकमान आज भी सहज नहीं हो पाया है।
- ऐसे में चुनाव से पहले संभावित बदलाव पर सभी की नजरें टिकी हैं।

जयपुर, 28 फरवरी (का.प्र.)। कांग्रेस के रायपुर अधिवेशन से पहले राजस्थान में फेरबदल को लेकर चर्चाएं बहुत तेज थी, कि अधिवेशन के बाद राजस्थान के मामले में कांग्रेस आलाकमान निर्णय लेगा। अब अधिवेशन की समाप्ति के बाद सभी की नज़रें इसी पर हैं कि राजस्थान कांग्रेस में क्या बदलाव देखने को मिल सकता है।

वैसे रायपुर अधिवेशन के दौरान राजस्थान के मामले को लेकर आलाकमान ने सावधानी बरतते हुए, ना तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को मंच पर बोलने का मौका दिया और ना ही सचिन पायलट को। वही मंच पर होने के बावजूद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी दर्शक की मुद्रा में ही रहे। हां राजस्थान से पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी अवश्य किसानों के मुद्दे पर बोले और यही राजस्थान का एकमात्र प्रतिनिधित्व रहा। दरअसल ऐसा करके राजस्थान के मसले पर पार्टी आलाकमान ने बैलेंस बनाने का प्रयास किया, ताकि किसी एक नेता के पक्ष में कोई संदेश नहीं जाए।

वैसे भी राजस्थान में 11 मार्च तक वर्तमान बजट सत्र समाप्त हो जाएगा और तब तक राजस्थान में बदलाव को लेकर जो भी फैसला लेना है, उस पर भी दिल्ली चर्चा कर चुकी होगी। उसके बाद राजस्थान में चुनावी अभियान शुरू हो जाएगा।

चर्चा थी कि रायपुर अधिवेशन में राजस्थान पर चर्चा होगी, लेकिन राष्ट्रीय अधिवेशन होने के कारण वहां किसी एक प्रदेश की चर्चा किया जाना संभव नहीं था। चर्चा सिर्फ इस बात की हुई कि जब कांग्रेस के तीन मुख्यमंत्रियों में से दो, मेजबान के नाते भूपेश बघेल और मेहमान के नाते सुखविंदर सिंह सुक्खू को मंच से बोलने का मौका दिया गया, लेकिन तीसरे मुख्यमंत्री राजस्थान के अशोक गहलोत को मंच पर होने के बावजूद बोलने का मौका नहीं दिया गया। यह इस बात का संकेत है कि पार्टी आलाकमान किसी एक पक्ष को आगे नहीं बढ़ाना चाहता है। जहां तक मंच पर मौजूदगी की बात है तो अशोक गहलोत मुख्यमंत्री होने और गोविंद सिंह डोटासरा प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते मंच पर मौजूद थे जब कि सचिन पायलट को मात्र साधारण विधायक होने के बावजूद भी मुख्य मंच पर स्थान दिया गया, यानी कि इस बात से आलाकमान ने स्पष्ट कर दिया कि फिलहाल राजस्थान को लेकर वह किसी एक नेता पर निर्भर नहीं रहना चाहता। वैसे नए बदलाव को लेकर बहुत कुछ उस वक्त भी स्पष्ट होगा जब कांग्रेस की नई कार्यसमिति में नेताओं के नाम तय कर लिए जाएंगे।

राजनीतिक जानकारों के अनुसार ऐसा करके कांग्रेस आलाकमान ने यह भी दिखाने का प्रयास किया किया है कि 25 सितंबर 2022 को जो घटनाक्रम जयपुर में हुआ, वह अभी भी आलाकमान की नज़रों में है। यही कारण रहा कि उस मामले में शामिल माने जा रहे तीन नेताओं शांति धारीवाल, महेश जोशी और धर्मेंद्र राठौर को ए.आई.सी.सी. का डैलिगेट नहीं बनाया गया।

जबकि ए.आई.सी.सी. डेलिगेट्स की राजस्थान की सूची में कई छुटभैये नेताओं को भी मौका दिया गया है। अब भले ही राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का खेमा यह बात प्रचारित करता रहे कि 25 सितंबर 2022 के घटनाक्रम के बावजूद उसके खेमे के किसी भी नेता को दंडित नहीं किया गया, लेकिन दूसरी और यह भी स्पष्ट है कि अभी तक तीनों नेताओं को माफी भी नहीं दी गई है और कार्यवाही पेंडिंग है। कहा यही जा रहा है कि इसी कारण से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अधिवेशन के मंच से बोलने का मौका नहीं दिया गया और ऐसा पहली बार हुआ है जब अशोक गहलोत पार्टी के किसी अधिवेशन में मंच पर होने के बावजूद वक्ताओं में शामिल नहीं थे।

इन तमाम चर्चाओं और घटनाक्रमों के बीच कहा जा रहा है कि राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र होते ही पार्टी आलाकमान दोनों खेमों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए अपना फार्मूला सामने लाएगा। उस फार्मूले के तहत सत्ता और संगठन में अंतिम समय में जो संभावित बदलाव हो सकते हैं, उस बारे में फैसला लिया जाएगा। यही कारण है कि पार्टी के 85 वें अधिवेशन में राजस्थान के नेताओं को बराबर तवज्जो दी गई है, ताकि किसी तरह की नई चर्चाएं जन्म ना लें सकें।

## 'जम्मू को...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पार्टी के मुख्य संरक्षक तथा स्व. भीम सिंह के सुपुत्र हैं, ने माँग की है कि वर्तमान जम्मू डिवीजन को भारत का 29वाँ राज्य बनाकर, उसका नाम डोगरास्तान रख दिया जाये।

एक बयान में वे कहते हैं कि भारतीय विरासत तथा इतिहास का सच्चे अर्थों में गुणगान करते समय भारत को डोगरस्तान की अस्मिता को पहचानना ही चाहिये। वे लिखते हैं कि भारतीय गणतंत्र के सभी नागरिकों को इस बात से अवगत होना चाहिये कि डोगरा समुदाय का इतिहास बड़ा लम्बा और सम्मोहक रहा है। उनके अनुसार, उनके पूर्वज राजा ध्यान सिंह डोगरा सिख साम्राज्य के सबसे लम्बे समय तक प्रधानमंत्री रहे थे। उनके परदादा के परदादा जनरल ज़ोरावर सिंह, जो "भारत के नेपोलियन" के रूप में प्रसिद्ध थे, भारत के सबसे यशस्वी मिलिटरी कमाण्डर थे। उन्होंने 19वीं शताब्दी में हिमालय क्षेत्र के बहुत ऊँचाई पर स्थित क्षेत्रों पर अपनी विजय-पताका फहराई थी, जिनमें लद्दाख एवं तिब्बत जैसे बौद्ध राज्य भी शामिल हैं। वे कहते हैं कि "सिकन्दर महान भी डोगराओं से ज्यादा महान नहीं था तथा स्थानीय इतिहासकारों के अनुसार, उसे 323 बी.सी. में चन्द्रभागा नदी के तट पर एक डोगरा के तीर ने ही रोक दिया था।"

अंकित ने जोर देते हुये कहा, "अब समय आ गया है कि जम्मू तथा कश्मीर को अलग-अलग कर दिया जाये, जिससे हम, भारत के लोग मंदिरों की भूमि, डोगरास्तान की सच्चे अर्थों में कद्र कर सकें तथा खासतौर से हमारी श्रद्धा की सबसे बड़ी केन्द्र वैष्णो देवी के प्रति सच्ची श्रद्धा व्यक्त कर सकें जिनका मंदिर पैन्थर्स पार्टी के गढ़ ऊधमपुर लोकसभा चुनाव क्षेत्र में स्थित है तथा जहाँ प्रतिवर्ष 1 करोड़ से ज्यादा हिन्दू तीर्थयात्री दर्शनार्थ आते हैं। जम्मू को डोगरस्तान नाम दिया जाना बहुत ही अच्छा अनुभव होगा तथा इससे सभी लोग आनंदित होंगे। ऐसा माना जाता है कि डोगरा सम्राट भगवान सूर्य के सूर्यवंशी कुल के थे तथा उन्होंने जम्मू में हजारों साल तक शासन किया था। ज्ञातव्य है कि भगवान राम भी सूर्यवंशी थे।"

# पाक ड्रोन को बी.एस.एफ. ने फायरिंग कर खदेड़ा

## अनूपगढ़ के पास बॉर्डर पर पाक ड्रोन से हेरोइन तस्करी का प्रयास किया गया था

अनूपगढ़, 28 फरवरी (कासं)। भारत-पाकिस्तान अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान ने एक बार फिर नापाक हरकत की है। पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन से हेरोइन की तस्करी करने के प्रयास का मामला सामने आया है। सीमा सुरक्षा बल की खमीसा पोस्ट और पृथ्वीसर पोस्ट के बीच ड्रोन की आवाज आने पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने ड्रोन पर फायरिंग की और खदेड़ दिया। घटना बीती रात लगभग तीन बजे की बताई जा रही है। मामला पुलिस थाना क्षेत्र समेजा कोठी को है इसलिए समेजा पुलिस को भी सूचना दी गई।

- प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीमा सुरक्षा बल की पोस्ट खमीसा और पृथ्वीसर के पिलर संख्या 355/2 एस और 355/3 एस पर रात को लगभग 3 बजे ड्रोन की आवाज आने पर जवानों ने ड्रोन को निशाना बनाते हुए 15 से 20 राउण्ड फायरिंग की।

पुलिस उपाधीक्षक जयदेव सिहाग ने बताया कि ग्राम पंचायत 21 एसजेएम के गांव खमीसा पर सीमा सुरक्षा बल की पोस्ट खमीसा और पृथ्वीसर के पिलर संख्या 355/2 एस और 355/3 एस पर रात लगभग 3 बजे ड्रोन की आवाज सुनाई दी। सीमा पर तैनात जवानों ने ड्रोन को निशाना बनाते हुए 15 से 20 राउंड फायरिंग की। घटना की सूचना सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों और पुलिस को दी गई।

सूचना पर सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों के साथ थानाधिकारी फूलचंद शर्मा पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में चर्चा कर पूरे जिले में नाकाबंदी करवाई। सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने हेरोइन की तस्करी की संभावना के चलते हेरोइन के पैकेट्स की तलाश और संदिग्ध व्यक्ति की धरपकड़ के लिए सर्च अभियान भी चलाया। अभी तक किसी भी प्रकार का मलबा या मादक पदार्थों के पैकेट्स नहीं मिले है। वहीं पूरे जिले के सीमावर्ती क्षेत्र समेजा कोठी, बांडा कॉलोनी, रायसिंहनगर, गजसिंहपुर, श्रीकरणपुर थाना क्षेत्र में भी नाके लगाकर वाहनों की जांच की जा रही है।

## पंजाब के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कानूनी राय लेने के बाद ही 3 मार्च को प्रस्तावित राजय के बजट सत्र की अनुमति दिए जाने के बारे में निर्णय लेंगे। मंत्रिपरिषद ने राज्यपाल से सिफारिश की थी कि 3 से 24 मार्च तक बजट सत्र आयोजित किया जाए। उसने एक पत्र भी लिखा था जिसमें राज्यपाल की मंजूरी मांगी गई थी। इस पत्र के जवाब में राज्यपाल पुरोहित ने इन ट्वीट्स और पत्र का भी हवाला दिया जो मुख्यमंत्री ने 13 और 14 फरवरी को लिखे थे। राज्यपाल ने कुछ शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए सिंगापुर भेजे जाने पर सवाल खड़े करते हुए गत 13 फरवरी को आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की आलोचना की थी। सरकार ने इस संबंध में कुछ सप्ताह पूर्व निर्णय लिया था। राज्यपाल का मानना है कि सिंगापुर ट्रेनिंग के चयन में पारदर्शिता नहीं बरती गई। राज्यपाल ने एक दागी व्यक्ति को पंजाब इन्फोटैक का चैयरमैन नियुक्त किए जाने पर भी सवाल खड़ा किया था कि उक्त व्यक्ति सम्पत्ति हड़पने और अपहरण के केसों में आरोपी है। राज्यपाल ने राज्य सरकार से कहा था कि वह प्राचार्यों को सिंगापुर भेजने की समूची चयन प्रक्रिया और मापदण्ड से उन्हें अवगत करवाए क्योंकि इसमें पारदर्शिता ना बरते जाने के आरोप हैं।

## 15 साल पुराने केस में लालू यादव व ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रूप से प्रसाद तथा उनके परिवार के सदस्यों को जमीनें औने-पौने दामों पर बेची थीं या उपहार में दी थीं। एफ.आई.आर. में आरोप लगाया गया था कि पटना में 1,05,292 वर्ग फीट जमीन पाँच सेल डीड्स तथा दो गिफ्ट डीड के जरिये प्रसाद के परिजनों ने अधिगृहीत कर ली थी तथा यह जमीन उन लोगों द्वारा दी गई थी, जिन्हें इंडियन रेलवेज कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आई.आर.सी.टी.सी.) में नौकरियाँ दी गई थीं। सी.बी.आई. ने अपनी चार्ज शीट में दावा किया है कि उसके पास प्रसाद तथा परिजनों को किये गये भुगतान के साक्ष्य हैं।

जहाँ प्रसाद के परिजन एक निडर मोर्चा (ब्रेव फ्रंट) प्रस्तुत करने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं ऐसी संभावना है कि सी.बी.आई. द्वारा इस केस को पुन: खोलने से आर.जे.डी. के खिलाफ "जंगल राज" के आरोप फिर से जोर-शोर से लगाये जायेंगे तथा प्रसाद और उनके परिजनों को इस केस से पूरी तरह बाँध दिये जाने की संभावना दिखाई दे रही है। प्रसाद का स्वास्थ्य लम्बे समय से खराब है तथा वे राजनीति से करीब-करीब सेवानिवृत्त होने की स्थिति में हैं। इसलिये यह भी संभव है कि इस 15 साल पुराने केस पर सी.बी.आई. द्वारा इतना ज्यादा जोर दिया जाना लालू प्रसाद के समर्थकों तथा मतदाताओं को "बदले की राजनीति" नज़र आये।

# 'सरकार बताए, आर.पी.एस.सी. का मूल पेपर कहां से लीक हुआ?'

## सी.एम. के सलाहकार संयम लोढ़ा ने पेपर लीक के मुद्दे पर सदन में गहलोत सरकार को घेरा

- संयम लोढ़ा ने कहा, "क्या आपने तय कर लिया है कि, नकल करने वाले ही सरकारी नौकरी में सलैक्ट होंगे।"
- संयम लोढ़ा ने भ्रष्टाचार का मुद्दा भी उठाया और पूछा "कुछ साल की नौकरी में दिव्या मित्तल ने 50 करोड़ का रिसॉर्ट कैसे बना लिया?।"
- संयम लोढ़ा ने कहा कि, संघ प्रमुख मोहन भागवत के उदयपुर दौरे के समय उनसे 20 लोग मिलने आए, जिसमें आदर्श घोटाले का मुख्य आरोपी भी था, इसकी जांच होनी चाहिए।

-विधानसभा संवाददाता-

जयपुर 28 फरवरी। मुख्यमंत्री के सलाहकार और सिरोही के निर्दलीय विधायक संयम लोढ़ा ने भर्ती परीक्षाओं के पेपरलीक मुद्दे पर सदन में गहलोत सरकार को घेरा। पुलिस और अनुदान की मांगों पर बहस के दौरान संयम लोढ़ा ने कहा, पेपर लीक गंभीर मामला है। सरकार कम से कम यह तो बताए कि आर.पी.एस.सी. का पेपर कहां से लीक हुआ? इसको गिरफ्तार कर लिया, उसको गिरफ्तार कर लिया, यह सब हमें समझ में आता है, लेकिन मूल पर्चा कहां से लीक हुआ, सरकार आज तक यह बताने की स्थिति में नहीं है। लोढ़ा ने कहा, हमारी भर्ती परीक्षाओं के हाल देखिए। अभी जोधपुर के एक कोचिंग सेंटर ने सब इंस्पेक्टर परीक्षा पास करने वाले कुछ कैंडिडेट्स के मॉक इंटरव्यू किए। ऐसी-ऐसी लड़कियां सब इंस्पेक्टर में सलेक्ट हुई हैं, जिन्हें यह नहीं पता कि राजस्थान में कितने जिले हैं? क्या आपने तय कर लिया है कि नकल करने वालों को ही भर्ती करोगे। जो पेपर लीक कोटे से पेपर पास कर ले, उनको पास कर देते हो।

संयम लोढा ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी सवाल उठाए। संयम लोढ़ा ने कहा, रिश्वत के मामले में पकड़ी गई एस.ओ.जी. की अफसर दिव्या मित्तल का केस कई सवाल खड़े करता है। जब वह अफसर आर.ए.सी. में थी तो लंबे समय गैरहाजिर रही। उस पर फैसला आर.ए.सी. के अफसर की जगह एस.ओ.जी. में क्यों हुआ? उसने चंद साल की नौकरी में 50 करोड़ का रिसॉर्ट कैसे बना लिया? संयम लोढ़ा ने कहा कि, क्रेडिट कॉपरेटिव सोसाइटीज की धोखाधड़ी के शिकार लोग आज भी अपने पैसों के लिए भटक रहे हैं। पिछले दिनों आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत जब उदयपुर दौरे पर थे तो आदर्श घोटाले के मुख्य आरोपी ने उनसे मुलाकात की थी। भागवत से मिलने वाले 20 लोगों में आदर्श घोटाले का मुख्य आरोपी भी था। अगर सरकार पूरी सच्चाई लोगों के सामने लाना चाहती है तो उदयपुर के प्रशासन से उनसे मिलने वालों का ब्यौरा लिया जा सकता है, जिससे लोगों को मालूम पड़ सके कि अरबों रु. लोगों को क्यों नहीं मिल रहा? क्यों एक नकारा किस्म के रिटायर्ड आईएएस को अहमदाबाद में लिक्विडेटर बना रखा है। इसे जब लोग टेलीफोन करते हैं तो कहते हैं कि मेरे पास स्टाफ नहीं है। उसे जानबूझकर इसलिए बैठा रखा है ताकि इसमें कोई कार्रवाई नहीं हो।

# भाजपा की निलम्बित पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी को दोहरी रात

## सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की एस.एल.पी. खारिज की और हाई कोर्ट ने सरकार के निलम्बन आदेश पर रोक लगाई

- ज्ञातव्य है कि, 7 फरवरी 2021 को मालपुरा पालिका अध्यक्ष पद पर निर्वाचित सोनिया सोनी को भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर राज्य सरकार ने निलम्बित कर दिया था।

मालपुरा (निस), फरवरी 2021 को निर्वाचित हुई भाजपा की मालपुरा नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी को सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट से दोहरी राहत मिली। ज्ञातव्य है कि सोनी को दो बार निलम्बित कर चुकी राज्य सरकार ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में एक एस.एल.पी. दायर की थी जिसे सुप्रीम कोर्ट ने पहली ही सुनवाई में खारिज कर दिया। इससे पहले हाईकोर्ट ने सोनिया सोनी को दोबारा निलम्बित किये जाने के आदेश पर रोक लगा दी, इस प्रकार सोनिया सोनी को दोहरी राहत मिली।

सोनिया सोनी के वकील लक्ष्मीकांत शर्मा मालपुरा ने बताया कि 7 फरवरी 2021 को भाजपा से मालपुरा पालिका अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुई सोनिया सोनी को राज्य सरकार ने 4 मई 2022 को भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए निलम्बित कर दिया था। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने 24 अगस्त 2022 को सोनिया सोनी की याचिका को मंजूर कर दिया, और राज्य सरकार के निलम्बर आदेश पर रोक लगा दी। फिर राज्य सरकार ने खण्डपीठ में एकल पीठ के आदेश को चुनौती दी। खण्डपीठ ने राज्य सरकार की अपील पर स्थगन दे दिया। पर 6 जनवरी 2023 को स्थगन आदेश इसके बाद हटा दिया गया। इस आदेश के विरूद्ध राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एस.एल.पी. दायर की। एस.एल.पी. दायर किये जाने के बाद मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस संजय किशन कौल व जस्टिस मनोज मिश्रा की खण्डपीठ में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद खण्डपीठ ने सरकार की एस.एल.पी. को खारिज कर दिया। वही राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर बैंच ने सोनिया सोनी को 7 अक्टूबर को दोबारा निलम्बित करने के सरकार के आदेश के विरूद्ध दायर की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने निलम्बन आदेश पर रोक लगा दी। प्रदेश में चल रही वकीलों की हड़ताल के कारण मंगलवार को सोनिया सोनी व उनके पति मनीष सोनी ने स्वंय अपना पक्ष रखा। करीब आधा घंटे तक सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने निलम्बन आदेश पर रोक लगा दी तथा तत्काल प्रभाव से कार्य ग्रहण करने के आदेश पारित किये। मंगलवार को दोनों ही न्यायालयों से सोनिया को मिली दोहरी राहत पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर मंगलवार के दिन को एतिहासिक बताया और कहा भाजपा के मालपुरा पालिका सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं।

## पाकिस्तान ने...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सुसाइड बॉम्बिंग और चुनिंदा लोगों की हत्याएं शामिल थीं।

वर्ष 2018 में पाकिस्तान को वर्ष 1998 के इन्टरनैशनल रिलीजस फ्रीडम एक्ट के तहत कंट्री ऑफ पर्टिकुलर कन्सर्न (सी.पी.सी.) के रूप में नामित किया गया। उसे वर्ष 2019, 2020 और 2021 में पुन: सी.पी.सी. माना गया। वर्ष 2018 में व फायनैशियल एक्शन तस्क फोर्स (एफ.ए.टी.एफ.) ने पाकिस्तान को एक ऐसे क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया ए.एम.एल./सी.एफ.टी. सिस्टम में प्रमुख कमियां हैं और उसने उसे ग्रे लिस्ट में डाल दिया। यह पड़ोसी देश वर्ष 2021 तक एफ.ए.टी.एफ. की ग्रे लिस्ट में रहा। वर्ष 2021 में पाकिस्तान के धार्मिक अल्पसंख्याओं को आतंकवादी गुटों की कठोर धमकियों था सामना करना पड़ा। आई.एस.आई.एस. के उग्रवादियों ने बलूचिस्तान के काछी जिले में स्थित कोपला खदानों में काम करने वाले शिया हाज़रा पंथ के 11 लोगों की हत्याओं की जिम्मेदारी ली। बलूचिस्तान के ही क्वेटा स्थित सिरीना होटल की पार्किंग में 21 अप्रैल को पांच जने एक वी.बी.आई.ई.डी. सुसाइड अटैक में मारे गए। जांच पड़ताल के ब्योरे के अनुसार हमले का निशाना स्थानीय और विदेशी अधिकारी थे। ब्यूरो ऑफ काउन्टरटैरेज़्मि की रिपोर्ट ऑन टैररिज़्म इन पाकिस्तान के अनुसार टी.टी.पी. ने उक्त हमले की जिम्मेदारी ली और यह भी दावा किया कि उसका निशाना पुलिस और कानून प्रवर्तन से जुड़े लोग थे।

इसके अलावा, 10 अक्टूबर 2021 को बलूचिस्तान में हुए एक बम विस्फोट में पाकिस्तान का एक प्रमुख पत्रकार मारा गया और 30 दिसम्बर 2021 को हमलावरों ने नॉर्थ वजीरिस्तान में सुरक्षा बलों के अधिकारियों पर घात लगाकर हमला किया। उसके बाद हुई आपसी फायरिंग में चार सुरक्षाकर्मी मारे गए थे।

रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान सरकार ने वर्ष 1997 के एंटीटैरेरिज़्म एक्ट द नैशनल काउन्टरटैरेरिज़्म ऑथोरिटी एक्ट, वर्ष 2014 के इन्वैस्टिगेशन फोर फेयर ट्रायल एक्ट और एंटीटैरेरिज़्म एक्ट में वर्ष 2014 और 2020 में किए गए अहम संशोधनों आदि का क्रियान्वयन जारी रखा। इन सभी कानूनों के कानून प्रवर्तन एजेन्सियों, अभियोजकों और कोर्टों को आतंकवादी केसों को लेकर अधिक शक्तियां प्रदान की।

रिपोर्ट के अनुसार सेना, अर्द्धसैनिक बलों और नागरिक सुरक्षा सेनाओं ने पूरे पाकिस्तान में आतंकवाद निरोधक अभियान चलाए। पाकिस्तानी कानून में आतंकवादी अपराधों के लिए जेल और मौत की सजा तक का प्रावधान है। वहां आतंकवादी केसों की अलग से सुनवाई के लिए विशेष अदालतों का गठन किया गया है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पाकिस्तान के कुछ मदरसों में चरमपंथी सिद्धान्त पढ़ाए जा रहे हैं। सरकार जहां प्रयास कर रही है, वहीं कुछ विश्लेषक और मदरसा सुधारकों का मानना है कि कई मदरसे सरकार में अपना पंजीकरण कराने, अपनी फण्डिंग के स्रोतों के दस्तावेज उपलब्ध करवाने और विदेशी छात्रों की स्वीकार्यता संबंधी कानूनों की अनुपालना में विफल रहे है।

## राजस्थान में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

यह याचिका किसी छाया रानी की ओर से एडवोकेट विशाल तिवारी व अभिगा कुशवाह ने दायर की है।

याचिकाकर्ता के अभिवक्ताओं ने शीर्ष अदालत को बताया कि राजस्थान स्टाफ सलैक्शन बोर्ड के नियमनों के अधीन परीक्षा का संचालन करने के लिए भरतपुर के संभागीय आयुक्त ने गत 24 फरवरी को एक आदेश जारी कर जयपुर, भरतपुर व अन्य कई जिलों में इंटरनैट सेवाएं निलम्बित कर दी थीं। याचिका में मांग की गई कि कश्मीर टाइम्स की संपादक अनुराधा भसीन के केस में दी गई व्यवस्था के अनुरूप संविधान के अनुच्छेद -21 में वर्णित मूलभूत अधिकारों की रक्षा की जाए, खासतौर पर जीवन स्वतंत्रता और गरिमापूर्ण जीवन जीने के अधिकार की। याचिका में कोर्ट से अनुरोध किया गया कि आशंका आधारित मनमाने और अधिकार रहित इंटरनैट शट डाउन्स को रोका जाए क्योंकि इससे जनता प्रभावित होती है, न्यायिक कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है और नागरिकों के मूलभूत अधिकारों का गंभीर उल्लंघन होता है।

याचिका में सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया गया कि अनुराधा भसीन के केस में उसके द्वारा दी गई गाइडलाइन्स की तुरन्त प्रभाव से पालना करवायी जाए।

## तेलंगाना के भाजपा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

का उल्लेख दस्तावेजों में हैं तथा एक शराब कंपनी में उनके 65 प्रतिशत शेयर हैं। कविता ने इन आरोपों का जोरदार खंडन किया है तथा इन्हें पूरी तरह बोगस एवं झूठे बताया है। लेकिन यह तो साफ है कि पार्टी के जनसम्पर्क अभियान में, भाजपा के प्रचार के सुर और तेवर के.सी.आर. तथा उनके परिवार पर भ्रष्टाचार को लेकर जबरदस्त हमले वाले रहेंगे।

ऐसी योजना बनाई जा रही है कि जन सम्पर्क अभियान बड़े पैमाने पर चलेगा तथा इस अभियान में "प्रजा घोष", "भाजपा भरोसा" तथा "प्रजा संग्राम यात्रा" जैसे कार्यक्रम शामिल होंगे तथा ऐसी आशा की जा रही है कि इन कार्यक्रमों के फलस्तरुप, मतदाताओं में राजनैतिक प्रतिक्रिया उत्पन्न होगी।

इस प्रकार के कार्यक्रमों से पार्टी को इस तेलुगु भाषी राज्य में अपनी जड़ें जमाने में मदद मिलेगी। भाजपा को आशा है कि वह अच्छे प्रदर्शन से कहीं ज्यादा असर पैदा करने में सफल होगी। तेलंगाना विधानसभा का कार्यकाल इस साल के अंतिम महीनो में पूरा हो रहा है तथा उसके बाद राज्य की 119 विधानसभा सीटों के लिये चुनाव होंगे।

कर्नाटक के अलावा, तेलंगाना एक ऐसा राज्य है, जहाँ भाजपा को चुनौती देने की स्थिति, बल्कि सत्ता में आने तक की संभावना दिखाई दे रही है।

एक बात तो पक्की हैं तथा एक भाजपा नेता ने ऐसा कहा भी है कि भाजपा नेता पूरे तेलंगाना में "माहौल बनाने" के लिये, बड़े पैमाने पर जबरदस्त रैलियां एवं सभाएं आयोजित करेगी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी दो-चार बार राज्य का दौरा करेंगे।

## मनीष सिसोदिया ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नहीं चाहते थे क्योंकि उन्होंने वरिष्ठ एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी से इस केस का उल्लेख किये जाते ही कह दिया था कि संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत, सीधे ही सर्वोच्च न्यायालय के दरवाजे पर दस्तक देने के बजाय, सिसोदिया के पास राहत पाने के और भी विकल्प हैं।

सी.जे.आई. तथा न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा की इस बैंच ने सिसोदिया को कोई भी राहत देने से इंकार कर दिया। बैंच सिंघवी के यह कहने से भी प्रभावित नहीं हुई कि सिसोदिया को जमानत न मिलने से दिल्ली सरकार का काम रूक जायेगा क्योंकि सिसोदिया के पास 18 मंत्रालयों का कार्यभार है।

जब सिंघवी ने इस मुद्दे पर दबाव डालते हुये कहा कि ऐसे अलग-अलग 32 उदाहरण हैं, जब सर्वोच्च न्यायालय ने इस प्रकार के केसों की सुनवाई की हैं तो सी.जे.आई. शिव सेना प्रकरण में संविधान पीठ की बैठक के बाद, गुरुवार को अपरान्ह 3.50 बजे इसकी सुनवाई के लिये सहमत हो गये।

सी.जे.आई. ने यह भी कहा कि अदालत ने पिछले सप्ताह पवन खेड़ा के केस में हस्तक्षेप किया था क्योंकि कई राज्यों में दर्ज की गईं एफ.आई.आर. को इकट्ठा कर लेने का अनुरोध किया गया था।

उन्होंने पूछा, "जब वे (सिसोदिया) सभी अवसरों पर उपस्थित हुये हैं तो आप उन्हें गिरफ्तार कैसे कर सकते हैं? फ्लाइट रिस्क कहाँ है?" सिंघवी ने कहा कि रिमान्ड इसी आधार पर ली गई है कि वे सहयोग नहीं कर रहे हैं। सिंघवी ने कहा कि क्या सहयोग का अर्थ यह है कि कोई व्यक्ति उस पर लगाये गये अभियोग के खिलाफ अपने स्वयं को दोषयुक्त बताने का अधिकार छोड़ दे।

# 'राजस्थान में पेपरलीक और इन्टरनैट बंद क्यों होता है?'

- कांग्रेस विधायक हरीश मीणा ने पेपर लीक और इन्टरनैट बंद करने पर सरकार से सवाल किया।
- उन्होंने कहा, यूक्रेन में युद्ध के बीच भी इन्टरनैट चालू है, लेकिन राजस्थान की हर परीक्षा में नैट बंद कर देते हो।
- हरीश मीणा ने कहा, आई.ए.एस.-आई.पी.एस. परीक्षा का पेपर कभी लीक नहीं होता, न केन्द्र सरकार नैट बंद करती है।
- उन्होंने कटाक्ष किया, "आर.पी.एस.सी. से पेपर लीक होते हैं या कहीं और से, कुछ पता तो लगाओ, नाकामी छुपाने के लिए इन्टरनैट बंद कर देते हो।"

-विधानसभा संवाददाता-

जयपुर, 28 फरवरी। राजस्थान में भर्ती परीक्षाओं के पेपरलीक और इंटरनैट बंद करने पर कांग्रेस विधायक हरीश मीणा ने सदन में अपनी ही सरकार को घेरा। उन्होंने सरकार से पूछा कि, आखिर राजस्थान में ही भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक क्यों होते हैं? सरकार आज तक मालूम नहीं लगा पाई कि आर.पी.एस.सी. से पेपर लीक होता है या फिर कहीं और से। सिर्फ नाकामी छुपाने के लिए इंटरनैट बंद कर देते हैं।

गृह व कारागार की अनुदान मांगों पर चर्चा करते हुए हरीश मीणा ने कहा कि राजस्थान में ही पेपरलीक और इंटरनैट बंद क्यों होता है? यूक्रेन में युद्ध के बीच नेट चालू है। हमारे यहां परीक्षा होते ही नैट बंद कर देते हैं।

हरीश मीणा ने कहा, कुछ चीजें राजस्थान में नई हो रही हैं, जैसे पेपरलीक। मैं भी राजस्थान का मूल निवासी हूं। मैंने भी पेपर दिए हैं। यू.पी.एस.सी. की परीक्षा पूरे देश में होती है। मैंने तो नहीं सुना कि आईएएस की परीक्षा का पेपर लीक हुआ हो। इंटरनैट बंद करने से कुछ नहीं होगा, कारणों पर जाइए। इसका मुख्य कारण यह है कि, हम लोग अपराधियों तक नहीं पहुंच रहे। यह राजस्थान का आंतरिक मामला है। राजस्थान में ही पेपर छपते हैं। राजस्थान के ही लोग एग्ज़ाम देते हैं। राजस्थान के ही लोग पेपरलीक करते हैं। आज तक पता नहीं लगा पाए कि पेपर लीक आर.पी.एस.सी. से होता है, या कहां से होता है, कुछ तो पता लगाइए।

हरीश मीणा ने कहा कि दुनिया भर में जितना इंटरनैट बंद होता है, उसका आधा भारत में होता है। उन्होने कहा, इंटरनैट बैन करने में राजस्थान, भारत में टॉप पर है। यह सर्वे आज ही छपा है। यह मेरे लिए गर्व की बात नहीं है, यह शर्म की बात है। चिंता की बात है। इस पर मंथन करना चाहिए। इसका समाधान निकालना चाहिए। हर चीज को डिफेंड करने से पार नहीं पड़ेगी।

हरीश मीणा ने कहा, हरियाणा में दो युवकों को जिंदा जला दिया। आज उनके गांव घाटमीका में उनके समाज के लोगों ने मीटिंग रखी और वहां इंटरनैट बंद कर दिया। बच्चों की परीक्षाएं चल रही हैं। व्यापारियों का व्यापार चल रहा है। आप नैट बंद कर रहे हो। सोमवार को जयपुर शहर के व्यापार मंडल ने मीटिंग की थी। उन्होंने प्रस्ताव पास किया कि, 2 दिन की नैटबंदी से करोड़ों का नुकसान हो गया। क्या तरीका है यह? थोड़ा सा तो ध्यान रखें। अपराध रोकना है या व्यापार रोकना है? कहीं दुनिया में यह नहीं होता कि आप बात-बात में इंटरनैट बंद कर दें। यूक्रेन में युद्ध चल रहा है, लेकिन वहां भी इंटरनैट चालू है। हमारे यहां परीक्षा होते ही इंटरनैट बंद, क्या साबित करना चाहते हो? जो भी यह कर रहे हो अच्छा नहीं है। इसका कोई और समाधान निकाले।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908